शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 42 | गुवाहाटी | मंगलवार, 5 सितंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ लमडिंग और फकीराग्राम में विरोध प्रदर्शन पेज 3
राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया पेज 4
माफिया नहीं, गरीबों के प्रति है सरकार की संवेदना : योगी पेज 5
सनातन नहीं, कांग्रेस सहित इंडियन अलायंस होगा नष्ट : दीया कुमारी पेज 8

## 22 हजार युवाओं को दो महीनों में नौकरी : सीएम



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने घोषणा की है कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत मौजूदा सरकार में सरकारी पदों पर एक लाख लोगों की भर्ती की योजना के तहत अगले दो महीने के भीतर 22 हजार पदों के विज्ञापन प्रकाशित किए जाएंगे। एक आधिकारिक समारोह में शर्मा ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत श्रेणी-3 और श्रेणी-4 पदों पर भर्ती के लिए आयोजित पिछली असम सीधी भर्ती परीक्षा (एडीआरई) के 514 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। शर्मा ने कहा कि बतौर मुख्यमंत्री उनके कार्यकाल के दौरान अभी तक कुल 87,402 सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि एक से दो महीने के भीतर अन्य 22 हजार पदों को भरने के लिए भर्ती के विज्ञापन प्रकाशित किए जाएंगे। इस कदम से भर्तियों की कुल संख्या पहले के वादे से कहीं अधिक हो जाएगी। भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान असम में एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। शर्मा ने कहा कि असम के बेरोजगार युवाओं को एक लाख नौकरियां देने के फैसले को राज्य मंत्रिमंडल ने 2021 में अपनी पहली बैठक में ही मंजूरी प्रदान कर दी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी की दूसरी और तीसरी लहर के कारण प्रक्रिया में देरी हुई। उन्होंने कहा, कोविड-19 के प्रसार में कमी के बाद भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई गई और राज्य में मौजूदा सरकार के दूसरे साल के कार्यकाल तक लगभग 86,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का काम पूरा किया गया।

## स्मॉल बेबी से अल्फा-एनएससीएन की पूर्वोत्तर को दहलाने की साजिश



**नई दिल्ली।** देश के उत्तर पूर्वी राज्यों में इस वक्त घटनाओं से कई राज्यों को दहलाने की सबसे बड़ी साजिश रची जा रही है। आतंकी संगठन अल्फा ने जहां भारत म्यांमार की सीमा के पास बांग्लादेश से मिली एक मिसाइल *स्मॉल बेबी मिसाइल* स्थापित किए जाने की पूरी तैयारी कर ली है। इस मिसाइल की जद में भारतीय सुरक्षा बलों के शिविर को रखा गया है। यही नहीं बीते कुछ दिनों से अशांत मणिपुर के कुछ इलाकों में इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर के साथ कई किलो जिलेटिन स्टिक और सिक्योरिटी फ्यूज भी इकट्ठे कर लिए हैं। इनका इस्तेमाल कर यह उपद्रवी समूचे मणिपुर में बिजली व्यवस्था को बंद करना चाह रहे हैं और दूरसंचार सुविधाओं को ध्वस्त करने की योजना बना रहे हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसी को मिले इनपुट के आधार पर नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड ने उग्रवादियों की भर्ती का अभियान शुरू कर दिया है। पिछले हफ्ते इनमें से कुछ की पासिंग आउट परेड भी हो चुकी है। मणिपुर में दो समुदायों के बीच हुए विवाद के बाद पूर्वोत्तर के अलग-अलग राज्यों में उग्रवादी संगठन अब माहौल खराब करने की तैयारी में लग गए हैं। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, इस पूरे विवाद के दौरान अल्फा ने भी अपने खतरनाक मंसूबों को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक अल्फा चीफ परेश बरुआ ने बांग्लादेश से एक स्मॉल बेबी नाम की मिसाइल ले ली है। इस मिसाइल की मारक क्षमता 10 किलोमीटर की बताई जा रही है। खुफिया सूत्रों की जानकारी के मुताबिक इस मिसाइल को म्यांमार के नामसा के रास्तों से छोटे-छोटे टुकड़ों में लाया गया है। उसके बाद इस मिसाइल को म्यांमार के कोनसा के दक्षिणी पश्चिमी इलाके में स्थित खम्मोल शहर में असेंबल किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इस मिसाइल को -शेष पृष्ठ दो पर

## उपचुनाव : त्रिपुरा की दो और बंगाल की एक विस के लिए मतदान आज



**अगरतला/कोलकाता।** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले त्रिपुरा की दो विधानसभा और पश्चिम बंगाल की एक विधानसभा उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इन तीनों सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान रविवार को समाप्त हो गया था।। वोटों की गिनती 8 सितंबर को की जाएगी। सभी पार्टियों ने अपनी-अपनी जीत के दावे किए हैं। इन उपचुनावों में हाल ही में बने विपक्षी गठबंधन *इंडिया* की परीक्षा होगी। त्रिपुरा में सिपाहीजाला जिले की धनपुर और बोक्सानगर सीटों पर उपचुनाव -शेष पृष्ठ दो पर

## अफस्पा क्या असम से पूरी तरह हटेगा!



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और गृहमंत्री अमित शाह ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर राज्य से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम को पूरी तरह से वापस लेने के रोडमैप पर चर्चा की है। सीएम शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार गृहमंत्री के सुझावों के आधार पर आगे कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया साइट एक्स (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) पर लिखा कि असम से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम को पूरी तरह से वापस लेने के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए मैंने आज माननीय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी से उनके आवास पर मुलाकात की। असम सरकार माननीय गृहमंत्री के सुझावों के आधार पर आगे कदम उठाएगी। विवादास्पद सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (एएफएसपीए) 1958 अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों को *सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव* के लिए आवश्यक समझे जाने पर तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और गोली चलाने जैसी बड़ी शक्तियां देता है। सशस्त्र बलों के संचालन -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## नड्डा से मिले डॉ शर्मा



**गुवाहाटी (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से आज असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने नई दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा अध्यक्ष को असम सरकार द्वारा जनकल्याणार्थ किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पार्टी अध्यक्ष को असम की मौजूदा राजनीतिक स्थिति के बारे में भी बताया। राज्य में भाजपा -शेष पृष्ठ दो पर

## राहुल का टेस्ट है सनातन धर्म का सम्मान : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी (हि.स.)।** राहुल गांधी के लिए यह टेस्ट है कि सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने वाले कार्तिक चिदंबरम की पार्टी डीएमके को राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के गठबंधन से निष्कासित करते हैं या नहीं। इससे उनकी मानसिकता का पता चलेगा कि वे सनातन धर्म का सम्मान करते हैं या नहीं। ये बातें आज मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कार्तिक चिदंबरम द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध दिए गए बयान के सिलसिले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने पूछा कि उनके बोलने पर कार्रवाई क्यों नहीं करती कांग्रेस? हिंदू विरोधी बयानों के लिए अपने गठबंधन सहयोगी डीएमके के खिलाफ कदम उठाने के बजाय, कांग्रेस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में छिप रही है। उन्होंने यह भी पूछा कि यदि इसी जगह इस्लाम, ईसाई या किसी अन्य धर्म के खिलाफ कोई टिप्पणी की गई होती, तो क्या कांग्रेस इस मुद्दे को इसी प्रकार टाल देती? मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को पता -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस के नेता शाम को मुझे देते हैं रिपोर्ट : हिमंत

**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सभी दैनिक गतिविधियों की जानकारी हर शाम मुख्यमंत्री को दी जाती है। केवल मीडिया इन लोगों को कांग्रेस के रूप में प्रचारित करती है, लेकिन वास्तव में वे नहीं हैं। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने लोग होने का दावा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता, जो असम में हैं, वे केवल मेरे लोग हैं और -शेष पृष्ठ दो पर

## स्लीप मोड से फिर जागेगा विक्रम लैंडर : इसरो



**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने घोषणा की कि विक्रम लैंडर को सोमवार सुबह लगभग 08 बजे (भारतीय मानक समय) स्लीप मोड में सेट कर दिया गया है। इसरो ने कहा कि पेलोड द्वारा एकत्र किया गया डेटा पृथ्वी पर प्राप्त होता है और पेलोड अब बंद हो गए हैं। इसरो को उम्मीद है कि विक्रम लैंडर और प्रज्ञान 22 सितंबर के आसपास फिर से जाग जाएंगे। इसरो ने एक्स पर पोस्ट किया। विक्रम लैंडर लगभग 08:00 बजे स्लीप मोड में सेट हो गया है। आईएसटी आज, इससे पहले, चाएसटीई, रंभा-एलपी और आईएलएसए पेलोड द्वारा इन-सीटू प्रयोग नए स्थान पर किए जाते हैं। एकत्र किया गया डेटा पृथ्वी पर प्राप्त होता है। पेलोड अब बंद कर -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## एडिटर्स गिल्ड के विरुद्ध मणिपुर सरकार का मुकदमा




**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और तीन सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इन सभी पर राज्य में और अधिक झड़प पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, जहां पिछले चार महीनों से जातीय संघर्ष के कारण स्थिति बेहद खराब है। एडिटर्स गिल्ड ने हाल ही में दावा किया था कि मणिपुर में जातीय हिंसा पर मीडिया की रिपोर्टें एकतरफा थीं। उन्होंने राज्य नेतृत्व पर पक्षपातपूर्ण होने का आरोप भी लगाया था। सीएम बीरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने एडिटर्स गिल्ड के उन सदस्यों के खिलाफ एफआईआर -शेष पृष्ठ दो पर

## रक्षा बंधन पर शगुन को लेकर ननदों ने की भाभी की पिटाई

**नई दिल्ली।** रक्षा बंधन उत्सव के दौरान 21,000 रुपए के शगुन के पैसे को लेकर दिल्ली में एक महिला के साथ उसकी ननदों ने मारपीट की। बाद में उन्हें एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया। रक्षा बंधन (30 अगस्त, 31) के अवसर पर दिल्ली में एक महिला को उसकी ननदों ने 21,000 रुपए शगुन के पैसे के लिए पीटा। घटना दिल्ली के मैदीन गढ़ी की है, जहां महिला के पति की बहनें त्योहार के लिए उसके घर आई थीं। विवरण के अनुसार, -शेष पृष्ठ दो पर

## बजाली : पूर्व एसपी सिद्धार्थ बुढ़ागोहाई गिरफ्तार




**गुवाहाटी।** असम के बजाली जिले में जबरन वसूली के एक मामले में सोमवार को एक आईपीएस अधिकारी और एक डीएसपी को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि मामले में अब तक कुल नौ लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इससे पहले, बुढ़ागोहाई को असम पुलिस की सीआईडी ने पूछताछ के लिए तलब किया था। गुवाहाटी में विभाग के मुख्यालय में अधिकारियों ने पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि बजाली पूर्व एसपी को पहले स्थानांतरित कर दिया गया -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*कार्य करने वाले के लिए उपाय सहायक होता है।*
– आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

## एक हजार से अधिक सुअर असम सरकार ने मार डाला

**गुवाहाटी।** असम के लखीमपुर में पशु चिकित्सकों के एक समूह ने अफ्रीकी स्वाइन बुखार को फैलने से रोकने के लिए 1000 से भी अधिक सुअरों को मार डाला। इस बात की जानकारी पशुपालन और स्वास्थ्य अधिकारी कुलधर सैकिया ने दी। उन्होंने कहा कि लखीमपुर जिले में अफ्रीकी स्वाइन बुखार को फैलने से रोकने के लिए 10 डॉक्टरों की टीम ने 1000 से भी अधिक सुअरों को बिजली के झटके देकर मार दिया। जिले में अफ्रीकी स्वाइन बुखार तेजी से फैल रहा है और यही कारण है कि सुअरों को बिजली के -शेष पृष्ठ दो पर

## जी-20 में भारत को फंसाने की सबसे बड़ी साजिश



**नई दिल्ली।** भारत में जी-20 सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं। दुनियाभर के तमाम बड़े नेता इसमें शामिल होंगे। लेकिन अब इसी जी-20 समिट में भारत को फंसाने की बड़ी तैयारी हो रही है। कुछ पश्चिमी देशों चीन और यूक्रेन ने ऐसे बयान दिए हैं जिसकी वजह से रूस भड़क गया है। रूस ने एक ऐसा कदम उठाने की बात कही है जिससे भारत को नुकसान होगा। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने धमकी दी है कि जी-20 बैठक के बाद आने वाले ज्वाइंट डेक्लेरेशन यानी संयुक्त घोषणापत्र में उसके विचारों को जगह नहीं दी गई तो रूस इस ज्वाइंट डेक्लेरेशन को ब्लॉक कर देगा। रूस ने ये भी कहा है कि ज्वाइंट डेक्लेरेशन में यूक्रेन के मुद्दे का जिक्र न हो। ये एक ऐसा विषय है जिस पर भारत का नियंत्रण नहीं है। भारत जी-20 के देशों को रूस का विरोध करने से तो रोक सकता है। लेकिन भारत इन देशों को यूक्रेन का मुद्दा उठाने से कैसे रोक पाएगा? रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि समूह 20 वार्ता मेजबान भारत के साथ संयुक्त घोषणा पत्र जारी नहीं करेगी बल्कि सारांश जारी करेगी। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि यदि जी-20 का घोषणापत्र यूक्रेन और अन्य संकटों पर मास्को की स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है, तो वह इसकी अंतिम घोषणा को रोक देगा। रूस ने इसके लिए भारत को छूट दी -शेष पृष्ठ दो पर

## एक देश, एक चुनाव को लेकर आरएसएस की शीर्ष बैठक 14 से



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय समन्वय समिति की बैठक इस वर्ष पुणे में आयोजित होने जा रही है। यह अखिल भारतीय स्तर की व्यापक समन्वय बैठक वर्ष में एक बार आयोजित होती है। 14 से 16 सितंबर तक चलने वाली यह महत्वपूर्ण बैठक ऐसे समय में आयोजित होने जा रही है जबकि देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव और संसद के विशेष सत्र को लेकर विशेष चर्चा हो रही है। इसी वर्ष पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी होने हैं। माना जा रहा है कि संघ के सभी शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में होने वाली इस बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि संगठन के सर्वोच्च पदाधिकारी सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी पांचों सह सरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। बैठक में 36 संघ प्रेरित विविध संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इसमें प्रमुख संगठन राष्ट्र सेविका समिति, वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय किसान संघ, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ, संस्कार भारती, सेवा भारती, संस्कृत -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc.
**ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01,
**Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# गुवाहाटी में होगा राष्ट्रीय मैराथन कैलेंडर का आयोजन, शाइनिंग असम की दिखेगी झलक

**गुवाहाटी।** भारत के पूर्वोत्तर प्रदेश असम विकास के नित नए इतिहास लिख रहा है। गुवाहाटी शहर राज्य में विकास, शांति और समृद्धि का जश्न मनाने के लिए, शहर एक महत्वपूर्ण मैराथन आयोजन की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जो देश के खेल मानचित्र पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। यह मैराथन शहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मैराथन कैलेंडर पर स्थापित करेगा। भारतीय सेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि मैराथन का उद्घाटन गुवाहाटी में तीन दिसंबर को भारतीय सेना, असम सरकार और कोल इंडिया लिमिटेड के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के भागीदारी को आकर्षित करने के लिए खेल आयोजन की परिकल्पना की गई है। इस आयोजन में *शाइनिंग असम* के सर्वोत्तम पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। कोल इंडिया लिमिटेड इस आयोजन का मुख्य प्रायोजक होगा और भारतीय सेना सहायक भागीदार होगी। इसमें 21.0975 किलोमीटर की हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर की हाफ मैराथन और पांच किलोमीटर की दौड़ शामिल की गई है। इसमें अनुभवी और सभी श्रेणियों के धावकों को शामिल करने और आकर्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मैराथन में अधिक से अधिक धावकों को आकर्षित करने के लिए आयोजकों ने दौड़ के लिए आयु और लिंग के आधार पर कई श्रेणियां बनाई हैं और विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। सोमवार को इसके लिए गुवाहाटी में एक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में असम की कैबिनेट मंत्री नंदिता गरलोसा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) गजराज कोर, लेफ्टिनेंट जनरल मनीष एरी और संबंधित विभागों के कई उच्च रैंकिंग अधिकारी शामिल हुए। आयोजन की औपचारिक घोषणा जल्द की जाएगी। इसके साथ ही मार्ग, पुरस्कार राशि और रेस लोगो जारी की जाएगी। बयान में कहा गया है कि इसके लिए कि एक वेबसाइट तैयार की जा रही है और ऑनलाइन पंजीकरण 20 सितंबर के आसपास शुरू होने की संभावना है।



## लमडिंग में भाई के हाथों बहन की मौत, मां भी घायल

**होजाई (हिंस)।** लमडिंग में एक चौंकाने वाली घटना घटी है। एक भाई ने अपनी छोटी बहन की हत्या कर दी। यह घटना दक्षिण लमडिंग पंचायत के अंतर्गत बलोनाला इलाके में हुई। धारधार हथियार के हमले में हुई मृतक बहन का नाम सीता दास और हत्यारे भाई का नाम नारायण दास है। उधर, मां कल्पना दास गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल मां को गंभीर हालत में डिफू सिविल अस्पताल रेफर किया गया है। इसी बीच लमडिंग पुलिस, होजाई जिले के पुलिस उपाधीक्षक के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी नारायण दास को हिरासत में ले लिया। नारायण दास ने हत्या करने के बाद मौके से भागने की कोशिश की। बाद में ग्रामीणों ने आरोपी को पक ?कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि संपत्ति और पारिवारिक विवाद के चलते हत्या की गई है। अपनी मां पर हमला करने वाले नारायण दास को रोकने के लिए बीच में आई बहन की उसने गला रेतकर हत्या कर दी। लमडिंग की इस निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

## सड़क हादसे में दो छात्र नेताओं की मौत

**गोलाघाट (हिंस)।** गोलाघाट में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में ताई अहोम छात्र संघ के दो नेताओं की मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतकों की पहचान दीपलू गोगोई और कौशिक गोगोई के रूप में हुई है। यह दुर्घटना नामकर अभयारण्य में हुई। गौरतलब है कि दोनों रविवार रात से ही लापता थे। पुलिस की मदद से परिवार के लोगों ने दोनों को खोज निकाला। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, दो छात्र नेताओं की मौत बाइक दुर्घटना में हुई है।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी के वशिष्ठ थाना क्षेत्र के जोराबाद पुलिस आउटपोस्ट की टीम ने वाहन चोरी मामले में दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार को आउटपोस्ट क्षेत्र के हस्तिनापुर इलाके में एक व्यापारिक प्रतिष्ठान के सामने से ऑटो वेन (एएस-01केसी-9297) को दो चोर चुरा कर फरार हो गए थे। शिकायत मिलने के बाद जोराबाट पुलिस की टीम ने अभियान चलाते हुए सोमवार तड़के सुबह सोनापुर थाना क्षेत्र के सरुतरी इलाके से चोरी के वाहन समेत दो चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वाहन चोरों की पहचान प्रदीप गोस्वामी और वासुदेव मुंडा के रूप में की गई है। दोनों चोर चोराए गए वाहन को सुनसान जगह में छिपा कर रखे हुए थे। पुलिस इस संबंध में दर्ज प्राथमिक की के आधार पर गिरफ्तार दोनों चोरों से सघन पूछताछ कर रही है।

# एक देश-एक चुनाव, संविधान संशोधन के बिना असंभव : कांग्रेस

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन संविधान संशोधन के बिना संभव नहीं है। मोदी सरकार लगातार संविधान को कमजोर करने की साजिश रचती चली जा रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ही पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने भी साफ कहा है कि यह संघीय ढांचे पर आक्रमण है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन बिना संविधान संशोधन के संभव नहीं है। इसके लिए आम सहमति की जरूरत होती। केंद्र सरकार ने चर्चा के लिए जो समिति बनाई है उसपर इसे पास करने का दबाव है। रमेश ने कहा कि सरकार ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए अभी सिर्फ एक समिति का गठन किया है। कांग्रेस का साफ कहना है कि यह सरकार संघीय ढांचे पर बार-बार हमला कर रही है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने *वन नेशन, वन इलेक्शन* पर चर्चा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित की गई है। समिति में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और सतर्कता आयोग के पूर्व अध्यक्ष संजय कोठारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। हालांकि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने समिति में शामिल होने से इंकार कर दिया है।

## लोडिंग-अनलोडिंग से जोराबट में फैल रहा वायु प्रदूषण

**गुवाहाटी (हिंस)।** जोराबाट के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 6 के किनारे ट्रक में फ्लाएश लोडिंग अनलोडिंग की वजह से इलाके में हो रहे वायु प्रदूषण से लोग काफी परेशान है। जीजीआई वेट ब्रिज के सामने नियमों को ताक पर रखकर ट्रकों में अवैध तरीके से फ्लाएश की लोडिंग अनलोडिंग दिन-रात की जा रही है। जिसकी वजह से इलाके में वायु प्रदूषण काफी बढ़ गया है। वहीं पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा इस संबंध में किसी भी प्रकार का कदम नहीं उठाए जाने की वजह से स्थानीय लोग काफी नाराज हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की गाड़ियां इलाके में दिखाई तो देती हैं लेकिन प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किसी प्रकार का ठोस कदम नहीं उठाया जाता है।

# पाकिस्तान में महिला की पत्थर मार-मार कर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कथित तौर पर व्यभिचार में संलिप्त रहने के आरोप में एक महिला की पत्थर मार-मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को लाहौर से करीब 500 किलोमीटर दूर पंजाब के राजनपुर जिले में हुई। उन्होंने बताया कि महिला के पति ने उस पर व्यभिचार का आरोप लगाया है। महिला की उम्र 20 साल के आस पास है। शुक्रवार को उसके पति ने अपने दो भाइयों के साथ मिलकर महिला को एक पेड़ से बांध दिया और पत्थर मार-मार कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पत्थर मारने से पहले उन लोगों ने उसे बेरहमी से प्रताड़ित भी किया। पुलिस ने बताया कि अपराध को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई मौके से भाग गए और माना जाता है कि वे पंजाब और बलूचिस्तान के बीच सीमा क्षेत्र में कहीं छिपे हुए हैं। महिला राजनपुर की अलकानी जनजाति से थी। पाकिस्तान में हर साल झूठी शान के नाम पर कई महिलाओं की हत्या कर दी जाती है । मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, पाकिस्तान में हर साल सम्मान के नाम पर लगभग 1,000 महिलाओं की हत्या कर दी जाती है। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि पीड़ितों ने अपनी इच्छा के विरुद्ध विवाह करके या संबंध बनाकर अपने परिवार को शर्मसार और बदनाम किया है।



# पृष्ठ एक का शेष

## स्मॉल बेबी से अल्फा-एनएससीएन ...

म्यांमार के लगते भारतीय सीमा वाले बॉर्डर इलाकों में सुरक्षा बलों के शिविरों को निशाने पर रखने की साजिश रची जा रही है। खुफिया सूत्रों को मिली जानकारी के मुताबिक अल्फा और एनएससीएन ने उत्तर पूर्वी राज्यों को दहलाने के लिए म्यांमार के नामसा से लेकर खाम्मोल इलाके तक में उग्रवादियों की पूरी टुकड़ी को इकट्ठा किया है। अल्फा के प्रदीप गोगोई और अल्फा चीफ परेश बरुआ ने मिसाइल स्थापित करने का बाकायदा मॉमकोनो कैंप में एक प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया था। इस शिविर में न सिर्फ मिसाइल को चलाने बल्कि बम समेत अन्य विस्फोटक सामग्रियों के माध्यम से हमले किए जाने की पूरी रणनीति का खाका भी तैयार किया। खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक मणिपुर मामले के बाद अल्फा से लेकर नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (एनएससीएन) समेत पूर्वोत्तर के कई आतंकी संगठन एकजुट होकर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में माहौल खराब करने की लगातार साजिश से करते आए हैं। खुफिया एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक म्यांमार बॉर्डर के माध्यम से पूर्वोत्तर के अलग-अलग राज्यों में अल्फा और एनएससीएन जैसे उग्रवादी संगठनों द्वारा कैडरों की भर्ती का अभियान चलाया जा रहा है। बीते 21 अगस्त को एनएसएन की दीमापुर के खेहोई कैंप में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया था। पासिंग आउट परेड में महिला कैटरिंग समेत 15 एक्स कैडर शामिल थे। इसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक 23 अगस्त को मणिपुर के उग्रवादियों ने उखरुल जिले के तांगखुल इलाके में 10 किलो से ज्यादा जिलेटिन की स्टिक को इकट्ठा किया है। इसके अलावा इसी इलाके में इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर के साथ-साथ सुरक्षा फ्यूज को भी भारी मात्रा में इकट्ठा करना शुरू कर दिया है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक मणिपुर के इलाके में इकट्ठा किए जाने वाले इन विस्फोटक पदार्थ के माध्यम से बड़ी घटना को अंजाम दिए जाने की तैयारी चल रही है। हालांकि इस खुफिया इनपुट को स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसी और समेत गृह मंत्रालय से भी साझा किया जा चुका है।

## उपचुनाव : त्रिपुरा की ...

हो रहा है। यहां मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआईएम) और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है, क्योंकि टिपरा मोथा चुनाव नहीं लड़ने का एलान कर चुकी है। त्रिपुरा के बोक्सानगर विधानसभा सीट माकपा विधायक समसुल हक के निधन के बाद से खाली हो गया था जबकि धनपुर विधानसभा सीट केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक के विधायक पद से इस्तीफा देने के कारण रिक्त हुआ है। कांग्रेस ने भी त्रिपुरा के उपचुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारने का एलान किया था। वहीं, धनपुर सीट पर माकपा नीत वाम मोर्चे से कौशिक चंदा और बोक्सानगर विधानसभा सीट से मिजान हुसैन मैदान में हैं। इनके मुकाबले के लिए भाजपा ने बोक्सानगर से तफज्जुल हुसैन और धनपुर से बिंदु देबनाथ को मैदान में उतारा है। वहीं, पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी सीट पर सभी पार्टियों ने ताकत झोंक दी है। इस सीट पर भाजपा, तृणमूल और कांग्रेस-माकपा के लिए यह अहम लड़ाई होगी। इस बार इस सीट पर कुछ समय पहले ही बनी इंडिया की परीक्षा होगी। 1977 से 2011 तक वामपंथ का गढ़ रहा है। 2021 में भाजपा और तृणमूल में कांटे की टक्कर में भाजपा ने इस सीट पर जीत हासिल की थी। अब सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इसे छीनने के लिए बेकरार है। माकपा ने यहां से ईश्वर चंद्र राय को मैदान में उतारा है। वहीं तृणमूल कांग्रेस ने निर्मल चंद्र राय पर दांव लगाया है। भाजपा ने यहां से शहीद की पत्नी तापसी राय को मैदान में उतारा है। यह सीट भाजपा के बिष्णुपद राय के निधन से खाली हुई है। इस बीच, पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दो दिन पहले तृणमूल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, पार्टी की पूर्व विधायक मिताली राय भाजपा में शामिल हो गई हैं। उन्होंने 2016 में तृणमूल के टिकट पर पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले की सीट जीती लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के बिष्णु पद रॉय से हार गईं।

## अफस्पा क्या असम...

को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है। सशस्त्र बलों को दी गई इन शक्तियों के कारण, कई संगठनों ने इस अधिनियम को *कठोर* करार दिया है और इसे रद्द करने की मांग कर रहे हैं। पूरे असम में अशांत क्षेत्र अधिसूचना 1990 लागू है और इसे केंद्र सरकार और अब राज्य सरकार द्वारा लंबी अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है। 1 अप्रैल 2022 को, अफस्पा के तहत लगाया गया अशांत क्षेत्र टैग, नौ जिलों को छोड़कर असम के सभी जिलों और जिलों के उपविभागों से हटा दिया गया था। तब से, यह उत्तर-पूर्वी राज्य के केवल आठ जिलों तक ही सीमित है। अफस्पा अब असम के तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराइदेव, शिवसागर, जोरहाट, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग और दिमा हसाओ जिलों में लागू है। पिछले महीने गुवाहाटी में 77वें स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि उनकी सरकार इस साल के अंत तक पूरे राज्य से एएफएसपीए हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

## नड्डा से मिले ...

द्वारा किए जा रहे संगठन के कार्यों की भी मुख्यमंत्री ने जानकारी दी। साथ ही पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में अगले कुछ महीनों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को लेकर भी इस दौरान चर्चा हुई। मुलाकात के बाद ट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई दिल्ली में उन्होंने पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की। इस दौरान उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। मुझे (मुख्यमंत्री को) इस दौरान उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और राज्य सरकार के उपक्रम के बारे में जानकारी देने का अवसर मिला।

## राहुल का टेस्ट है ...

तो पहले से ही है कि कांग्रेस पार्टी सनातन और हिंदू धर्म विरोधी है। लेकिन, यदि राहुल गांधी इस प्रकार कार्रवाई नहीं करते हैं तो लोगों को यह पूरी तरह विश्वास हो जाएगा कि वे सनातन और हिंदू विरोधी हैं। उधर तमिलनाडु मुख्यमंत्री के बेटे और राज्य मंत्री उदयनिधि अपने सनातन धर्म वाले बयान के बाद से वह विवादों में घिरे हुए हैं। भाजपा और हिंदूवादी संगठनों ने उदयनिधि पर जमकर हमला बोला है। उनके बयान को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कटाक्ष किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए उदयनिधि पर प्रहार किया है। डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की *सनातन धर्म* टिप्पणी पर, असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने पोस्ट किया कि अगर उक्त नेता ने इस्लाम या ईसाई धर्म या किसी अन्य धर्म को खत्म करने पर कोई टिप्पणी की होती, तो क्या कांग्रेस इस मुद्दे को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहकर टाल देती भाषण ? अब यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस सनातन धर्म का विनाश करने वाली एक प्रमुख साजिशकर्ता है। हिंदू विरोधी बयानों के लिए अपने गठबंधन सहयोगियों के खिलाफ कदम उठाने के बजाय, कांग्रेस *अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता* की आड़ में छिप रही है।यदि इसी जगह इस्लाम, ईसाई या किसी अन्य धर्म के खिलाफ कोई टिप्पणी की गई होती, तो क्या कांग्रेस इस मुद्दे को इसी प्रकार टाल देती ? इससे एक दिन पहले 3 सितंबर को भी सीएम शर्मा ने मीडिया के सामने उदयनिधि स्टालिन पर हमला किया था। इसका एक वीडियो सीएम ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर शेयर किया है। द्रमुक की युवा इकाई के सचिव और तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म पर प्रहार करते हुए कहा था कि कुछ चीजों का विरोध नहीं करना चाहिए, बल्कि उनका उन्मूलन करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि कोरोना वायरस, मलेरिया, और डेंगू जैसी बीमारियों का विरोध नहीं किया जाता है, बल्कि उन्हें जड़ से खत्म किया जाता है। वैसे ही सनातन धर्म का विरोध नहीं करना चाहिए, बल्कि उसे जड़ से खत्म करना चाहिए।

## कांग्रेस के नेता...

चिंता की कोई बात नहीं है। वे जहां भी दिन में जाते हैं, जो करते हैं, शाम को मुझे रिपोर्ट करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने दावा किया कि यह केवल मीडिया है, जो इन लोगों को कांग्रेस के रूप में प्रचारित कर रहा है, लेकिन वास्तव में वे नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उन्हें बी-टीम के रूप में टैग करना गलत होगा, लेकिन वे हमारे अपने भाई हैं। क्योंकि मैं (मुख्यमंत्री) राज्य में किसी भी कांग्रेसी को नहीं देख सकता। डॉ शर्मा ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस विधायक भाजपा संचालित राज्य सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग कहते हैं कि यह सरकार मुसलमानों के खिलाफ है, लेकिन इतना बड़ा परिसीमन हुआ, जिसका किसी भी मुस्लिम क्षेत्र में विरोध नहीं हुआ। वे (मुस्लिम समुदाय) भले ही हमें वोट न दें, लेकिन फिर भी इस सरकार के अच्छे काम को स्वीकार करते हैं।

## एडिटर्स गिल्ड के ...

दर्ज की है, जो मणिपुर राज्य में और अधिक झड़प पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम एन बीरेन सिंह ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों को चेतावनी देते हुए कहा कि मैं एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों को भी चेतावनी देता हूं, अगर आप कुछ करना चाह रहे हैं, तो मौके पर जाएं, जमीनी हकीकत देखें, सभी समुदायों के प्रतिनिधियों से मिलें और फिर जो मिलें, सिर्फ उसे प्रकाशित करें। उन्होंने कहा कि केवल कुछ वर्गों से मिलकर और किसी निष्कर्ष पर पहुंचना, उसे सबके सामने रखना बेहद निंदनीय है। राज्य सरकार ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जो मणिपुर राज्य में और अधिक झड़प पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, उनमें एडिटर्स गिल्ड की अध्यक्ष सीमा मुस्तफा और तीन सदस्य - सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर का नाम शामिल है। दरअसल, गुहा, भूषण और कपूर ने जातीय हिंसा की मीडिया रिपोर्टों का अध्ययन करने के लिए पिछले महीने राज्य का दौरा किया था। 3 मई को शुरू हुई हिंसा के बाद से अब तक 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग अब तक घायल हो चुके हैं। मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में *आदिवासी एकजुटता मार्च* आयोजित किए जाने के बाद से यह हिंसा भड़की है। गौरतलब है कि मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, आदिवासी, जिनमें नगा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

## रक्षा बंधन पर शगुन ...

महिला ने अपने भाई (महिला के पति) से 21,000 रुपए की मांग करने के बाद अपनी भाभियों के साथ बहस की। यह बहस झगड़े में बदल गई और पैसे न मिलने पर महिला की भाभियों ने उसकी पिटाई कर दी। कथित तौर पर, जब पीड़िता ने घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने का प्रयास किया तो उसकी महिला रिश्तेदारों ने उसके साथ और अधिक मारपीट की। बाद में उन्हें इलाज के लिए एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया था। घटना पर टिप्पणी करते हुए पुलिस ने कहा कि महिला एक नर्स के रूप में काम करती है और उसकी भाभियों ने उसके साथ मारपीट की है। इस वर्ष रक्षा बंधन 30 और 31 अगस्त को मनाया गया। रक्षा बंधन के दौरान शगुन राशि, भाई द्वारा अपनी बहन को दिया जाने वाला धन का उपहार है।

## बजाली : पूर्व एसपी ...

था और उनकी सेवाएं गुवाहाटी में असम पुलिस मुख्यालय से जोड़ दी थी। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने एक सितंबर को सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा था कि अगस्त के पहले सप्ताह में बजाली जिले के कुछ कर्मियों के पैसे की मांग करने की शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि बजाली के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) को मामले की जांच कर रहे आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार कर लिया। रविवार रात उनके आवास की तलाशी ली गई थी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले सप्ताह सीआईडी में दर्ज की गई मूल प्राथमिकी में डीएसपी का नाम शामिल था। इस मामले में बजाली डीएसपी पुस्कल गोगोई, सहायक एसपी गायत्री सोनोवाल और उनके पति बॉबी सिंह शर्मा को भी सीआईडी गिरफ्तार कर चुकी है। इससे पहले 1 सितंबर को, असम पुलिस की सीआईडी ने रिश्वतखोरी के आरोप के बाद बजाली पुलिस के पांच अधिकारियों और दो ड्राइवरों सहित सात लोगों को हिरासत में लिया था। वहीं, असम के मोरीगांव जिले में सोमवार को एक तालाब में नहाते समय तीन लड़के डूब गये। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पांच लड़के दोपहर के समय डंडुआ गांव के दिघलीपाथर इलाके में नहाने के लिए तालाब में गए थे। इनमें से तीन डूब गए, जबकि चौथे को एसडीआरएफ ने बचा लिया। पांचवां लड़का खुद ही पानी से बाहर आने में कामयाब रहा। उन्होने यह भी बताया कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) को बुलाया गया और उन्होंने तीन शव बरामद किए हैं। पीड़ितों की पहचान रंजीत मेधी, पल्लव डेका और द्विपज्योति बोरा के रूप में की गई है। वे भुरबंधा ओगुरी गांव के निवासी थे।

## स्लीप मोड से ...

दिए गए हैं। लैंडर रिसीवर चालू रखे गए हैं। सौर ऊर्जा खत्म हो जाने और बैटरी खत्म हो जाने पर विक्रम, प्रज्ञान के बगल में सो जाएगा। 22 सितंबर, 2023 के आसपास उनके जागने की उम्मीद है। विक्रम लैंडर सतह के तापीय गुणों को मापने के लिए चंद्रा के सतह थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट, लैंडिंग स्थल के आसपास भूकंपीयता को मापने के लिए चंद्र भूकंपीय गतिविधि के लिए उपकरण (आईएलएसए), चंद्रमा से बंधे हाइपरसेंसिटिव आयनोस्फीयर और वायुमंडल के रेडियो एनाटॉमी को ले जा रहा था। 23 अगस्त को, भारत ने एक बड़ी छलांग लगाई जब चंद्रयान -3 लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरा, जिससे यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाला पहला देश बन गया और क्रैश लैंडिंग पर निराशा समाप्त हो गई। कुल मिलाकर, भारत अमेरिका, चीन और रूस के बाद चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने वाला चौथा देश बन गया। चांद पर उतरने के बाद, विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर ने चंद्र सतह पर अलग-अलग निर्धारित कार्य किए, जिसमें सल्फर की उपस्थिति का पता लगाना और सापेक्ष तापमान रिकॉर्ड करना शामिल था। उतरने पर, लैंडर और रोवर को एक चंद्र दिवस तक काम करना था। चंद्रमा पर एक दिन पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर होता है।

## एक हजार से अधिक ...

झटके देकर मारा जा रहा है। सरकार ने उत्तर-पूर्वी राज्यों में बुखार को फैलने से रोकने के लिए 27 उपकेंद्रों से लगभग 1378 सुअरों को मार डाला। इसी साल के शुरुआत में असम सरकार ने एवियन इंफ्लूएंजा और अफ्रीकी स्वाइन फ्लू को रोकने के लिए राज्य में मुर्गी और सुअर की एंट्री पर बैन लगा दिया था। असम के पशु चिकित्सा और पशुपालन मंत्री अतुल बोरा ने कहा कि उत्तर-पूर्वी राज्यों में मुर्गी और सुअर से होने वाले एवियन इंफ्लूएंजा और अफ्रीकी स्वाइन बुखार को फैलने से रोकने के लिए कदम उठा लिया गया है। देश के कई राज्यों में एवियन इंफ्लूएंजा और अफ्रीकी स्वाइन बुखार के फैलने के बाद असम सरकार ने राज्य में मुर्गी और सुअरों के एंट्री पर बैन लगा दिया था। मध्य प्रदेश के दमोह जिले में जनवरी में अफ्रीकी स्वाइन फ्लू को फैलने से रोकने के लिए प्रशासन ने 700 सुअरों को मार डाला था। अफ्रीकी स्वाइन बुखार एस्फरविरिडे परिवार का एक डबल स्टैंडर्ड डीएनए वायरस है। यह घरेलू और जंगली दोनों सूअरों को प्रभावित करता है। जहां स्वाइन फ्लू जानवरों से मनुष्यों में फैल सकता है वहीं, अफ्रीकन स्वाइन फीवर सूअरों से मनुष्यों में नहीं फैल सकता है।

## जी-20 में भारत ...

है कि वह अध्यक्ष और उसका भरोसेमंद पार्टनर होने के नाते सामान्य विज्ञपत्ति जारी कर सकता है। पिछले साल इंडोनेशिया में जी-20 की बैठक में यूक्रेन युद्ध की जमकर चर्चा हुई। इंडोनेशिया जी-20 के डेक्लेरेशन में सभी देशों ने रूस को जमकर कोसा। लेकिन इसके बावजूद रूस ने इंडोनेशिया के ज्वाइंट डेक्लेरेशन को ब्लॉक नहीं किया। हालांकि रूस ने इस पर आपत्ति जरूर जताई थी। फिर रूस इस बार भारत में जी-20 ज्वाइंट डेक्लेरेशन को ब्लॉक करने की बात क्यों कर रहा है। कुछ जानकारों का मानना है कि रूस को यूक्रेन के बयान ने उकसाया है। यूक्रेन ने कुछ दिन पहले दावा किया था कि भारत ने उससे वादा किया है कि वो ज्वाइंट डेक्लेरेशन में यूक्रेन के पक्ष को रखेगा।

## एक देश, एक ...

भारती, अखिल भारतीय साहित्य परिषद शामिल हैं। ये संगठन और इनसे जुड़े पदाधिकारी समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में सेवा, समर्पण और राष्ट्र भाव से सक्रिय रहते हैं। पिछले वर्ष ये बैठक छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित हुई थी। संघ नेता के अनुसार, इस बैठक में सहभाग करने वाले सभी संगठन, सामाजिक जीवन के विविध पक्षों के अपने अनुभव और कार्यों के सन्दर्भ में विस्तृत चर्चा करते हैं। बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य के साथ ही सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सेवा कार्य, सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। सामाजिक परिवर्तन के विभिन्न क्षेत्रों में करणीय कार्यों पर भी चर्चा होगी।

## स्वर्वेद भाष्य




**पंचम मंडल** **तृतीय अध्याय अध्याय**

**अथर्ववेद कांड-10, सूक्त-7 स्कम्भ का स्वरूप विषयक प्रश्नों के उत्तर**

(13)

**जाहि अंग स्थिर रहें, तैंतिस गण सब देव।**
**ऊपदेश अस्कम्भ है, अन्तर गति गम सेव॥ 37॥**

**शब्दार्थ :** (स्थिर) स्थित (अंतर गति) अंर्तगमन (सेव) भक्ति।

**भाष्य :** जिसके अगं में समस्त तैंतीस देवगण स्थित हैं, वह स्कंभ आत्मा के अंतर भेदिक ज्ञान द्वारा उपसाना करने से प्राप्त होता है। यही उसका साधन-उपदेश है, जो सद्गुरु द्वारा जाना जाता है। अग्नि, पृथ्वी, वायु, अंतरिक्ष, आदित्य, द्यौ, चंद्रमा और नक्षत्र-ये आठ वसु हैं। प्राण, अपान, समान, व्यान, कूर्म, धनञ्जय, कृकिल, नाग और देवदत्त-ये दस प्राण और आत्मा ये ग्यारह रुद्र हैं। बारह मास, बारह आदित्य तथा एक इंद्र और एक प्रजापति यही तैंतीस देव हैं।

(14)

**षोडश ऋषि उत्पन्न हैं, सहज निरञ्जन आदि।**
**प्रथम सृष्टि आरम्भ में, फिर पीछे क्रम साधि॥ 38॥**

**शब्दार्थ :** (क्रम) श्रेमी, परम्परा।

**भाष्य :** जिसमें प्रथम सृष्टि के आरंभ में षोडश ऋषि, सहज निरंजन आदि उत्पन्न होते हैं। पुनः इसके बाद सृष्टिक्रम का प्रवाह चलता हैं।

## तेजपुर से भारी मात्रा में नकली नोटों की खेप जब्त की गई

**तेजपुर।** अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि असम के तेजपुर में एक अंतर्राज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ कर नकली भारतीय मुद्रा नोटों का एक बड़ा भंडार जब्त किया गया। रिपोर्टों के मुताबिक, नकली नोट इकट्ठा करने के लिए दिल्ली से आने वाली एक पार्टी के विशिष्ट इनपुट के आधार पर ऑपरेशन तेजपुर को अंजाम दिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि तेजपुर स्थित रैकेट नकली नोटों को छापने और प्रसारित करने में शामिल है और दिल्ली स्थित खरीदारों के संपर्क में था, उन्होंने कहा कि खरीदारों ने 20 लाख रुपए के नकली नोटों के लिए 10 लाख रुपए का भुगतान किया। पुलिस ने कहा कि दिल्ली स्थित पार्टी उत्तम कोच के संपर्क में थी, जिससे वे नकली नोटों की खेप लेने आए थे। नकली नोटों का कारोबार करने वाले दिल्ली के दो बिचौलियों ने कोच से ऑनलाइन संपर्क किया था और ऑनलाइन माध्यम से अग्रिम भुगतान भी किया था। हालांकि, जब उन्हें अपनी खेप नहीं मिली, तो दिल्ली स्थित पार्टी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने उत्तम कोच के आवास पर एक अभियान चलाया, जिसके दौरान नकली नोट बरामद किए गए और जब्त कर लिए गए।

# अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ लमडिंग और फकीराग्राम में विरोध प्रदर्शन



**लमडिंग/कोकराझाड़ ( विभास )।** अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ लमडिंग और कोकराझार समेत कई जिलों में जनता का फुटा गुस्सा। कई इलाकों में बिजली मंत्री का पुतला जलकार विरोध प्रदर्सन किया गया। **लमडिंग** से भारी शुल्क वसूलने के बावजूद राज्य के कुछ क्षेत्रों के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है और यही राज्य भर में कई लोगों के गुस्से का कारण है। हाल ही में इसी समस्या के खिलाफ राज्य के लमडिंग क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया गया था। लमडिंग के स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए बताया कि उन्हें दिन में 24 घंटे में से सिर्फ 3-4 घंटे ही बिजली मिलती है। भीषण गर्मी और बिजली आपूर्ति की कमी के कारण लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए और उसके बाद लमडिंग में बिजली विभाग के स्थानीय कार्यालय का घेराव किया। बड़ी संख्या में नाराज पुरुषों और महिलाओं ने सेवा प्रदान करने में असमर्थता को लेकर बिजली विभाग के साथ-साथ राज्य सरकार के खिलाफ भी नारेबाजी की। लोगों की यह भी शिकायत है कि हाल के दिनों में बिजली बिल की राशि काफी बढ़ गयी है और बिल भुगतान में थोड़ी सी भी देरी होने पर विभाग लाइन तो काट देता है, लेकिन आधे दिन भी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं कर पाता है। राज्य में 24×7 बिजली आपूर्ति करने के राज्य सरकार के वादे के बीच, बिजली की भारी कमी के साथ-साथ नगांव शहर में भी एक पखवाड़े से अधिक समय से बिजली की बार-बार लोड शेडिंग के कारण स्थानीय लोगों की गुस्साई भीड़ ने जमकर उत्पात मचाया। शनिवार की रात हैबरगांव विद्युत उपकेंद्र का घंटों तक घेराव किया। आंदोलन के दौरान, गुस्साई भीड़ ने नगांव एपीडीसीएल के अधिकारियों के साथ-साथ नगांव एपीडीसीएल के नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ विभिन्न नारे लगाए। गुस्साई भीड़ ने आरोप लगाया कि बिजली उपकेंद्र के ऑन-ड्यूटी अधिकारी ने कथित तौर पर अपने कर्तव्य की उपेक्षा की। अधिकांश समय, नशे की हालत में, वह अक्सर बिना किसी कारण के घंटों के लिए बिजली आपूर्ति बंद कर देता है और अक्सर घंटों के बाद क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को फिर से जोड़ने में विफल रहता है। **कोकराझाड़** से हमारे संवाददाता के अनुसार कोकराझाड़ जिले के फकीराग्राम थाना अंतर्गत मागूरमारी के मोनाकोचा रोड में आम्सू के कोकराझाड़ जिला समिति के नेतृत्व में आज सुबह 11 बजे असम की बिजली मंत्री नंदिता गालोशा की प्रतिमूर्ति जलाया गया। अत्यधिक बिजली बिल बचाए जाने और राज्य में अत्यधिक बिजली की कटवाती को लेकर आज अखिल असम अल्पसंख्यक छात्र संगठन के कोकराझाड़ जिला समिति के नेतृत्व में आज काफी संख्या में कार्यकर्ताओ ने मोनाकोचा रोड तिनाली में बिजली मंत्री का फुतला फूंका गया। इस दौरान आम्सू ने सरकार बिरोधी नारे लगाए और बिजली मंत्री को जल्द से जल्द इस्तीफा देने की मांग की। आम्सू के कोकराझाड़ जिला समिति के अध्यक्ष जुमुर अली शेख, चीफ एडवाइजर अनवर हुसैन, उपाध्यक्ष अब्दुल लतीफ के साथ साथ अन्य नेताकर्मीगण इस विरोध प्रदर्शन में उपस्थित थे।

## नदी में नहाने गए बटालियन के जवान की डूबने से मौत

**दक्षिण सालमारा ( हिंस )।** मानकचार के भारत-बांग्लादेश सीमा पर झड़डांगा में जिंजीराम नदी में नहाते समय बटालियन के एक जवान की डूबकर मौत हो गई। घटना के विवरण के अनुसार असम पुलिस की बटालियन नंबर 26 का जवान बाबूलाल हासदा रविवार को बांग्लादेश की सीमा से लगी जिंजीराम नदी में नहाते समय लापता हो गया था। जवान का पता लगाने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया। लेकिन, रविवार को बाबूलाल का पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह करीब 10 बजे एसडीआरएफ बलों के रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बटालियन के जवान का शव नदी से बरामद किया गया। जवान का पार्थिव शरीर मानकचार थाना लाए जाने के बाद जिला पुलिस ने विभागीय नियम-कानून के अनुसार सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबूलाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए धुबड़ी सिविल अस्पताल भेज दिया गया। मानकचार पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही शव परिवार को सौंपा जाएगा। बटालियन के जवान का घर कोकराझाड़ जिले के सलाकाटी में बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बटालियन के जवान को ज्यादा शराब पीने के कारण मृतक समेत छह जवानों को कोकराझाड़ जिले से दक्षिण सालमारा-मानकचार जिले में स्थानांतरित कर दिया गया था।

# विस सत्र के पहला दिन तीन सरकारी बिल पेश

**इटानगर ( हिंस )।** अरुणाचल प्रदेश विधानसभा सत्र के पहले दिन आज तीन सरकारी बिल पेश किया गया। जिसमें नागर नियोजन मंत्री कामलुंग मोसांग ने अरुणाचल प्रदेश हवाईअड्डा क्षेत्र, योजना और विकास प्राधिकरण विधेयक, 2023, मुख्य मंत्री एव कानून प्रभारी मंत्री, पेमा खांडू ने अरुणाचल प्रदेश कोर्ट फीस बिल, 2023 और उप मुख्यमंत्री चौना मिन ने अरुणाचल प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 को पेश किया। वहीं कांग्रेस विधायक निनॉन्ग एरिंग द्वारा निजी सदस्यता अरुणाचल प्रदेश मोनोगैमी पात्रता विधेयक, 2023 आज सदन में नहीं पेश कर पाये जिसको अगले 6 सितंबर को संकल्प प्रारूप के साथ पेश किया जाएगा। विधानसभा हॉल के बाहर रिपोर्टर से बात करते हुए विधायक निनॉन्ग एरिंग ने बताया कि निजी सदस्यता विधेयक जिसे उन्होंने इस सत्र में विधानसभा सदस्यों के समक्ष प्रस्तावित किया है, जिसका उद्देश्य राज्य में मौजूदा चुनावी कानूनों में संशोधन करना है और इसे 6 सितंबर को संकल्प प्रपत्र पेश किया जाएगा यदि यह विधेयक लागू हो जाता है तो दो या अधिक पत्नियों वाले व्यक्तियों को राज्य में किसी भी प्रकार के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लग जाएगा। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि लोग पारिवारिक मूल्यों को समझें और विधेयक का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मोनोगैमी को बढ़ावा देने पर रोक लगाना है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि लोगों को समझने में कुछ समय लग सकता है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि लंबे समय में सार्थक परिणाम मिलेंगे। इससे पहले सदन के सदस्यों ने अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मंत्रियों स्वर्गीय करदु ताइपोडिया, नीलम ताराम और चाउ तेवा मीन को श्रद्धांजलि दी। राज्य के विकास में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन कि आत्माओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। साथ ही सदन में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। सत्र के दूसरे दिन कल अरुणाचल प्रदेश हवाईअड्डा क्षेत्र, योजना और विकास प्राधिकरण विधेयक, 2023 और उप मुख्यमंत्री चौना मिन ने द्वारा फैंसी अरुणाचल प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 पर चर्चा किया जाएगा।

# बदरपुर से हेरोइन व पिस्तौल बरामद, तस्करी में दो गिरफ्तार



**करीमगंज ( हिंस )।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 170वीं बटालियन के जवानों ने खुफिया विंग के साथ रविवार की रात छापेमारी कर भारी मात्रा में हेरोइन और एक पिस्तौल जब्त की है। साथ ही तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बीएसएफ सूत्रों ने सोमवार को बताया है कि पिछले दो दिन से बीएसएफ की खुफिया विंग के सादे लिबास में जवान राष्ट्रीय राजमार्गों पर अभियान चला रही है। रविवार को पूरे दिन से असम-त्रिपुरा को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर खुफिया कर्मचारी बैठे रहे। बीएसएफ की जांच टीम विभिन्न ढाबों पर निगरानी रखी जा रही थी। शाम को खबर मिलते ही बीएसएफ बदरपुर पुलिस के साथ बदरपुर घाट इलाके में नाका चेकिंग लगाकर सिलचर जाने वाले हर वाहन की तलाशी ली गई। इसी दौरान एक काले रंग की टाटा हायर कार को जवानों ने रोक लिया और कार की तलाशी ली। तलाशी में कार से पांच साबुनदानी में संदिग्ध हेरोइन के साथ प्वाइंट 22 बोर की एक पिस्तौल और 13 राउंड जीवित गोली मिलीं। इसके बाद टीम ने कार ड्राइवर और एक अन्य यात्री को पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों की पहचान बदरपुर बुंदाशिल गांव के हाशिम उद्दीन और बदरपुर कोनापारा गांव के रेहान उद्दीन खान के रूप में हुई। ड्रग्स ले जा रही भाड़े की कार और उनके पास मिले तीन मोबाइल हैंडसेट भी जब्त किये गये। बीएसएफ सूत्रों के मुताबिक जब्त सामान की बाजार कीमत दो करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई। बीएसएफ ने पकड़े दोनों लोगों को बदरपुर पुलिस को सौंप दिया गया है।

## एसएसबी की 6वीं वाहिनी ने भारी मात्रा में अवैध लकड़ी किया जब्त

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** कोकराझाड़ के रानीगुली स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), 6वीं वाहिनी की *डी* - समवाय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर समवाय दादागिरी, सीमा चौकी सोनापुर एवं रूनीखाता वन रेंज ऑफिस ने संयुक्त रूप से भारत-भूटान पिलर संख्या-169/2 से लगभग 6.5 किमी भारत की ओर अक्सीगुड़ी गांव के नजदीक गस्ती अभियान चलाया। गस्ती के दौरान 6 ट्रॉली में लदे 1300 सीएफटी अवैध लकड़ी को जब्त किया। जब्त किए गए लकड़ी को रूनीखाता वन रेंज ऑफिस में जमा करवाय गया। एसएसबी लगातार भारत-भूटान सीमा पर भारतीय वन क्षेत्र में गस्ती एवं चौकसी के कारण तस्करों की गलत गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सफलता मिल रही है।

# वार्षिक ज्ञानशाला दिवस धूमधाम से मनाया गया

**गुवाहाट ( विभास )।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, गुवाहाटी द्वारा संचालित ज्ञानशाला का वार्षिक ज्ञानशाला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के प्रथम चरण की शुरुआत प्रात: 7.45 बजे जागरूकता रैली के द्वारा हुई, जिसमें 80 बच्चे और 27 प्रशिक्षिकाओं ने भाग लिया। यह रैली गुवाहाटी के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी, जिसमें जागरूकता का संदेश दिया गया। दूसरे सत्र की शुरुआत साध्वी स्वर्णरेखा के सान्निध्य में प्रात: 9 बजे से तेरापंथ धर्मस्थल में हुई, जिसमें धर्मस्थल के ज्ञानार्थियों ने अर्हं-अर्हं की वंदना फले मंगलाचरण की प्रस्तुति दी, इसे प्रशिक्षिका शर्मिला महणोत, पिंकी बैंगानी और खुशबू चोपड़ा द्वारा सिखाया गया। इसके बाद प्रशिक्षिकाओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। तत्पश्चात ज्ञानशाला संयोजिका कांता देवी बच्छावत ने उपस्थित




अभिभावकों का स्वागत किया और ज्यादा से ज्यादा बच्चों को ज्ञानशाला में भेजने का आह्वान किया। तेरापंथी सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल सुराणा ने ज्ञानशाला के बारे में बताया और श्रावक समाज से निवेदन किया कि वह अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा ज्ञानशाला में भेजें। इसके बाद सांस्कृतिक प्रोग्राम में नारायणनगर शाखा के बच्चों ने जैन बालक की पहचान पर भव्य प्रस्तुति दी, जिसकी संयोजिका इंदु डागा व मंजू डागा रही। इसके बाद रिहाबाड़ी शाखा के बच्चों ने अति सुंदर प्रस्तुति दी और ज्ञानशाला के बारे में बताया, जिसकी संयोजिका ललिता मालू व विजयलक्ष्मी पुगलिया रही। इसके पश्चात दिसपुर शाखा ने अपनी बहुत ही सुंदर प्रस्तुति के साथ बच्चों ने ज्ञानशाला में आने के फायदे के बारे में बताया और उन्होंने ज्ञानशाला में आकर क्या-क्या सीखा इसके बारे में बहुत सुंदर तरीके से सबको बताया। ई-ज्ञानशाला की ज्ञानार्थी सिद्धि बुच्चा ने अपनी प्रस्तुति दी। इस प्रोग्राम की संयोजिका एकता बोथरा एवं एकता नौलखा रही। इसके पश्चात साध्वीश्रीजी का मंगल उद्बोधन हुआ, जिसमें उन्होंने ज्ञानशाला के बच्चों व प्रशिक्षिकाओं को ज्ञानशाला में सेवा देने व बच्चों को संस्कारवान बनाने की प्रेरणा दी और ज्ञानशाला के महत्व को बहुत ही सुंदर तरीके से समझाया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन भारती महणोत ने किया। पूरे कार्यक्रम की संयोजिका जया घीया व सह-संयोजिका नीलम चंडालिया रही। तेरापंथी सभा के अध्यक्ष बजरंग कुमार सुराणा एवं मंत्री रायचंद पटावरी ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को साधुवाद दिया है।

## मेघालय पुलिस ने 15 करोड़ रुपए का क्रिस्टल मेथ किया जब्त

**शिलांग ( हिंस )।** मेघालय पुलिस ने एक शातिर अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स तस्कर को पकड़ा है। मेघालय पुलिस ने उसके पास से 15 करोड़ रुपए मूल्य की क्रिस्टल मेथ (10.16 किलोग्राम), एक शक्तिशाली और घातक दवा जब्त की। एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले के कोंगोंग से 10.16 किलोग्राम क्रिस्टल मेथ या उच्च शुद्धता मेथम्फेटामाइन जब्त किया। ईस्ट जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक जेएस धनोआ ने बताया कि आरोपी लालमुंगसंगा बींगाइचो एक पर्यटक सूमो (एएस 01 केसी 9188) में एजल से सिलचर के रास्ते खलीहरियाट की ओर आ रहा था और वह अवैध तस्करी का सामान ले जा रहा था। एएनटीएफ टीम ने कोंगोंग में नाका लगाया और वाहन और व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके सूटकेस में 10 काले पैकेट मिले।

# बिजली कटौती से परेशान आम जनता ने फूंका बिजली मंत्री का पुतला

**नगरबेड़ा ( विभास )।** राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने का वादा किया था, लेकिन सरकार राज्य में बिजली की आपूर्ति करने में कथित तौर पर बुरी तरह विफल रही है। आवश्यक बिजली प्रदान करने में असम सरकार के बिजली विभाग के श्रम और बिजली शुल्क में बार-बार वृद्धि को देखते हुए, ऑल असम माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन (आम्सू) ने अल्प आदेशों में, आज दक्षिण कामरूप जिला अल्पसंख्यक छात्र संघ और मंदिरा मालीबारी क्षेत्रीय अल्पसंख्यक छात्र संघ के पदाधिकारियों को बढ़ाया जा रहा है। बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। जिले के मालीबाड़ी फील्ड बाजार परिसर में आम्सू कार्यकर्ताओं ने शक्ति मंत्री नंदिता गरलोसा की तस्वीर जलाने का कार्यक्रम आयोजित किया और बिजली विभाग है, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा



मुर्दाबाद, शक्ति मंत्री नंदिता गरलोसा इस्तीफा दो, बिजली मंत्री के कोई काम नहीं है, हमें नियमित बिजली दो, बिजली के नाम पर चुटकुले बंद करो जैसे नारे लगाए। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से बिजली के ठिकाने ने जनता को अभिभूत कर दिया है। बिजली की आपूर्ति केवल दिन और रात के दौरान घंटों के लिए की जाती है यदि इस अवधि के दौरान बिजली की यात्रा की संख्या की कोई गिनती नहीं है। जिसके कारण छात्रों को इस चिलचिलाती गर्मी में लेखन पढ़ने में अत्यधिक कठिनाई पैदा हो गई है, इस संबंध में सरकार - बिजली विभाग द्वारा त्रुटिहीन भूमिका निभाने पर कड़ी प्रतिक्रिया हुई है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से क्षेत्र में बिजली के विभिन्न मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने और इसकी नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## किशोरी की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या, 4 गिरफ्तार

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** डिब्रूगढ़ के बानीपुर में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार बानीपुर में रविवार रात एक घर में फंदे से लटक रही एक किशोरी का शव मिला। जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत पुलिस को सूचना इसकी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की व्यवस्था की है। गौरतलब है कि युवकों के एक समूह ने कल रात उस घर में पार्टी की थी, जहां लड़की का शव मिला। उस पार्टी में युवाओं ने शराब आदि का सेवन कर अराजक माहौल बना दिया था। पुलिस ने पार्टी में शामिल चार युवकों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ शुरू की है। आशंका जताई जा रही है कि सामूहिक दुष्कर्म के बाद लड़की की हत्या कर शव को लटका दिया गया होगा। पुलिस को संदेह है कि इस घटना में कई और लोग शामिल हो सकते हैं।

# मिस प्रज्ञा असम 2023 प्रतियोगिता में द्वितीय रनर्सअप रिया पाल सम्मानित



**कोकराझाड़ ( विभास )।** ऑल असम बंगाली फेडरेशन की कोकराझाड़ जिला समिति के नेतृत्व में एक दल ने आज जिले के फकीराग्राम थाना के अंतर्गत प्रतापखाता गांव की निवासी गोबिंद चंद्र पाल और अमिता पाल की पुत्री रिया पाल को सम्मानित किया। मिली जानकारी के अनुसार रिया ने गुवाहाटी में आयोजित मिस प्रज्ञा असम 2023 में सेशन तीन में द्वितीय रंसअप का खिताब हासिल किया था। रिया को उसके घर पर जाकर उन्हें सम्मानित किया गया। रिया पाल को संगठन के तरफ से फुलाम गामोछा से स्वागत के साथ डायरी, कलम और सार्टिफिकेट भेंट किए गए। इस दौरान ऑल असम बंगाली फेडरेशन की कोकराझाड़ जिला समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत देबनाथ, साधारण सचिव समर दास के साथ सांगठनिक सचिव, अजय सरकार, उपाध्यक्ष पानेश सरकार, कार्यकारी अध्यक्ष श्यामल दे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान रिया पाल और उनके माता पिता ने संगठन के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापन किया।

# गुवाहाटी-सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ( त्रि-साप्ताहिक ) रंगिया तक विस्तारित



**रंगिया ( विभास )।** विधायक कलिता ने कई अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। रेल मंत्रालय द्वारा वृहत्तर रंगिया बासियों के साथ तामुलपुर, नाग्रिजुली, कुमारीकाटा, नलबाड़ी, घोघरापार आदि क्षेत्रों के यात्रियों की सुविधा के लिए 15611/15612 गुवाहाटी-सिलचर/ सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) को रंगिया तक विस्तारित किया गया है। वहीं यह रेल आज पहली बार रंगिया रेलवे स्टेशन से चलाई गई जिसका आधिकारिक तौर पर रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता, राज्यसभा के सांसद भुवनेश्वर कलिता, रंगिया के महकमाधिपति दिपन बर्मन द्वारा रंगिया महकमा की पुलिस अधिकारी सिजल अग्रवाल, भाजपा उत्तर कामरूप जिला समिति के अध्यक्ष सुबल पाल, रंगिया रेलवे के मांडलिक प्रबंधक ( डीआरएम ) नीरज गुप्ता, डीसीएम दीपांकर गोगोई, एडीआरएम आरएस बडोले सहित बहुत से अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बताया गया है कि सप्ताह के हर सोमवार, गुरुवार और शनिवार को चलने वाली यह रेल सेवा रंगिया के लोगों को सिलचर की यात्रा करने में सुविधा प्रदान करेगी। इस मौके पर विधायक कलिता ने बताया कि श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का यह महत्वपूर्ण और उत्साहजनक निर्णय है क्योंकि नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के मानचित्र पर यह विस्तार यात्रियों को काफी प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

# मायुम अभयापुरी अमृत शाखा की स्थापना व शपथ विधि समारोह संपन्न

**रंगिया ( विभास )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के अंतर्गत अभयापुरी अमृत शक्ति शाखा की विधिवत स्थापना व शपथ विधि समारोह का आयोजन रविवार दिनांक 3 सितम्बर को स्थानीय मरवाड़ी धर्मशाला के हाल में किया गया। क्रार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वोत्तर प्रदेसिया मारवाड़ी युवा मंच के मंडल के उपाध्यक्ष बिनीत हरलालका ने की। सभा में प्रांतिय अध्यक्ष पंकज जालान, प्रांतिय कोषाध्यक्ष प्रेरणा सेठिया, प्रांतिय सहायक मंत्री मंडल त्र दीपेश कुमार अगरवाला, प्रांतिय कार्यकारणी सदस्य स्थाई प्रकल्प मनोज पोद्दार,प्रांतिय संगठन विस्तर के चैयरमैन सरजीत सिंह भारी, प्रांतिय लीगल सेल के चैयरमैन मुकेश चाचन, मंडल समन्वयक संगठन विस्तर अंजनी जाजोदिया, मंडल समन्वयक स्थाई प्रकल्प चेतन धीरासरिया ने भाग लिया। सभा की उद्घोषणा लक्ष्मी सुरेखा के श्री गणेश वंदना के बाद असम जातीय गीत ओह मोर अपुनर देश से हुई। सभा में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन फुलाम गामोछा से किया गया। वहीं सभा में अभ्यापुरी समाज के बुजुर्ग गण एवं पूर्व




मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य में महेश चांडक, नंदकिशोर सोमानी, प्रदीप खैतान, दिलीप राठी, कनक बांठिया का प्रांत की तरफ से फुलम गामोछा से अभिनंदन किया गया, अभ्यापुरी मारवाड़ी समाज एवं नवगठित शाखा सदस्यों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बड़ाई। सभा में प्रांतिय उपाध्यक्ष मंडल त्र के बिनीत हरलालका ने अपने स्वागत संबोधन में सभी अथिथ्यों का स्वागत किया एवं अपने कार्यकाल में यह मंडल की दूसरी नव शाखा खुलने की जानकारी देते हुए आगामी कार्यक्रम पर चर्चा वह जानकारी दी तथा निरंतर कार्यशील रहकर राष्ट्रीय व प्रांतिय रिपोर्ट, मासिक कार्यकरिणी सभा, प्रांत की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद शपथ ग्रहण विधि पारंभ की गई। सर्वप्रताम प्रांतिय संगठन विस्तर के चैयरमैन सरजीत सिंह भारी द्वारा सभी सदस्यों को शपथ पाठ करवाया गया। संस्थापक अध्यक्ष आनन्द सुरेखा को प्रांतिय अध्यक्ष पंकज जालान ने शपथ पाठ करवाकर मंचासिन करवाया। शाखा उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल एवं निशा महेश्वरी, शाखा सचिव कनीशा बांठिया को प्रांतिय उपाध्यक्ष बिनीत हरलालका ने शपथ पाठ करवाया। कोषाध्यक्ष किशन महेश्वरी, सह सचिव देवांश अगरवाला को प्रांतिय कोषाध्यक्ष प्रेरणा सेठिया ने शपथ पाठ करवाया। लीगल सेल के चैयरमैन मुकेश चाचन ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ पाठ करवाया गया। प्रांत की तरफ से नव शाखा के अध्यक्ष, सचिव, एवं कोषाध्यक्ष को फूलाम गामोछा, नियुक्ति पत्र, व बैच प्रदान किया गया। सभी ने अपने संबोधन में नई शाखा के कार्यकारणी समिति को भरपूर सहयोग देना का आश्वासन दिया एवं बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी। प्रांतिय अध्यक्ष ने हमारे मंच में कार्य की महत्ता को बतलाया एवं में नहीं हम बनकर काम करने पर बल देकर मंच के कार्यों पर प्रकाश डाला। अंत में शाखा सचिव कनीशा बांठिया के धन्यवाद् ज्ञापन के बाद राष्ट्र गीत के साथ सभा समाप्त की गई।

# राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां गांधी दर्शन में महात्मा गांधी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया और 'गांधी वाटिका' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा गांधी पूरे विश्व समुदाय के लिए एक वरदान हैं। उनके आदर्शों और मूल्यों ने पूरी दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने उस समय अहिंसा का मार्ग दिखाया, जब विश्व युद्धों के दौर में दुनिया कई तरह की नफरत और कलह से पीड़ित थी। उन्होंने कहा कि गांधी के सत्य और अहिंसा के प्रयोग ने उन्हें एक महान इंसान का दर्जा दिया। उन्होंने बताया कि गांधी की प्रतिमाएं कई देशों में स्थापित हैं और दुनिया भर के लोग उनके आदर्शों में विश्वास करते हैं। उन्होंने नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर किंग जूनियर और बराक ओबामा का उदाहरण देते हुए कहा कि कई महान नेताओं ने गांधीजी द्वारा दिखाए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग को विश्व कल्याण का मार्ग माना। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके बताये रास्ते पर चलकर विश्व शांति का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि गांधी ने सार्वजनिक जीवन के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी पवित्रता पर बहुत जोर दिया। उनका मानना था कि नैतिक शक्ति के आधार पर ही हिंसा का सामना अहिंसा के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने रेखांकित किया कि आत्मविश्वास के बिना, कोई भी विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ता के साथ कार्य नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज की तेजी से बदलती और प्रतिस्पर्धी दुनिया में आत्मविश्वास और संयम की बहुत जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि गांधी के आदर्श और मूल्य हमारे देश और समाज के लिए बहुत प्रासंगिक हैं। उन्होंने सभी से प्रयास करने का आग्रह किया ताकि प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवा और बच्चे गांधी के बारे में अधिक से अधिक पढ़ें और उनके आदर्शों को आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति और ऐसी अन्य संस्थाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि वे किताबों, फिल्मों, सेमिनारों, कार्टूनों और अन्य मीडिया के माध्यम से युवाओं और बच्चों को गांधी के जीवन की शिक्षाओं के बारे में अधिक जागरूक करके गांधी के सपनों के भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन के विवादित बयान पर भाजपा ने इंडिया गठबंधन को बोला हिन्दू विरोधी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए बयान पर इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की इस बयान पर चुप्पी बेहद शर्मनाक है। साफ है विपक्षी घमंडिया गठबंधन का यह पूरा जमावड़ा (सभी दल) वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदू हितों और हिंदू धर्म की अवहेलना करता है और आगे भी करता रहेगा, क्योंकि इनकी बुनियादी सोच ही हिंदू विरोधी है। तमिलनाडु सरकार में मंत्री और स्टालिन के बेटे उदयन स्टालिन ने अपने बयान में कहा था कि कुछ व्यवस्था ऐसी होती है, जिसका ना होना ही अच्छा माना जाता है। सनातन धर्म उनमें से एक है। सनातन धर्म, डेंगू और मलेरिया की तरह है, जिसका खत्म होना जरूरी है। उनके इस बयान पर जब बवाल बढ़ा तो उन्होंने सफाई भी दी थी।

## दिल्ली दंगाः पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को एक मामले में मिली जमानत

अजय त्यागी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को एक मामले में जमानत दे दी है। एडिशनल सेशंस जज पुलस्त्य प्रमाचल ने कहा कि सभी एफआईआर में कई गवाह समान हैं और हाई कोर्ट ने ताहिर को दो मामलों में जमानत देते समय मामले के गुण दोषों पर विचार किया था। जमानत मिलने के बावजूद ताहिर हुसैन जेल से नहीं निकल पाएगा। उसके खिलाफ दिल्ली दंगों के दूसरे मामलों समेत दंगों की बड़ी साजिश रचने का मामला दर्ज है, जिसमें वो न्यायिक हिरासत में है। इससे पहले 12 जुलाई को दिल्ली हाई कोर्ट ने ताहिर हुसैन को पांच मामलों में जमानत देने का आदेश दिया था। कड़कड़डूमा कोर्ट ने 21 अगस्त, 2020 को ताहिर हुसैन के खिलाफ यूएपीए के तहत दर्ज एफआईआर में दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। चार्जशीट में ताहिर हुसैन समेत 15 लोगों को नामजद किया गया है। चार्जशीट में ताहिर हुसैन को मास्टरमाइंड बताया गया है। करीब 1700 पन्नों की इस चार्जशीट में पार्षद ताहिर हुसैन के भाई शाह आलम समेत 15 लोगों के नाम हैं। क्राइम ब्रांच ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि हिंसा के वक्त ताहिर हुसैन अपनी छत पर था। ताहिर हुसैन पर हिंसा की साजिश रचने का आरोप है। चार्जशीट में कहा गया है कि हिंसा कराने के लिए ताहिर हुसैन ने एक करोड़ 30 लाख रुपये खर्च किए थे। ताहिर हुसैन के खिलाफ ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी दर्ज किया है। ताहिर हुसैन के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और आपराधिक साजिश रचने का आरोप है। ईडी ने कई स्थानों पर छापा मारा, जिसमें कई दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस मिले। ताहिर हुसैन के पास से व्हाट्स ऐप चैट, फर्जी बिल बरामद किए गए। ईडी ने कहा है कि ताहिर हुसैन ने आपराधिक साजिश रचते हुए कई कंपनियों के खाते से पैसे ट्रांसफर किए। इन पैसों से अपराध को अंजाम दिया गया।

## पहले डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन का दस्तावेज 'गुजरात घोषणापत्र' जारी

**गांधीनगर, (हि.स.)।** डब्ल्यूएचओ ने "गुजरात घोषणा" के रूप में पहले डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन 2023 का परिणाम दस्तावेज जारी किया है। घोषणापत्र ने स्वदेशी ज्ञान, जैव विविधता और पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धताओं की पुष्टि की। डब्ल्यूएचओ ने रेखांकित किया कि सभी के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र, संदर्भ-विशिष्ट, जटिल और व्यक्तिगत दृष्टिकोण की बेहतर समझदारी, आकलन और जहां उचित हो, लागू करने के लिए कठोर वैज्ञानिक तरीकों के प्रयोग की आवश्यकता है। गुजरात घोषणापत्र ने दोहराया है कि जामनगर, गुजरात में डब्ल्यूएचओ ग्लोबल ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर के मेजबान के रूप में भारत की शिखर सम्मेलन कार्य एजेंडा और अन्य प्रासंगिक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में सदस्य देशों और हितधारकों का समर्थन करने के लिए डब्ल्यूएचओ की क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित दो दिवसीय डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन 2023 के कार्य बिंदु शिखर सम्मेलन में प्रस्तुत साक्ष्य, चचाओं और परिणामों पर आधारित है। लोगों और ग्रह के स्वास्थ्य और कल्याण, अनुसंधान और साक्ष्य, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य प्रणालियों, डेटा और नियमित सूचना प्रणालियों, डिजिटल स्वास्थ्य सीमाओं, जैव विविधता और स्थिरता, मानवाधिकार, समानता और नैतिकता जैसे विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। पारंपरिक चिकित्सा पर पहला वैश्विक शिखर सम्मेलन विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आयोजित किया गया था और आयुष मंत्रालय द्वारा 17-18 अगस्त, 2023 को गांधीनगर, गुजरात में सह-आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा था, "गुजरात घोषणापत्र पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के हमारे प्राचीन ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है ह्यह्न सहयोगी प्रयासों और दीर्घकालीन व्यवहारों से हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानॉम घेब्रेयेस ने कहा था कि 'गुजरात घोषणापत्र' विज्ञान के लेंस के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का दोहन करने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों में पारंपरिक औषधियों के एकीकरण पर फोकस करेगा और पारंपरिक चिकित्सा की शक्ति प्रकट करने में मदद करेगा। शिखर सम्मेलन का मुख्य आकर्षण यह था कि लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए टीसीआईएम पर डिजिटल स्वास्थ्य संसाधनों को आगे बढ़ाने के लिए डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों और विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उचित विकास और एप्लीकेशन को कैसे सक्षम किया जाए। इसमें उल्लेख किया गया है कि जैव विविधता की सुरक्षा, पुनर्स्थापना और सतत प्रबंधन के लिए सभी स्तरों पर कार्यों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए और जैव विविधता संसाधनों, संबंधित आनुवंशिक सामग्री और स्वदेशी ज्ञान के उपयोग से उत्पन्न होने वाले लाभों के निष्पक्ष और न्यायसंगत बंटवारे को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। स्वदेशी लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र घोषणा में प्रदान किए गए स्वदेशी लोगों के अधिकारों को पूरी तरह से पहचानना, सम्मान करना और उनकी रक्षा करना।

## चंद्रयान-3 मिशनः विक्रम लैंडर ने चांद की सतह पर एक बार फिर की सॉफ्ट लैंडिंग

अजय कुमार



**नई दिल्ली।** चंद्रयान -3 मिशन के तहत इसरो ने एक बड़ा अपडेट दिया है। इसरो ने चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर की एक बार फिर सॉफ्ट लैंडिंग कराई है। सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स पर वीडियो जारी करके जानकारी दी कि विक्रम लैंडर अपने मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में और आगे बढ़ गया है। इसरो ने बताया कि कमांड मिलने पर विक्रम लैंडर ने इंजनों को फायर किया। अनुमान के मुताबिक करीब 40 सेंटीमीटर तक खुद को ऊपर उठाया और आगे 30-40 सेंटीमीटर की दूरी पर सुरक्षित लैंड किया। इसरो ने बताया कि विक्रम लैंडर के दोबारा सॉफ्ट लैंडिंग कि इस प्रक्रिया से भविष्य में सैंपल वापसी और चंद्रमा पर मानव अभियान को लेकर आशाएं बढ़ी हैं। विक्रम की प्रणालियां ठीक तरह से काम कर रही हैं और वे ठीक हालत में हैं। रैम्प और चैस्ते और इल्सा पे लोड (उपकरणों) को वापस लैंडर में बंद किया गया और प्रयोग के बाद पुनः सफलतापूर्वक तैनात किया गया है। इससे पहले प्रज्ञान रोवर ने अपना काम पूरा कर लिया है।

## ईडी ने वेंकटेश्वर हैचरीज की 65 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय ने पशुपालन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेंकटेश्वर हैचरीज प्राइवेट लिमिटेड की 65.53 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के प्रावधानों के तहत कंपनी की महाराष्ट्र और कर्नाटक में स्थित नौ अचल संपत्तियों को जब्त किया है। ईडी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा ब्रिटेन में 90 एकड़ का मकान खरीदने के लिए गैर-कानूनी विदेशी रकम भेजने के आरोप में फेमा के तहत पशुपालन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेंकटेश्वर हैचरीज प्राइवेट लिमिटेड की 65.53 करोड़ रुपये की नौ संपत्तियां जब्त की गई हैं। जांच एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून के प्रावधानों के तहत इस मामले की जांच कर रही है। ये मामला वेंकीज ओवरसीज लिमिटेड नाम से इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी को 2011 से यह रकम भेजे जाने से जुड़ा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इसे कानून का उल्लंघन मानते हुए फेमा के अनुच्छेद 37ए के प्रावधानों के तहत भारत में इतनी ही मूल्य की संपत्तियां जब्त कर ली हैं।

## सात सितंबर को प्रत्येक जिले में भारत जोड़ो यात्रा आयोजित करेगी कांग्रेस



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सात सितंबर को देश के प्रत्येक जिले में भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया जाएगा। वेणुगोपाल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सात सितंबर को पहली वर्षगांठ है। इस अवसर कांग्रेस देश के हर जिले में शाम 5-6 बजे भारत जोड़ो यात्रा आयोजित करेगी। वेणुगोपाल ने कहा कि इस आयोजन में कांग्रेस के नेता, कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) से जुड़े लोग, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता, प्रभारी, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों और अन्य वरिष्ठ लोगों के नेतृत्व में पदयात्रा होगी। यात्रा के बाद भारत जोड़ो बैठक भी होगी। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने बीते वर्ष सात सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। इस दौरान राहुल अन्य पार्टी नेताओं के साथ 4 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी यात्रा की। उन्होंने अपनी यात्रा कन्याकुमारी से शुरू कर श्रीनगर में समाप्त की थी।

## आनंद पर्वत इलाके में कॉन्ट्रैक्टर की हत्या



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** मध्य जिले के आनंद पर्वत इलाके में सोमवार तड़के एक शख्स की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 42 वर्षीय पप्पू के रूप में हुई है। वह सुलभ शौचालय का कॉन्ट्रैक्टर बताया जा रहा है। हत्या की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। डीसीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि यह वारदात सुबह बलजीत नगर के पंजाबी बस्ती स्थित होली चौक के पास हुई। पुलिस कंट्रोल रूम को सुबह इस मामले की सूचना मिली थी। वारदात तड़के 5:30 के आसपास की है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मामले को सुलझाने के लिए आनंद पर्वत थाना के अलावा अलग से टीम को भी लगाया गया। आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। पुलिस के मुताबिक पप्पू मूलतः उत्तर प्रदेश के बस्ती जिला का रहने वाला था। दिल्ली के शास्त्री नगर इलाके में रहकर काम करता था। डीसीपी का कहना है कि जल्दी इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। हालांकि अभी तक की जांच में यह पता नहीं चल पाया की हत्या की वजह क्या थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उक्त मामले में एक आरोपित को हिरासत में लिया गया है, जिससे पुलिस पूछताछ की जा रही है।

## मणिपुर सरकार ने एडिटर्स गिल्ड के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**इंफाल, (हि.स.)।** मणिपुर सरकार ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है। एडिटर्स गिल्ड पर मणिपुर राज्य में संघर्ष बढ़ाने की कोशिश करने का आरोप है। राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने फैक्ट फाइंडिंग टीम के कृत्यों की निंदा की। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राज्य सरकार ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। उनका आरोप है कि एडिटर्स गिल्ड मणिपुर राज्य में संघर्ष बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इस एफआईआर में ईजीआई के सदस्य सीमा गुहा, संजय कपूर, भारत भूषण और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की अध्यक्ष सीमा मुस्तफा के नाम हैं। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने फैक्ट फाइंडिंग टीम के कार्यों की निंदा करते हुए कहा, "एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के उठाए गए और शुरू किए गए मुद्दे बेहद निंदनीय हैं। हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कई आयोगों का गठन किया है, जिसमें एक सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस और कई न्यायाधीश शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने एक सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक जांच आयोग का भी गठन किया है।

## नाबालिग से रेप व हत्या के दोषी की फांसी की सजा निरस्त, दोबारा सुनवाई के लिए हाई कोर्ट भेजा

राकेश शर्मा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के भागलपुर में नाबालिग से रेप व हत्या मामले में दोषी मुन्ना पांडे को मिली फांसी की सजा निरस्त करते हुए मामले की दोबारा सुनवाई के लिए पटना हाई कोर्ट भेजने का आदेश दिया। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने अपने फैसले में पटना हाई कोर्ट के फैसले पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर हमने हाई कोर्ट के फैसले को ठीक से नहीं पढ़ा होता तो यह दोषी के साथ बड़ा अन्याय होता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में पटना हाई कोर्ट से इस मामले पर जल्द सुनवाई करने और दोषी के लिए एक वकील नियुक्त करने का भी आदेश दिया। दरअसल, बिहार के भागलपुर जिला के सबौर इलाके के रहने वाले मुन्ना पांडे ने 2015 में 11 साल की नाबालिग की रेप के बाद हत्या कर दी। नाबालिग का शव उसके घर से बरामद हुआ था। इस मामले में दोषी मुन्ना पांडेय को निचली अदालत ने 2017 में फांसी की सजा सुनाई थी जबकि 2018 में हाई कोर्ट ने फांसी की सजा को बरकरार रखा था। हाई कोर्ट के फैसले को दोषी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

## जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए तैयार हो रही है दिल्ली

आशीष वर्मा




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्र ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा के लिए बीती शाम दिल्ली में विभिन्न स्थलों का दौरा किया। प्रधान सचिव जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों से संबंधित समन्वय समिति के अध्यक्ष भी हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन से जुड़े सभी स्थानों की सजावट व सुरक्षा का जायजा लेने के बाद डॉ. पी. के. मिश्र ने कुछ सुझाव भी दिए। भारत सरकार और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं एक स्मरणीय शिखर सम्मेलन की आवभगत के लिए योजना के अनुरूप सभी चीजें व्यवस्थित रहें। जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए आने वाले सभी राष्ट्राध्यक्षों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों को अपनी यात्रा के दौरान भारत की संस्कृति और विश्वस्तरीय अनुभव की झलक मिले। यह आयोजन ऐसा हो कि विश्व में भारत की साख और धाक जमे। जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए राजघाट के बाहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दिल्ली के प्रमुख स्थानों और चौक-चौराहों का भी सौंदर्यीकरण किया गया है। भरत मंडपम में 'शिव-नटराज' की स्थापना की गई है। लगभग 20 टन वजनी, 27 फीट की नटराज आकृति को अष्ट-धातु से बने पारंपरिक कास्टिंग विधियों में तैयार किया गया है। प्रगति मैदान में शिखर सम्मेलन के लिए बनाए गए भरत मंडपम के सामने नटराज की सबसे ऊंची कांस्य प्रतिमा हैं। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव की अध्यक्षता और दिल्ली के उपराज्यपाल की नियमित निगरानी में नई दिल्ली क्षेत्र से लेकर एयरपोर्ट तक सौंदर्यीकरण अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के अतिरिक्त जगह-जगह पानी के मनमोहक फव्वारे लगाए गए हैं। देश की विविधता को दशार्ने के लिए शहर भर में बड़ी संख्या में मूर्तियां और पोस्टर लगाए गए हैं, जो यात्रियों और आगंतुकों के लिए मनोरम दृश्य के रूप में उभरे हैं। महत्वपूर्ण स्थानों पर जी-20 देशों के राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित किए गए हैं।

## जी-20 के दौरान आसमानी सुरक्षा के लिए वायु सेना ने तैनात किये हमलावर हथियार



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हवाई क्षेत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायु सेना की होगी। इसके लिए दिल्ली और उसके आसपास बड़ी संख्या में रक्षात्मक और हमलावर हथियारों तैनात किए गए हैं। वायु सेना ने जी-20 से पहले चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर सैन्य अभ्यास शुरू किया है, जिसे 'त्रिशूल' नाम दिया गया है। यह अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत जी-20 बैठक की मेजबानी कर रहा है। शिखर सम्मेलन में शामिल होने तमाम वैश्विक नेता राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आएंगे, जिसे कड़ी सुरक्षा घेरे में रखा गया है। वायु सेना ने आसमानी सुरक्षा के लिए दिल्ली और उसके आसपास बड़ी संख्या में रक्षात्मक और हमलावर हथियारों को तैनात किया है। जी-20 की सुरक्षा के लिए मिराज-2000 और राफेल जैसे लड़ाकू विमान कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग करेंगे। आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम और एंटी-एयरक्राफ्ट गन जैसी वायु रक्षा प्रणालियों को भी तैनात किया गया है। 70 किलोमीटर दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) को दिल्ली और उसके आसपास के एरिया में तैनात किया गया है। भारत ने कश्मीर क्षेत्र सहित अपने उत्तरी राज्यों पर एक 'हवाई अभ्यास' के लिए क्षेत्र चेतावनी जारी की है। सोमवार को चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा पर यह बड़ा सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' शुरू किया गया है, जिसमें भारतीय वायु सेना के सभी बेहतरीन फ्रंटलाइनर राफेल जैसे लड़ाकू विमान और एस-400 एमआरएसएएम और स्पाइडर जैसी वायु रक्षा प्रणालियां शामिल हैं। सेना की टुकड़ियां भी लद्दाख में अलग-अलग अभ्यास कर रही हैं। पाकिस्तान और चीन से सटे बॉर्डर पर अभ्यास में वायु सेना दो मोर्चों पर युद्ध लड़ने की तैयारी करेगी। भारत के राफेल विमान रिहर्सल करेंगे और वायु सेना के गरुड़ कमांडो फोर्स के स्पेशल जवान इस पूरे युद्धाभ्यास को अंजाम देंगे। इस अभ्यास में भारत के एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम की तैनाती भी देखी जाएगी, जो जी-20 बैठक के लिए भी काम में आएगी। सूत्रों ने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणालियां भी लगाई गई हैं। त्रिशूल अभ्यास भारत की उत्तरी सीमा पर 1,400 किलोमीटर के क्षेत्र में किया जाएगा। पंजाब सहित जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्रों में यह युद्धाभ्यास होगा। वायु सेना के जवान 14 सितंबर तक युद्ध की तमाम बारीकियों का अभ्यास करेंगे। त्रिशूल युद्धाभ्यास में भारत के फ्रंटलाइनर लड़ाकू जेट, हमलावर हेलीकॉप्टर, बीच हवा में ईंधन भरने वाले विमान और अन्य दूसरे ताकतवर हवाई हथियार शामिल होंगे। इस सैन्य अभ्यास में चिनूक और अपाचे हेलीकॉप्टर सहित हल्के इंटरसेप्टर लड़ाकू विमान शामिल होंगे। अभ्यास में भारी-भरकम परिवहन विमान और हेलीकॉप्टर भी भाग लेंगे। अभ्यास में भाग लेने वाले लड़ाकू विमानों में राफेल, एसयू-30 एमकेआई, जगुआर, मिराज-2000, मिग-29 और मिग-21 बाइसन शामिल हैं।

# जन्माष्टमी पर्व पर पूर्व में घटित घटना वाले स्थान हॉट स्पॉट घोषित, फोर्स रहेगी तैनात




**लखनऊ, (हि.स.)।** जन्माष्टमी के त्योहार को लेकर उत्तर प्रदेश की पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। जन्माष्टमी में पूर्व में घटित घटनाओं के स्थानों को हॉट स्पॉट चिन्हित कर पुलिस बल को लगाया गया है। जन्माष्टमी हीं नहीं आने वाले सभी त्योहारों पर पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने रविवार की रात को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और चेहल्लुम को लेकर वीडियो कांफ्रेसिंग कर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश मातहतों को दिए थे। विगत वर्षों में घटित घटनाओं,विवादों के मद्देनजर जनपदों की पुलिस अधिकारी समीक्षा करते हुये त्योहार रजिस्टर,अभिसूचना रिपोर्ट व अन्य प्रासंगिक अभिलेखों का परिशीलन कर ले। पूर्व से प्रचलित विवादों का त्वरित निस्तारण किया जाये। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सभी थाना क्षेत्रों में शान्ति सुरक्षा समिति एवं सिविल डिफेन्स आदि की पूर्व से ही गोष्ठी करते हुये सभी अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाये। विशेष पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने जनपद हापुड़ में घटित घटना के सम्बन्ध में कानून-व्यवस्था की स्थिति के समाधान के लिए बार काउन्सिल से वार्ता कर शान्ति पूर्वक समाधान निकाले जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहार, धार्मिक कार्यक्रम के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर सुदृढ पुलिस प्रबन्ध, मोबाइल पेट्रोलिंग व सीसीटीवी कैमरों के व्यवस्था की समीक्षा कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। साथ ही साथ सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जाये। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे-फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुये भ्रामक, आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए प्रभावी खण्डन किया जाये। अपर पुलिस महानिदेशक यूपी-112 ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में जन्माष्टी पर्व में पूर्व में घटित घटनाओं के स्थानों को हॉट स्पॉट चिन्हित कर लिया जाए। इसके अनुसार जनपदीय पुलिस, यूपी-112 के वाहनों को व्यवथापित करने की कार्यवाही की जाये। अपराध नियंत्रण के लिए चलायी जा रही 'सवेरा योजना' के तहत यूपी-112 में अधिकतम लोगों का पंजीकरण कराया जाय। स्थानीय पुलिस जनता से संवाद बनाये रखे ताकि उनके प्रति पुलिस में सुरक्षा की भावना जागृत हो सके।

# गांवों के विकास के बिना प्रदेश और देश का विकास संभव नहीं : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित खण्ड विकास अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस कार्यशाला में प्रदेश के समस्त विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी शिरकत कर रहे हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांवों के विकास के बिना प्रदेश व देश का विकास संभव नहीं है। जब गांव का सर्वांगीण विकास हो जाता है तब विकास की पूर्णता होती है। आज भी अधिकांश आबादी गांव में रहती है। गांव के लिए हमारे पास योजनाएं भी हैं। अपेक्षाएं भी हैं उसे पूरा करने वाले आप सब यहां बैठे हैं। उन्होंने कहा कि 2047 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को बनाने का जो लक्ष्य है। गांवों को अगर हम विकसित नहीं करेंगे तो वह स्वप्न साकार नहीं हो पायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार पर रोक लगानी है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत, भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश, भ्रष्टाचार मुक्त जिला, भ्रष्टाचार मुक्त ब्लाक व भ्रष्टाचार मुक्त गांव होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में अब स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट विलेज की चर्चा हो रही है। इसलिए हर ब्लाक से कम से कम 10 ग्राम सभाओं को चयनित कर जो विकास में पीछे छूट गयी हैं उनको विकास की मुख्यधारा में लाने का संकल्प लेकर जायें। उप मुख्यमंत्री ने खण्ड विकास अधिकारियों से अपील की है कि वह गांवों को आदर्श स्वरूप प्रदान करें। अमृत सरोवर जो आपकी उपलब्धि है उसे सुन्दर व आकर्षक बनायें उस पर अमृत वाटिका लगवायें। विलुप्त नदियां व नालों को मनरेगा के माध्यम से पुनर्जीवित कराएं। उन्होंने कहा कि 2025 के कुंभ में 50 करोड़ लोग प्रयाग आयेंगे । यह हमारे लिए गर्व की बात है। आज उत्तर उत्तर प्रदेश में कई तीर्थस्थल हैं उनका बडे पैमाने पर विकास हुआ। पहले वाराणसी में 15 से 20 हजार श्रद्धालु आते थे अब इस समय दो से तीन लाख लोग प्रतिदिन आ रहे हैं। अब अयोध्या में भी राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। मां विन्यवासिनी और मथुरा वृन्दावन का विकास हो रहा है। देश के कोने कोने से लोग उत्तर प्रदेश आते हैं। जो लोग अयोध्या आयेंगे कुछ लोग अपने–अपने साधनों से आयेंगे। इसलिए बाहर से आने वाले लोगों को उत्तर प्रदेश के गांवों का एक आदर्श स्वरूप दिखे इसके लिए हमें काम करना है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार के पास जो संसाधन है उस पर गरीबों का पहला हक है। इसलिए सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को दें लेकिन उन्हें काम करने के लिए प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि हर घर नल से अभियान चल रहा है। उसकी प्रशंसा की जगह आलोचना हो रही है। इसलिए जो लोग पाइप बिछाने का काम कर रहे हैं सड़क बनाकर सौंपने की जिम्मेदारी भी उनकी है। यह भी हमें देखना है।

# निर्वाचन से जुड़े कार्यों में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ और सुपरवाइजर पर करें कार्रवाई : उपायुक्त




**रांची, (हि. स.)।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वालें बीएलओ और सुपरवाइजर पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। साथ ही निर्वाचन कार्य में रुचि नही लेने वालें बीएलओ और सुपरवाइजर पर प्रपत्रक गठित कर कार्रवाई की जायेगी। यह सुनिश्चित हो कि बीएलओ और सुपरवाइजर दिए गए निर्वाचन कार्य ससमय पूरा करें। उपायुक्त सोमवार को समाहरणालय भवन ब्लॉक-ए स्थित सभाकक्ष में निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित बीएलओ की ओर से घर-घर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य 15 दिनों में पूरा करते हुए हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य पूरा करें। उन्होंने नए मतदातों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र में पांच सुविधाओं का होना अतिआवश्यक हैं। इनमें बिजली, पानी, फर्नीचर, रैंप (दिव्यांग/वरिष्ठ नागरिक के लिए) और शौचालय शामिल हैं। उपायुक्त ने सभी संबंधितअधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए जर्जर मतदान केंद्रों एवं जिन पुराने मतदान केंद्रों में परिवर्तन स्थल की आवश्यकता हैं। उसकी सूची बना कर उसे दुरुस्त कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। उपायुक्त ने बूथ लेबल ऑफिसर एप को 15 दिनों में अपडेट करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही डाटा वेरिफिकेशन अपलोड करते हुए ऑनलाइन इंट्री बढ़ाने को कहा। इसके अलावा सभी बीएलओ को फार्म जेनरेशन पर ध्यान देते हुए बीएलओ एप पर फार्म जेनरेट करने निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को मतदाता पहचान पत्र में खराब फोटो को बदलने, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को रंगीन फोटो में बदलने का निर्देश दिया गया।

# पश्चिम में बैठे लोग करवा रहे हैं भारत की एकता और अखंडता पर हमला : राकेश सिन्हा



**बेगूसराय, (हि.स.)।** राष्ट्रवादी विचारक और राज्यसभा सदस्य (सांसद) प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा है कि डीएमके नेता उदय निधि द्वारा हिंदू धर्म को मिटाने संबंधी दिया गया बयान हिंदू धर्म और संस्कृति के खिलाफ हमले का ऐलान है। जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वह चुनावी राजनीति को ध्यान में रखकर देश की एकता और अखंडता को तोड़ रहे हैं। सोमवार को अपने गृह जिला बेगूसराय में प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा कि यह हिंसा की भाषा है। जिस बयान से करोड़ों लोग आहत हो रहे हैं। सनातन का अर्थ स्टालिन के पुत्र उदयनिधि और डीएमके पार्टी के लोग नहीं समझते हैं। अगस्त मुनि ने तमिल संस्कृति की आधारशिला रखी थी। अगस्त मुनि को स्वयं भगवान शिव ने तमिल सिखाया और तब तमिल संस्कृति का प्रचार हुआ था। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ हिंदू समाज और संस्कृति पर नहीं, तमिल पर भी है। आंतरिक विरोधाभास के शिकार घमंडिया गठबंधन के हर लोग अपनी ताकत को प्रधानमंत्री का पद पाने के लिए उपयोग कर रहे हैं। यह विवशता में बना गठबंधन है, इसमें ना सहमति है, ना भविष्य की योजना है, किसी का दिल नहीं मिलता है। दिल मिले बिना, दलों का मिलना घातक है। उन लोगों के लिए भी घातक है। राकेश सिन्हा ने कहा कि हिंदू धर्म और सनातन संस्कृति पर यह हमला कोई राजनीतिक दल नहीं कर रहे हैं, बल्कि पश्चिम द्वारा कराया जा रहा है। सोरस ने पश्चिम में बैठकर भारत के जनतंत्र और अखंडता को चुनौती दी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वह भारत उभर रहा है। जी-20 के रूप में दुनिया के बड़े मंचों पर दिखाई दे रहा है। जिस प्रकार नरेन्द्र मोदी के महत्ता, महत्व, प्रभाव और भागीदारी से भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। यह पश्चिम के एक जमात को नाराज कर रहा है, आक्रोशित कर रहा है। उसी के प्रभाव और दबाव में घमंडिया गठबंधन के लोग अराजकता, अविश्वास तथा आपसी सद्भाव को समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। डीएमके नेता का यह बयान, तब सिर्फ बयान रह जाता, जब गठबंधन के बाकी लोग इसका खंडन करते, क्षमा मांगने को कहते। राकेश सिन्हा ने कहा कि उदय निधि के इस बयान पर कांग्रेस चुप है, वामपंथी चुप हैं, लालू यादव और नीतीश कुमार चुप हैं। क्या सत्ता प्राप्ति के लिए यह लोग सनातन धर्म पर आघात करते रहेंगे। जिस प्रकार सत्ता के लिए 1947 में देश को बांटा गया था। उसी तरह की स्थिति पैदा करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन अब भारतवासी वैसी कोशिश को कामयाब नहीं होने देंगे।

# माफिया नहीं, गरीबों के प्रति है सरकार की संवेदना : योगी



**लखनऊ, (हि. स.)।** प्रदेश सरकार की मंशा साफ है। हमारी मंशा व संवेदनाएं गरीब, निराश्रित, वंचित, दलित और अति पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ है। पिछली सरकारों से विपरीत, हमारी संवेदनाएं माफिया और किसी अपराधी के साथ नहीं हो सकती हैं क्योंकि वह सुरक्षा, सुशासन और विकास के मार्ग के बैरियर हैं। सरकार की कार्यप्रणाली स्पष्ट है, वह इन बैरियर्स को हटाती है मगर गरीबों को अपनी संवेदना का पात्र बनाती है। गरीबों की सेवा ही सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली और प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह बातें कहीं। लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में अल्पसंख्यक तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के लिए कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर कुल 240 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ स्पष्ट कर दिया कि माफिया व अपराध तंत्र पर नकेल कसने, भ्रष्टाचार मुक्त सुरक्षित व निष्पक्ष समाज की स्थापना पर प्रदेश सरकार का फोकस है जिससे गरीबों को बिना किसी भेदभाव के उनका हक और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। मिशन रोजगार के अंतर्गत मानव संपदा पोर्टल से अल्पसंख्यक व प्राविधिक शिक्षा में 240 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते सीएम योगी के प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभ्यर्थियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को मिशन रोजगार के जरिए शासकीय सेवाओं के अतंर्गत निष्पक्ष व मानव हस्तक्षेप रहित प्रक्रिया अपनाकर नियुक्ति दी जा रही है। पिछले 6 वर्षों में मोदी के विजन के अंतर्गत प्रदेश ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर 6 महीने में हमने कर दिखाया। 60 जनपदों से अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। अब एक क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों को मंच मिल रहा है। प्रदेश सरकार की हर प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ रही है। कौन कहां नियुक्त होकर जाएगा, यह न किसी मंत्री और न ही किसी सचिव को पता होता है। सीएम योगी ने कहा कि कंप्यूटर सहायकों की भी एक बड़ी भूमिका होती है। आज लोगों की धारणाएं उत्तर प्रदेश के लिए बदली हैं। फाइलें अब लटकती नहीं हैं। आज प्रदेश ने सुरक्षा और ईज ऑफ लिविंग व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लक्ष्यों को प्राप्त किया है। केंद्र की परियोजनाओं को हमने धरातल पर उतारा है। अब तीन दिन में फाइल फाइनल होनी चाहिए। अपने सीनियर्स से कंसल्ट करें, पेंडेसी नहीं करें क्योंकि पेंडेंसी भ्रष्टाचार से जोड़ता है। आज जब भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया गया तब आप जैसे प्रतिभाशाली लोगों को स्थान मिल पाया है, अन्यथा 2017 के पहले यह सपना था। इससे पहले एक नियुक्ति के पीछे उच्च पदस्थ नियुक्ति में लग जाते थे। ऐसे लोग नियुक्त हो जाते थे, जिन्हें कंप्यूटर के बारे में कुछ आता नहीं था, अकाउंटेंसी नहीं आती थी तो फाइल कैसे बढ़ती। सीएम ने कहा कि अब जब कोई आपसे पूछेगा कि आपकी नियुक्ति कब हुई तो आप कहेंगे कि 2023 में जब देश आजादी के अमृतकाल में प्रवेश किया था। आपके सामने अब 25 वर्षों की कार्य योजना होनी चाहिए। सीएम योगी ने सरकार की कार्यप्रणाली के बारे में कहा कि सरकार की निगाह एक है, कोई भेद नहीं है और वह है सबका साथ और सबका विकास। आप भी उसी विजन का हिस्सा बन रहे हैं। आपने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट पास किया होगा, तब 37 लाख लोगों ने परीक्षा दी थी। इसमें से गुजरकर आपने स्थान बनाया है जो हर्ष और बधाई का पात्र है। आप में से कोई नहीं कह सकता कि मेरा चयन किसी फेवर के आधार पर हुआ है। इसमें रिटायर्ड आर्मी सर्विसमैन से लेकर अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़े व निराश्रितों समेत सभी को लाभ मिला है। सीएम योगी ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए सोचिए कि पहले 54 टेबल पर जाना होता था मगर आज उसे सिंगल टेबल कर दिया गया है। आप एयरपोर्ट पर जाते होंगे तो आपने देखा होगा वहां लगेज आगे बढ़ाने के इक्विपमेंट्स लगे होते हैं। ऐसे ही हमें ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर फोकस करना है। टेक्नोलॉजी ने इस काम को आसान कर दिया है। कोरोना से लेकर अभी तक अनाज हम दे रहे हैं। एक करोड़ लोगों को हम वृद्धावस्था पेंशन के रूप में 1000 रुपए देते हैं जो बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप पर एक क्लिक से हो जाता है। सरकार की मंशा साफ है। हमारी मंशा गरीब, निराश्रित के प्रति है, एक दलित और अति पिछड़े व्यक्ति के साथ है। सीएम योगी ने कहा कि हम 2 करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन दे रहे हैं। पीएम स्टार्टअप, पीएम स्टैंड अप योजना हो, डिजिटल योजना, मिशन शक्ति, पीएम स्वनिधि योजना क्या है? सभी योजनाओं का लाभ सभी को मिलता है। ये अगर कर्मियों और लोगों को जानकारी होगी तो सभी को लाभ मिलेगा। दलाली के खिलाफ सरकार की प्राथमिकता के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब योजनाओं और प्रक्रियाओं की जानकारी नहीं होती है तो दलाल सेंध लगाकर व्यवस्था को खोखला बनाते हैं। इसे रोकना ही लक्ष्य है। प्रदेश में 6 लाख से ज्यादा रोजगार हमने उपलब्ध कराए हैं। सीएम योगी ने प्रदेश में बने सकारात्मक माहौल को लेकर कहा कि पिछले 3 साल की रिपोर्ट देखिए, कई जगह नेगेटिव ग्रोथ हुए तो उत्तर प्रदेश पॉजिटिव ग्रोथ का केंद्र बना। उत्तर प्रदेश का हर नागरिक एक पॉजिटव ग्रोथ के साथ आगे बढ़ रहा है। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आप भी सकारात्मक हों, अच्छे ढंग से बातचीत करें। हो सकता है कि व्यक्ति जानकारी न रखता हो मगर आपका अच्छा बर्ताव उसमें उम्मीद और विश्वास भर देगा। ये एक मैसेज लेकर जाएगा कि उत्तर प्रदेश में एक बदलाव आया है। उत्त प्रदेश एक अच्छी स्थिति से आगे बढ़ रहा है और अब जीरो पेंडेंसी की ओर बढ़ रहा है। वह बोले, मुझे लगता है जिसे मोबाइल चलाना आता है वह ई फाइल एक्सेस कर सकता है। आप अपने स्तर पर फाइलों को निस्तारित करें। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण व पशुधन विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह, अल्पसंख्यक व कल्याण विभाग के राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग, अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी व प्रमुख सचिव एल देवराज भी उपस्थित रहे। मुरादाबाद की कुमारी अकांक्षा रानी ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग में चयन और सीएम योगी के द्वारा नियुक्ति पत्र मिलना उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया

**बहराइच, (हि.स.)।** जनपद हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की घटना को लेकर जिले के वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। इसी कड़ी में सोमवार को आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान वकीलों ने जिला अधिवक्ता संघ की अगुवाई में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा है। घटना में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ वकीलों ने नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री पुष्पांजलि नाथ मिश्र ने कहा कि हापुड़ में निहत्थे वकीलों पर हापुड़ के स्थानीय प्रशासन की शह पर पुलिस ने अपराधियों की भांति बेरहमी के साथ लाठी चार्ज कर पुलिस की वर्दी को दागदार किया है। लाठी चार्ज में काफी वकील घायल हुए हैं। घटना की जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। इस घटना को लेकर प्रदेश का अधिवक्ता समाज किसी भी कीमत पर चुप नहीं बैठेगा। अगर शासन स्तर पर शीघ्र ही हापुड़ प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो अधिवक्ता समाज बार काउंसिल के निर्देश पर आंदोलन शुरू कर देगा। धरने के दौरान अजय कुमार मिश्रा,धनुषधारी, आलोक शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, रमेशचंद्र तिवारी, रमन कुमार, युगुल किशोर त्रिपाठी, काशीनाथ शुक्ला, दिनेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## सुनवाई के संबंध में मीडिया को गैर जिम्मेदाराना बयान न दें अधिवक्ता : हाई कोर्ट



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट में फॉरेस्ट लैंड को रैयती लैंड बताकर बेचे जाने की जांच के लिए दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट ने अधिवक्ता राजीव कुमार को निर्देश दिया है कि वे हाई कोर्ट में होने वाली सुनवाई के संबंध में मीडिया के समक्ष गैर जिम्मेदाराना बयान न दें। हाई कोर्ट ने कहा है कि चाईबासा मनरेगा घोटाला से जुड़ी जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हमने ईडी को जांच नहीं दी, फिर भी मीडिया में यह खबरें प्रकाशित हुई कि हाई कोर्ट ने ईडी को इस मामले की जांच का जिम्मा दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसलिए अधिवक्ता इस बात का ध्यान रखें कि मीडिया के सामने लापरवाही वाला बयान नहीं देना चाहिए। पिछले दिनों हाई कोर्ट में चाईबासा जिले में 28 करोड़ के मनरेगा घोटाला की जांच की मांग पर दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी, जिसमें कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह मामले में दर्ज सभी प्राथमिकी की प्रति ईडी को दे। साथ ही कोर्ट ने ईडी को एक माह में इसकी जांच कर पूरी कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 31 सितंबर को होगी।

## शिक्षकों को परेशान करना बंद करें अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक : अभाविप

**बेगूसराय, (हि.स.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) बेगूसराय नगर इकाई द्वारा आज बीपी स्कूल, महिला कॉलेज, जीडी कॉलेज, एसबीएसएस कॉलेज एवं आरजेडी कॉलेज में करीब सात सौ छात्र-छात्राओं को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। मौके पर उपस्थित पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि आज सभी स्कूल एवं कॉलेज में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ रही है। लेकिन उस अनुपात में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। कई कॉलेज में छात्र जानकारी के अभाव के यत्र-तत्र भटक रहे है, उनको जानकारी वाला कोई नहीं है। अजीत चौधरी ने कहा कि अगर ऐसे अराजक व्यवस्था को कॉलेज प्रशासन दुरुस्त नहीं करती है तो उसके खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को नियमित पढ़ाई के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं को लागू करना कॉलेज प्रशासन की प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन इसमें कॉलेज प्रशासन विफल साबित हो रहा है। विभाग संयोजक सोनू कुमार एवं जिला संयोजक पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि के.के. पाठक एयरकंडीशन कमरों में बैठ कर रोज नए-नए फरमान जारी कर रहे हैं। शिक्षक के कंधों पर देश का भविष्य निर्भर है। हाल के दिनों में छुट्टी में कटौती किया गया। पर्व के दिनों में छात्र-छात्रा स्वतः स्कूल नहीं आते हैं, ऐसे में शिक्षक स्कूल में जाकर क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार हिंदू के पर्व में छुट्टी में कटौती करके तुष्टिकरण की राजनीति कर एक विशेष वर्ग को खुश करना चाहती है। लेकिन यह कहीं से उचित नहीं है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरकार एवं शिक्षा विभाग से मांग करती है की छुट्टी को पूर्व के भांति किया जाय। प्रांत छात्रा सह प्रमुख स्वेत निशा ने कहा कि बिहार सरकार शिक्षकों को मजदूर बना कर रखना चाहती है। सरकार के सभी योजनाओं को सफल बनाने का भार शिक्षकों के कंधे पर है। लगातार फरमान जारी करने से शिक्षको में डर का माहौल है। जिससे शिक्षक शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। कॉलेज अध्यक्ष प्रहलाद कुमार ने कहा कि अभाविप हमेशा छात्र-छात्राओं के हितों की लड़ाई लड़ती है। जिसके परिणाम स्वरूप छात्र-छात्रा अभाविप से जुड़ते है और कार्य करते हैं।

# जनपद में पर्यटन उद्योग को दिया जाएगा बढ़ावा : अंकित कुमार



**बिजनौर, (हि.स.)।** जनपद में पर्यटन की बड़ी सम्भावना को देखते हुए इस बारे में प्राथमिकता के साथ काम किया जायेगा। जनपद में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। शासन की मंशानुरूप सभी विकास कार्यों में तेजी लाने के साथ सभी योजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जायेगा। यह बातें सोमवार को आईएएस अधिकारी अंकित कुमार ने जिले के जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्ट्रेट स्थित विदुर सभागार में पत्रकारवार्ता में कही है। जिलाधिकारी के समक्ष पत्रकारों ने जनता की समस्याओं में प्रमुख बाढ़, गुलदार का आतंक, टूटी सड़के,जैविक खेती और आपूर्ति विभाग में व्याप्त भष्टाचारों की जानकारी दी। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जनपद में विकास कार्य को गति प्रदान करने के साथ इन सभी समस्या पर वह गम्भीरता के साथ काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि नवांगतुक जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सोमवार की सुबह 11 बजे जिला कोषागार पहुंच कर विधिवत रूप से जिले की कमान संभाली। इस अवसर पर जिलाधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने गुलदस्ते भेंटकर नए जिलाधिकारी का स्वागत किया।

## खूंटी में हुई जोरदार बारिश, सूख रहे बिचड़ों में आई जान



**खूंटी, (हि.स.)।** पिछले आठ दस दिनों की उमस भरी गर्मी और कड़ी धूप ने जहां किसानों के चेहरे पर सिकन ला दी थी, वहीं सितंबर महीना शुरू होते ही जोरदार मानसूनी बारिश ने एक बार फिर किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। सितंबर महीने की दो तारीख को खूंटी जिले में 20 मिलीमीटर और तीन सितंबर को 26.5 मिमी बारिश हुई। चार सिंतबर को लगभग 15 मिली मीटर बारिश होने की उम्मीद कृषि मौसम वैज्ञानिकों ने जताई है। तीन दिनों की बारिश ने खेतों में सूख रहे बिचड़ों में जान ला दी है। किसान बताते हैं कि यह बारिश धान के अलावा सब्जी, मड़ुआ, उड़द सहित अन्य फसलों के लिए अमृत के समान है। आषाढ़ और दो महीने के सावन में भी भरपूर बारिश नहीं होने के कारण खेतों में बिचड़े सूख रहे थे और किसानों के चेहरे भी मुरझाने लगे थे, लेकिन पिछले तीन दिनों में हुई जोरदार बारिश से किसानों की बांछे खिल गई हैं। किसानों को उम्मीद है कि अब धान के साथ ही अन्य फसलों का उत्पादन बारिश के कारण प्रभावित नहीं होगा।

**जिले में 90 फीसदी हुई बारिश** - आत्मा के उप परियोजना निदेश अमरेश कुमार ने बताया कि खूंटी जिले में जून महीने में 133.67 मिली मीटर बारिश हुई, जबकि सामान्य वर्षापात 192.17 है। जुलाई महीने में जिले में 334 मिमी के विरुद्ध 109.38 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अगस्त महीने में 342 मिलीमीटर सामान्य वषार्पात की तुलना में 309.30 मिली मीटर बारिश हुई। । आत्मा के उप परियोजना निदेशक के अनुसार खूंटी जिले में 65 हजार हेक्टेयर खेत में धान की बुआई का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि हाईब्रीड धान की रोपाई 15400 हेक्टेयर और छिंटा विधि से 29600 हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। उप निदेश ने किसानों को सलाह दी है कि वे वैज्ञानिक तरीके से खेती करें, ताकि अधिक उपज मिल सके।

# देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी के लिए अपना वोट सुरक्षित कर दिया है : गिरिराज सिंह



**बेगूसराय, (हि.स.)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार, लालू यादव एवं राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि हिंदू और भगवा को मिटाने की साजिश नहीं चलेगी। देश की जनता इस साजिश को नाकाम कर देगी। गिरिराज सिंह ने सोमवार को बेगूसराय में कहा है कि एमके स्टालिन के पुत्र उदय निधि स्टालिन हिंदू को मिटाने के बयान पर माफी नहीं मांग रहे हैं। हिंदू को मिटाने, भगवा को मिटाने के उनके बयान का जवाब राहुल गांधी, नीतीश कुमार और लालू यादव को देना होगा। उन्होंने कहा कि मुंबई में हुई बैठक के बाद इन लोगों ने क्या साजिश रची है। इसका जवाब तो देना ही होगा। हिंदू और भगवा को मिटाने की कोई गलतफहमी में नहीं रहे। स्टालिन का बेटा हो या लालू यादव, हिंदू समाज इसका जवाब देगा, प्रतिकार करेगा। इंडिया गठबंधन और राहुल गांधी को इसका जवाब देना होगा। नहीं तो 2024 में जनता से जवाब मिल जाएगा। नालंदा में आरसीपी सिंह के रिश्तेदार की हत्या एवं आरसीपी सिंह द्वारा अपने ऊपर खतरा की बात कहे जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा है कि यह दुर्भाग्य घटना है। रामचंद्र प्रसाद सिंह (आरसीपी सिंह) कभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सबसे करीबी माने जाते थे। आज अलग हो गए हैं तो इसका मतलब यह नहीं है की कोई उनको धमकी दे। गिरिराज सिंह ने कहा कि आरसीपी सिंह के परिजन की हत्या हो जाए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुप रहें, अपनी जुबान बंद रखें, यह बिहार के लिए उचित नहीं है। अगर आप शासन-सत्ता में है तो किम जोंग की तरह तानाशाह नहीं बनिए। किम जोंग की तरह अपना विरोध करने वाले को साफ कर देंगे, यह दुर्भाग्य ही नहीं, अपशगुन है।जदयू विधायक गोपाल मंडल द्वारा लालू यादव को सठिया जाने संबंधी बयान दिए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा है कि हमें लालू यादव और नीतीश कुमार से कोई लेना देना नहीं है। बिहार का माहौल खराब हो रहा है। यह लोग पीएम बनने के लिए माहौल खराब कर रहे हैं। लालू यादव राहुल गांधी का नाम ले रहे हैं, जदयू के लोग नीतीश कुमार का नाम ले रहे हैं। जबकि बिहार और देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी के लिए अपना वोट सुरक्षित कर दिया है।

## संपादकीय

# चले सूर्य की ओर

**इसरो** के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को एक बार फिर ढेरों बधाइयां और प्रथम सौर मिशन की अंतिम सफलता की शुभकामनाएं...। 'चंद्रयान-3' की अनुपम सफलता के बाद इसरो ने 'आदित्य एल-1' मिशन का प्रक्षेपण किया है। फिलहाल यान पृथ्वी की कक्षा में घूम रहा है। इस मिशन के बाद अक्तूबर में 'गगनयान' का सफरनामा शुरू किया जाएगा। शुक्र पर जाने का भी लक्ष्य तय है। सूर्य के अध्ययन के लिए सैटेलाइट भेजने वाला भारत दुनिया का तीसरा देश है। अमरीका के नासा और यूरोपीय स्पेस एजेंसी के बाद मिशन इसरो ने भेजा है। कभी इस दिन, इन लम्हों और ऐसी उपलब्धियों की कल्पना भी की थी? सूर्य तो हम भारतीयों के लिए भगवान स्वरूपा देव हैं। हम सूर्य की उपासना करते हैं और मंत्रोच्चारण के साथ आस्था व्यक्त करते हैं। हमने ऐसी मिथकीय कहानियां भी पढ़ी हैं कि बाल हनुमान ने सूर्य को गोल-गोल फल समझ कर अपने मुंह में हड़प लिया था। यकीनन सृष्टि गहरे अंधकार में डूब गई होगी और हाहाकार मचने लगा होगा! उन आस्थाओं और कथाओं का आज भी सम्मान है, लिहाजा किसी भी अंतरिक्ष मिशन के प्रक्षेपण से पहले इसरो अध्यक्ष एवं अन्य वैज्ञानिक अपनी आस्था जताने मंदिरों तक जाते हैं। कल्पना यह भी करनी चाहिए कि मानवता और प्रौद्योगिकी ने कितनी ऊंची छलांग लगाई है कि सूर्य तक अंतरिक्ष यान भेजना और उसका सूक्ष्म अध्ययन करना तक संभव हो गया है। कोई भी मिशन सूर्य की सतह तक नहीं पहुंच सकता, क्योंकि सूर्य का तापमान 6000 डिग्री सेल्सियस बताया जाता है। सूर्य के गुरुत्वाकर्षण की परिधि में आने वाली कोई भी वस्तु भस्म हो जाएगी, लिहाजा हमारे वैज्ञानिकों ने लैगरेंज प्वाइंट-1 को चुना है। ऐसे 5 प्वाइंट हैं, लेकिन एल-1 ऐसी जगह है, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल स्थिर होता है। यानी 'आदित्य मिशन' एल-1 पर स्थिर रहकर अपनी जांच और सचित्र अध्ययन को अंजाम दे सकता है। यान पर 7 पेलोड हैं, जो तमाम सूचनाएं, संकेत और चित्र धरती पर इसरो तक पहुंचा सकते हैं। पृथ्वी से सूर्य की कुल दूरी करीब 1.5 करोड़ किलोमीटर है। इसरो का मिशन फिलहाल 1.5 लाख किलोमीटर का सफर तय करेगा। इसमें भी 125-127 दिन का वक्त लगेगा। अर्थात प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितीय गणना के बल पर 'आदित्य' चार माह से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहेगा और अंततः होलो ऑर्बिट तक पहुंचेगा। दरअसल सूर्य का गहन, सूक्ष्म अध्ययन इसलिए जरूरी है, क्योंकि पृथ्वी पर मानवीय जीवन उसी की बदौलत है। सभी ग्रह सूर्य की परिक्रमा करते हैं, लिहाजा सूर्य पर होने वाले बदलावों, तापमान की प्रक्रिया, ऊर्जा के निरंतर प्रवाहित होने वाले कणों से वे लगातार प्रभावित होते रहते हैं। अब उनका वैज्ञानिक अध्ययन करना अनिवार्य होता जा रहा है, क्योंकि मानवीय प्रयास चांद और मंगल तक तो पहुंच ही चुके हैं। बृहस्पति और शुक्र पर भेजे जाने वाले मिशनों पर काम किए जा रहे हैं।

हम सूर्य की उपासना करते हैं और मंत्रोच्चारण के साथ आस्था व्यक्त करते हैं। हमने ऐसी मिथकीय कहानियां भी पढ़ी हैं कि बाल हनुमान ने सूर्य को गोल-गोल फल समझ कर अपने मुंह में हड़प लिया था। यकीनन सृष्टि गहरे अंधकार में डूब गई होगी और हाहाकार मचने लगा होगा! उन आस्थाओं और कथाओं का आज भी सम्मान है, लिहाजा किसी भी अंतरिक्ष मिशन के प्रक्षेपण से पहले इसरो अध्यक्ष एवं अन्य वैज्ञानिक अपनी आस्था जताने मंदिरों तक जाते हैं। कल्पना यह भी करनी चाहिए कि मानवता और प्रौद्योगिकी ने कितनी ऊंची छलांग लगाई है कि सूर्य तक अंतरिक्ष यान भेजना और उसका सूक्ष्म अध्ययन करना तक संभव हो गया है। कोई भी मिशन सूर्य की सतह तक नहीं पहुंच सकता, क्योंकि सूर्य का तापमान 6000 डिग्री सेल्सियस बताया जाता है। सूर्य के गुरुत्वाकर्षण की परिधि में आने वाली कोई भी वस्तु भस्म हो जाएगी, लिहाजा हमारे वैज्ञानिकों ने लैगरेंज प्वाइंट-1 को चुना है। ऐसे 5 प्वाइंट हैं, लेकिन एल-1 ऐसी जगह है, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल स्थिर होता है। यानी 'आदित्य मिशन' एल-1 पर स्थिर रहकर अपनी जांच और सचित्र अध्ययन को अंजाम दे सकता है।

बहरहाल 'आदित्य' सूर्य की संरचना, उत्पत्ति, किरणों और उसके वायुमंडल का अध्ययन करेगा। ऐसे पेलोड भी भेजे गए हैं, जो अध्ययनों को रिकॉर्ड कर इसरो तक भेजेंगे। सौर हवाओं, तूफानों, बदलावों और भूकंपों के भी अध्ययन किए जाएंगे। मौसम के बदलाव पर भी मिशन की निगाहें रहेंगी। सूर्य के तापमान, बाहरी किनारों की हीटिंग, ऊर्जा की पद्धतियों और पराबैंगनी किरणों के भी अध्ययन किए जाएंगे। हमारा मिशन फिलहाल एक फीसदी क्षेत्र को ही कवर कर सकेगा। वैज्ञानिक एल-1 को 'अंतरिक्ष की पार्किंग' कहते हैं, लिहाजा वहां पहुंच कर और मिशन को स्थापित कर अध्ययन किए जा सकते हैं। दरअसल सूर्य पर होने वाली गतिविधियों की हमें पर्याप्त वैज्ञानिक जानकारी नहीं है। आजकल जलवायु परिवर्तन पर मंथन और चर्चाएं जारी हैं। क्या सूर्य की गर्मी पृथ्वी के तापमान और पर्यावरण को प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित कर रही है, इस निष्कर्ष पर हम तभी पहुंच सकते हैं, जब हमारे पास सूर्य के अध्ययन के साक्ष्य होंगे। बहरहाल अभी तक सूर्य के 22 मिशन भेजे जा चुके हैं, लेकिन इसरो जो कर रहा है, उससे वह इतिहास रचने जा रहा है। भारत अंतरिक्ष की शक्ति बनता जा रहा है, अब यह समूचे विश्व के सामने है। भारत की 'अंतरिक्ष स्टेशन' बनाने की भी योजना है। फिलहाल 'आदित्य एल-1' के सफर पर निगाहें हैं, क्योंकि यह सफलता भारत के लिए बेहद जरूरी है। देशवासियों को इसके सफल होने की कामना करनी चाहिए।

## कुछ अलग

# विभागों की दुरुस्ती लाजिमी

**विभागीय** कामकाज की दुरुस्ती के लिए जरूरी यह है कि नए लक्ष्यों के बजाय पुराने कामों का विश्लेषण किया जाए। दरअसल सरकारों की अदला-बदली व सियासत के बदलते मजमूनों ने हिमाचल के दफ्तरी माहौल को आगे दौड़ पीछे चौड़ में रहना सिखा दिया। इस तरह पांच साल बाद बेशक कुछ नए दस्तावेज तैयार हो जाते हैं, लेकिन असफल कंगूरे कहीं उपेक्षित रह जाते हैं। नई इमारतों के बीच अधूरे भवनों की गिनती कर लें, तो सैकड़ों बर्बादी के आलम में उपेक्षित और असहाय बन जाते हैं। परियोजनाएं अपनी उपयोगिता भूल कर सजायाफ्ता हो जाती हैं। आश्चर्य यह कि सरकारें बदलते पुलिस का ट्रैफिक बंदोबस्त, ट्रैफिक लाइट्स की रोशनी और सीसीटीवी कैमरे तक कबाड़ हो जाते हैं। पीडब्ल्यूडी अगर सडक़ों की आधी अधूरी ड्रेनेज व्यवस्था पर गौर करे, तो पता चल जाएगा कि क्यों इसे पूरा नहीं होने दिया गया। हम वर्षों से सुन रहे हैं कि शिक्षा विभाग व बोर्ड नकल रोकने के लिए नई सुर्खियां तलाश रहे हैं, लेकिन व्यवस्था को रेखांकित नहीं किया जा सका। अस्पतालों में इमारतों का शोर कमोबेश हर सरकार के दौर में सजावटी हो गया, लेकिन जहां मरीज आ रहे हैं, वहां माकूल डाक्टर नहीं होते। हम डेयरी उत्पादों की फेहरिस्त में हर बार जागृति शिविर लगा रहे होते हैं, लेकिन दूध की नदियां दिखाई नहीं देतीं। जरूरत है विभागीय स्थायित्व की, लेकिन हर बार राजनीति के वर्क चढ़ा कर हिमाचल की कार्यप्रणाली को खुद को बचाने का मौका मिल जाता है। वर्षों से वन महोत्सव मनाने वाले तथा 70 फीसदी जमीन उगाने वाले हिमाचल के नागरिकों को इमारती लकड़ी क्यों नहीं मिलती। पूरे प्रदेश ने इस त्रासदी में भी देखा कि ढहते मंजर के लिए हमारी वास्तुकला, निर्माण सामग्री तथा विकास के वैकल्पिक रास्ते दोषी साबित हुए। अब कहीं जाकर सरकार को ऐसा लगा कि जंगलों में गिरे पेड़ ही उठा लिए जाएं तो प्रदेश की हिफाजत होगी। आश्चर्य यह कि नियमों की कमी नहीं, लेकिन अतीत में रहे हमारे वन मंत्री फाइलों के सफेद पन्ने ही पढ़ते रहे। प्रदेश माने या न माने, राजनीति कुछ भी कहे या पर्यावरण संरक्षण के नाम पर वन विभाग को देवता बना दें, लेकिन सच यह है कि जंगल महकमे की कार्यशैली ने प्रदेश को अपंग बना दिया है। शिमला में पंद्रह सौ के करीब पौधे क्यों गिरे, इसका दोषी वन विभाग को क्यों न माना जाए। सडक़ों के किनारे अनावश्क रूप से खड़े पेड़ या आंधियों में गिरते पेड़ों से हुए नुक्सान की भरपाई कौन करेगा। बहरहाल जंगल में गिरे पेड़ों से संपत्ति बटोरी जाएगी। इसी तरह कमोबेश हर विभाग में उपेक्षित संपत्ति को अगर बटोरा जाए, तो प्रदेश के खातों में राहत के दिन लौटेंगे। बरसात के भारी नुकसान ने हमें खुद में झांकने की नसीहत दी है। अगर अपने ढह चुके मकान से आम आदमी नवनिर्माण की ईंटें खोज सकता है, तो हर विभाग को इसी तरह कुछ न कुछ ढूंढ निकालना होगा। प्राकृतिक त्रासदी के बाद नवाचार का एक नया संसार विकसित हो सकता है। प्रदेश में तकनीक बदलने की जरूरतें दिखाई दी हैं, तो हर विभाग को आर. एंड डी. के तहत काम का नजरिया बदलना होगा।

### भारत से निर्यात किये जा रहे 30 मुख्य उत्पादों में से 19 उत्पादों के निर्यात में कमी दर्ज की गई

# कमजोर मानसून एवं घटते निर्यात से भारत की आर्थिक विकास दर कम प्रभावित होगी

**प्रह्लाद सबनानी**

अप्रेल-जून 2023 तिमाही में भी सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर 10 .3 प्रतिशत की रही है। इसमें वित्तीय क्षेत्र, रियल एस्टेट एवं प्रोफेशनल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में 12 .2 प्रतिशत की वृद्धि दर भी शामिल है। इसी प्रकार व्यापार, होटेल, यातायात, कम्यूनिकेशन एवं बोरडकास्टिंग से सम्बंधित सेवाओं में 9 .2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर 3 .5 प्रतिशत की रही है। कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही में 16 प्रतिशत वृद्धि दर रही थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में घटकर 7 .9 प्रतिशत की रही है।

**भारत** में विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किया गए आंकड़ों का विश्लेषण करने पर ध्यान में आता है कि भारत, दुनिया की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। अप्रेल-जून 2023 तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि चीन में 6.3 प्रतिशत, इंडोनेशिया में 5.2 प्रतिशत, रूस में 4.9 प्रतिशत, अमेरिका में 2.1 प्रतिशत, जापान में 2 प्रतिशत, दक्षिणी कोरिया में 0.9 प्रतिशत, ब्रिटेन में 0.4 प्रतिशत एवं जर्मनी में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

भारत के सेवा क्षेत्र में लगातार मजबूत वृद्धि दर बनी हुई है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में अपनी भागीदारी को 60 प्रतिशत से ऊपर बनाए हुए है। अप्रेल-जून 2023 तिमाही में भी सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर 10.3 प्रतिशत की रही है। इसमें वित्तीय क्षेत्र, रियल एस्टेट एवं प्रोफेशनल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि दर भी शामिल है। इसी प्रकार व्यापार, होटेल, यातायात, कम्यूनिकेशन एवं बोरडकास्टिंग से सम्बंधित सेवाओं में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत की रही है। कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही में 16 प्रतिशत वृद्धि दर रही थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में घटकर 7.9 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में भारत में सबसे तेज गति से वृद्धि दर्ज करने वाले क्षेत्र हैं – वित्तीय सेवाएं एवं रियल इस्टेट 12.2 प्रतिशत, व्यापार, होटेल एवं यातायात 9.2 प्रतिशत, पब्लिक एड्मिनिस्ट्रेशन एवं डिफेन्स 7.9 प्रतिशत, कंस्ट्रक्शन 7.9 प्रतिशत, माइनिंग 5.8 प्रतिशत एवं मैन्युफेक्चरिंग 4.7 प्रतिशत। विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर को बढ़ाने के लिए अभी और कदम उठाए जाने की आवश्यकता महसूस हो रही है।

भारत से उत्पादों के निर्यात में लगातार 6ठे माह कमी दृष्टिगोचर हुई है। जुलाई 2023 माह में भी उत्पादों के निर्यात में 15.9 प्रतिशत की कमी देखी गई है। भारत से निर्यात किये जा रहे 30 मुख्य उत्पादों में से 19 उत्पादों के निर्यात में कमी दर्ज की गई है। अप्रेल-जून 2023 तिमाही में भी विभिन्न उत्पादों में निर्यात कम ही रहे हैं। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं में उत्पन्न हो रही समस्याओं के चलते भारत से उत्पादों में निर्यात कम हो रहे हैं। जब तक इन देशों की आर्थिक स्थिति सुधरती नहीं



है तब तक भारत से इन उत्पादों के निर्यात में भी सुधार की सम्भावना कम ही है।

दूसरे, भारत में अगस्त 2023 माह में मानसून की गतिविधियां बहुत कमजोर रही हैं। अगस्त 2023 माह में मानसून की वर्षा लम्बे समय के औसत की तुलना में 35 प्रतिशत कम रही है जो लगभग पिछली एक शताब्दी में अगस्त माह में सबसे कम मानसून की वर्षा है। कुल मिलाकर देश में मानसून की वर्षा सामान्य से 3 से 18 प्रतिशत तक कम रह सकती है। मानसून की वर्षा कम होने का सीधा असर देश के कृषि क्षेत्र पर पड़ेगा। खरीफ की फसल तो कुछ हद्द तक प्रभावित हुई है। देश में कम वर्षा के कारण पानी के भंडारण पर भी विपरीत असर दिखाई दे रहा है। आगे आने वाले समय में देश के कुछ भागों में पानी की कमी महसूस की जा सकती है, जिसके चलते रबी की फसल पर भी कुछ विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। परंतु, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सम्पन्न किए गए एक अध्ययन के अनुसार भारत के जिन क्षेत्रों में अनाज का उत्पादन होता है, उन क्षेत्रों में मानसून का मौसम समाप्त होने के पूर्व तक शायद मानसून की वर्षा की अधिक कमी नहीं रहे। अतः वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि क्षेत्र में उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में बहुत अधिक कम होगा, ऐसा जरूरी भी नहीं है।

केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों द्वारा पूंजीगत खर्चों में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही कई कम्पनियों की लाभप्रदता में सुधार के चलते इन कम्पनियों ने भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि की है। इस प्रकार, सरकारी एवं निजी क्षेत्र की कई कम्पनियां अब पूंजीगत खर्च के साइकल में प्रवेश कर गई हैं, इससे आगे आने वाले समय में देश के आर्थिक विकास को गति मिल सकती हैं। कोरोना महामारी के चलते पर्यटन का क्षेत्र बहुत अधिक प्रभावित हुआ था परंतु इस वर्ष पर्यटन के क्षेत्र में जबरदस्त उच्छाल देखने में आया है। इससे पर्यटन से सम्बंधित क्षेत्रों जैसे होटेल, यातायात, खुदरा व्यापार आदि में अतुलनीय गतिविधियां दृष्टिगोचर हुई हैं। इन गतिविधियों के आने वाले समय में और अधिक गति पकड़ने का अनुमान है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2023) के बाद से भी भारत के विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में विकास की गतिविधियां तेज बनी हुई हैं। इससे आभास होता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की शेष अवधि में भी देश में विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रह सकेगी। अगस्त 2023 माह में भारत के विनिर्माण क्षेत्र में अच्छी वृद्धि दर जारी रही है। एसएंडपी ग्लोबल पर्चेसिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) पिछले तीन माह के उच्चत्तम स्तर 58.6 पर पहुंच गया है। यह इंडेक्स विनिर्माण इकाईयों को मिल रहे नए ऑर्डर एवं इन इकाईयों में बढ़ रहे उत्पादन के चलते सम्भव हो पाया है। इसका आशय यह भी है कि आगे आने वाले समय में विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि जारी रहने की सम्भावनाएं बढ़ गई है।

भारत के 8 मूलभूत उद्योग क्षेत्रों में जुलाई 2023 माह के दौरान वृद्धि दर 8 प्रतिशत की रही है, यह जून 2023 माह में, पिछले 5 माह के उच्चत्तम स्तर, 8.3 प्रतिशत रही थी। जबकि जुलाई 2022 माह में यह वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत की रही थी। उक्त 8 मूलभूत उद्योग क्षेत्र में शामिल हैं, कोयला उद्योग, स्टील उद्योग, प्राकृतिक गैस, सेमेंट उद्योग, बिजली उत्पादन, रीफाईनरी उत्पाद, फर्टिलायजर उद्योग एवं कच्चा तेल उत्पादन। जुलाई 2023 माह में इन समस्त 8 मूलभूत उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रेल-जुलाई 2023 की अवधि के दौरान संचयी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत की रही है।

अगस्त 2023 माह में चार पहिया वाहनों (व्यावसायिक वाहनों सहित) की बिक्री में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। मारुति सुजुकी कम्पनी की चार पहिया वाहनों की बिक्री 14.48 प्रतिशत से बढ़कर 1.89 लाख वाहनों की रही है। महिंद्रा कम्पनी की वाहनों की बिक्री 19 प्रतिशत से बढ़ी है तो आईशर मोटर कम्पनी की वाहनों की बिक्री 10.66 प्रतिशत से बढ़कर 77,583 के स्तर पर रही है। इसी प्रकार, अशोक लीलैंड कम्पनी की व्यावसायिक वाहनों की बिक्री 10.30 प्रतिशत से बढ़कर 15,576 के स्तर पर पहुंच गई है। व्यावसायिक वाहनों में ट्रक की बिक्री को भी शामिल किया जाता है।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में मजबूत होता भारत

दुनिया की वित्तीय एजेंसियां यह टिप्पणी कर रही हैं कि चार दशक से विकास कर रहे चीन के लिए अब अवसान का समय आ गया है। खासतौर से चीन की अर्थव्यवस्था से वैश्विक आर्थिक जोखिमें उभरती जा रही हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की डगर पर चीन की अर्थव्यवस्था निराशाओं और मुश्किलों से घिरी हुई है। कोविड-19 की सुस्ती के बाद चीन की अर्थव्यवस्था के द्वारा रफ्तार पकडऩे की उम्मीद थी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। चीन के बाजार में सुस्त उपभोक्ता खर्च, निर्यात में गिरावट, बड़ी-बड़ी कंपनियों का दिवालियापन, युवाओं में बेरोजगारी से निराशा का बनता नया रिकॉर्ड, बढ़ते सरकारी ऋण, घरेलू मांग में कमी, फूड से लेकर मकानों के मूल्यों में भारी गिरावट, कारोबारी गतिविधियों का धीमी होना, निवेशकों के चेहरे पर निराशाएं, मांग की तुलना में अधिक उत्पादन, सामाजिक सुरक्षा की चिंता में अधिक बचत की प्रवृत्ति के कारण बाजार में खरीदी में कमी जैसी जटिल स्थितियों के बीच अब चीनी अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के रास्ते सीमित हो गए हैं।

**हाल** ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में चुनौतियों और उथल-पुथल के दौर के बीच भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। इस समय एक मजबूत आर्थिक देश के रूप में भारत दुनिया के सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा मिशन मोड में किए जा रहे सुधारों से भारत में कारोबारी सुगमता में वृद्धि हुई है। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में 100 से अधिक यूनिकार्न हैं। साथ ही जल्द ही भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर दुनिया के लिए विकास का इंजन बन जाएगा। गौरतलब है कि 23 अगस्त को प्रकाशित एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस रिपोर्ट के मुताबिक इस समय लडख़ड़ाती हुई वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भयावह काले बादल छाए हुए हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए 2023 में लगभग 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर संभावित की गई है। यह अगले वर्ष 2024 में और घटकर 2.4 फीसदी रह सकती है। यदि हम वैश्विक परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि पिछले वर्ष के दौरान तेजी से मौद्रिक नीति सख्त होने से वैश्विक आवास, बैंक ऋण और औद्योगिक क्षेत्र में कमजोरी आई है। स्पष्ट है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के हालात चुनौतीपूर्ण हैं। चीन, अमेरिका और जापान जैसी अर्थव्यवस्थाओं से भी चिंताजनक संदेश हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीन की अर्थव्यवस्था को एक ऐसे टाइम बम की संज्ञा दी है जो कभी भी फट सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब बुरे लोगों को दिक्कत होती है तो वे बुरे काम करते हैं। दुनिया की वित्तीय एजेंसियां यह टिप्पणी कर रही हैं कि चार दशक से विकास कर रहे चीन के लिए अब अवसान का समय आ गया है। खासतौर से चीन की अर्थव्यवस्था से वैश्विक आर्थिक जोखिमें उभरती जा रही हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की डगर पर चीन की अर्थव्यवस्था निराशाओं और मुश्किलों से घिरी हुई है। कोविड-19 की सुस्ती के बाद चीन की अर्थव्यवस्था के द्वारा रफ्तार पकडऩे की उम्मीद थी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। चीन के बाजार में सुस्त उपभोक्ता खर्च, निर्यात में गिरावट, बड़ी-बड़ी कंपनियों का दिवालियापन, युवाओं में बेरोजगारी से निराशा का बनता नया रिकॉर्ड, बढ़ते सरकारी ऋण, घरेलू मांग में कमी, फूड से लेकर मकानों के मूल्यों में भारी गिरावट, कारोबारी गतिविधियों का धीमी होना, निवेशकों के चेहरे पर निराशाएं, मांग की तुलना में अधिक उत्पादन, सामाजिक सुरक्षा की चिंता में अधिक बचत की प्रवृत्ति के कारण बाजार में खरीदी में कमी जैसी जटिल स्थितियों के बीच अब चीनी अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के रास्ते सीमित हो गए हैं। जहां चीन में इस समय मुद्रा संकुचन (मनी डिफ्लेशन) की स्थिति है, वहीं अमेरिका में मुद्रा स्फीति (मनी इनफ्लेनेशन) की स्थिति है। अमेरिका मार्च 2022 से अब तक 11 बार ब्याज दरों में इजाफा करने के बाद भी मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है। अमेरिका असाधारण ऋण से भी गुजर रहा है। पिछले तीन वर्षों में उसके कर्ज में करीब 8 लाख करोड़ डॉलर का इजाफा भी हुआ। परिणामस्वरूप रेटिंग एजेंसी फिच ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग को एए प्लस से कम करके एएए कर दिया है। जापान में भी हालात अच्छे नहीं हैं। जापान में मुद्रास्फीति बढ़ी हुई है। जापान में इसके लिए खाद्यान्न, ईंधन और टिकाऊ वस्तुओं की ऊंची कीमतें उत्तरदायी हैं। डॉलर के मुकाबले येन की कीमत में भारी गिरावट आई है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न नई वैश्विक रिपोर्टों के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति वाली होगी। भारत की विकास दर 2023 में 5.9 फीसदी व 2024 में 6.1 फीसदी अनुमानित है। दुनिया के प्रमुख आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा था कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा रखने वाला भारत वर्ष 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोडक़र दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आएगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है।



इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में आर्थिक वित्तीय सुधारों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में तेज वृद्धि की अहम भूमिका है। भारत बौद्धिक सम्पदा, शोध और नवाचार की डगर पर आगे बढक़र विभिन्न क्षेत्रों में विकास को अपनी मुठ्ठियों में कर रहा है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। कारोबार सुगमता के लिए नई लॉजिस्टिक नीति, महत्वाकांक्षी गति शक्ति योजना और नई विदेश व्यापार नीति (एफडीपी) के द्वारा नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए 1500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त किए जाने की अहम भूमिका है। भारत में उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान मील का पत्थर बनते जा रहे हैं। यह भी भारत की बढ़ती हुई वैश्विक आर्थिक साख की सफलता है कि आरबीआई ने जुलाई 2022 में डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए विदेशी व्यापार का लेन-देन रुपये में करने का प्रस्ताव किया था। अगस्त 2023 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ आयातित कच्चे तेल का भुगतान रुपए में करने की शुरुआत के बाद अफ्रीकी देशों सहित कई देशों ने रुपए में कारोबार के लिए सकारात्मक रुख दिखाया है। यद्यपि दुनियाभर में भारत सबसे तेज और आकर्षक अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में रेखांकित हो रहा है, लेकिन हमें देश की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना की अभूतपूर्व रणनीतियों से भारत को आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से आगे बढ़ाना होगा।

## देश दुनीया से

# ममता सरकार और अदालती फैसले

**कानून** व्यवस्था से खिलवाड़, भ्रष्टाचार और वोट बैंक के लिए सरेआम तुष्टिकरण जैसी नीतियों के कारण पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जितनी लताड़ खाई है, उतनी देश के किसी अन्य राज्यों की सरकारों ने शायद ही कभी खाई हो। आश्चर्य की बात यह है कि अदालतों से मिली मुकदमों में हार और फटकार के बावजूद ममता सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा। ममता सरकार का रवैया संविधान के कायदे-कानूनों का उल्लंघन करना रहा है। विपक्षी दलों ने ममता सरकार की इस प्रवृत्ति पर कभी पुरजोर तरीके से विरोध नहीं किया। सत्ता में होने का बेजा फायदा उठाने की लगातार बढ़ती पुनरावृत्ति पर अदालतों ने अंकुश लगाया है। ममता सरकार का रवैया ऐसा रहा है जैसे पश्चिमी बंगाल भारत के संवैधानिक दायरे से अलग कोई देश हो। नया मामला पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकायों में भर्ती घोटाले से जुड़ा है। पश्चिम बंगाल सरकार को अन्य मामलों की तरह इसमें भी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकाय मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि स्थानीय निकाय भर्ती और शिक्षक भर्ती घोटाले में लिंक है। इन दोनों मामले में वो सीबीआई और ईडी जांच का सामना कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली तीन जजों की पीठ ने कथित घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर राहत देने से इनकार कर दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने इस दलील को मान लिया कि ये सब बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। सीबीआई जांच काफी आगे पहुंच गई है। अब इसमें दखल देते हुए रोकना उचित नहीं है। इससे पहले भी ममता सरकार को भ्रष्टाचार सहित कई दूसरे महत्वपूर्ण मामलों में सुप्रीम कोर्ट से हार का सामना करना पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट से मिली लताड़ और हार के बावजूद ममता सरकार के रवैये में कोई विशेष सुधार नहीं आया। सरकार की न तो कार्यशैली बदली और न ही तृणमूल कांग्रेस में कोई तब्दीली नजर आई। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की बिना यूपीएससी के दखल के पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति की अनुमति देने की याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी के मामले में कहा था कि हमारे पिछले आदेश में बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने बार-बार एक ही तरह की याचिका दाखिल करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा था कि इस तरह के आवेदन कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट एक पुराने आदेश में कह चुका है कि हर राज्य को डीजीपी की नियुक्ति से पहले यूपीएससी से योग्य अधिकारियों की लिस्ट लेनी होगी। उसी लिस्ट में से चयन करना होगा। पश्चिम बंगाल सरकार का कहना था कि यह व्यवस्था गलत है। राज्य सरकार को चयन का पूर्ण अधिकार मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस व्यवस्था को लेकर भाजपा और अन्य विपक्षी दलों की राज्यों सरकारों ने कोई आपत्ति नहीं जताई। इन मामलों की तरह ही इस साल पश्चिम बंगाल में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा था। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी को जांच सौंपने का आदेश दिया था। कलकत्ता हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा ने साफ कहा कि हम विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। दरअसल पश्चिम बंगाल सरकार ने एनआईए को जांच ट्रांसफर करने के हाई कोर्ट के आदेश की आलोचना करते हुए कहा था कि किसी भी विस्फोटक का इस्तेमाल नहीं किया गया था और यह निर्देश राजनीतिक रूप से पारित किया गया था।

पश्चिम बंगाल सरकार को अन्य मामलों की तरह इसमें भी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकाय मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि स्थानीय निकाय भर्ती और शिक्षक भर्ती घोटाले में लिंक है। इन दोनों मामले में वो सीबीआई और ईडी जांच का सामना कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली तीन जजों की पीठ ने कथित घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर राहत देने से इनकार कर दिया।

## दृष्टिकोण

# शिक्षक दिवस तक सीमित न हो महिमा

**शिक्षक** का हर मानव के जीवन में विशेष स्थान होता है। यह शिक्षक ही है जो किसी मनुष्य को इनसान बनाता है। शिक्षक का स्थान मानव जीवन में भगवान और माता-पिता से भी ऊपर है। यही वजह है कि शिक्षक के बारे में जितना भी कहा जाए, कम ही है। तभी तो स्वयं कबीर दास जी इस विषय पर कहते हैं : 'सब धरती कागज करूं, लिखनी सब बनराय। सात समुद्र की मसि करूं, गुरु गुण लिखा न जाय॥' इसका अर्थ यह है कि यदि सम्पूर्ण पृथ्वी को कागज के रूप में परिवर्तित कर दिया जाए, साथ ही सातों समुद्र की स्याही बना ली जाए और क्यों न सभी जंगलों की कलम भी बना ली जाए, लेकिन इसके बावजूद शिक्षक की महिमा का संपूर्ण गुणगान किया जा सके, यह मुमकिन नहीं है। भारत में प्राचीन काल से ही गुरु-शिष्य की परंपरा का बहुत अधिक महत्व रहा है। हमारी संस्कृति के निर्माण में गुरु-शिष्य परंपरा का बहुत अधिक योगदान है। मानव के जीवन निर्माण के सभी स्तंभों में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। शिक्षक अपने शिष्य के जीवन के साथ-साथ उसके चरित्र निर्माण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कहा जाता है कि इनसान की सबसे पहली गुरु उसकी मां होती है, जो अपने बच्चों को जीवन प्रदान करने के साथ-साथ जीवन के आधार का ज्ञान भी देती है। इसके बाद अन्य शिक्षकों का स्थान होता है। किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करना बहुत ही विशाल और कठिन कार्य है। व्यक्ति को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उसके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करना उसी प्रकार का कार्य है, जैसे कोई कुम्हार मिट्टी से बर्तन बनाने का कार्य करता है। भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस अर्थात 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस मनाने की इच्छा जताई थी। पूर्व राष्ट्रपति डा. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डा. राधाकृष्णन का निधन चेन्नई में 17 अप्रैल 1975 को हुआ था। भूतपूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में ही उनके जन्म दिवस पर भारत में शिक्षक दिवस मनाने की शुरुआत हुई। भारत में सबसे पहले शिक्षक दिवस 5 सितंबर 1962 को मनाया गया था। वैसे तो विश्व भर में 100 से भी अधिक देशों में शिक्षक दिवस मनाया जाता है, मगर अन्य देशों में यह दिवस अलग-अलग दिन पर मनाया जाता है। भारत में यह दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन विश्व के सभी शिक्षकों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए याद किया जाता है। गुरु की भूमिका प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण रहती है, लेकिन आज के समय में शिक्षक के दायित्व को कुछ लोग भ्रष्ट आचरण से कलंकित कर रहे हैं। बेहतर समाज के भविष्य के लिए यह संकट व चुनौती है।



# यूक्रेन के बंदरगाहों पर रूस ने किया बड़ा हमला दुनिया में खड़ा हो सकता है गंभीर खाद्यान्न संकट

**मॉस्को।**

यूक्रेन के इजमेल बंदरगाह पर रूस ने बड़ा हमला किया है। यह बंदरगाह यूक्रेन के सबसे बड़े खाद्यान्न निर्यातक बंदरगाहों में से एक है। रूस ने इस बंदरगाह पर ड्रोन हमला किया, जिसमें बंदरगाह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन के बीच होने वाली अहम मुलाकात से पहले हुआ है।

**गहरा सकता है वैश्विक खाद्यान्न संकट**–मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इजमेल बंदरगाह यूक्रेन के ओडिसा क्षेत्र में दानुबे नदी पर बना है। रूस के ड्रोन हमले में बंदरगाह के वेयरहाउस, प्रोडक्शन बिल्डिंग, कृषि मशीनरी और उपकरणों को भारी नुकसान हुआ है। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बता दें कि यूक्रेन दुनिया के सबसे बड़े खाद्यान्न निर्यातक देशों में से एक है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से खाद्यान्न निर्यात बाधित हुआ है और इसका असर पूरी दुनिया में खाद्यान्न संकट के रूप में देखा जा रहा है। खासकर अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के कई देशों में खाद्यान्न संकट ज्यादा गंभीर है। अब अनाज निर्यात के लिए तैयार बंदरगाह पर हमले से खाद्यान्न संकट गहरा सकता है।

**काला सागर समझौता कराने की हो रही कोशिश**–वैश्विक संकट को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र और तुर्किए, रूस के साथ खाद्यान्न निर्यात के लिए काला सागर समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे यूक्रेन से खाद्यान्न निर्यात हो सके। इसे लेकर तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सोमवार को अहम बैठक होनी है, लेकिन इस बैठक से पहले ही यूक्रेन के बंदरगाह पर बड़ा हमला हुआ है, जिसमें खाद्यान्न का निर्यात करने वाले यूक्रेन के अहम बंदरगाह को भारी नुकसान हुआ है। जुलाई 2022 में हुए समझौते के तहत यूक्रेन के तीन बंदरगाहों से तीन करोड़ 60 लाख टन अनाज और अन्य सामान निर्यात के लिए तैयार है लेकिन छह हफ्ते पहले रूस ने इस समझौते से अपने हाथ पीछे खींच लिए थे। उसके बाद से दानुबे नदी पर बने बंदरगाहों पर कई बार हमले हो चुके हैं।

काला सागर समझौता मानने के लिए पुतिन ने कई मांग की हैं। इनमें रूसी उर्वरक कंपनियों के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों को हटाने की मांग, अमोनिया निर्यात को फिर से शुरू करने की मांग, भुगतान, रसद और शिपिंग बीमा पर पश्चिमी प्रतिबंधों से राहत देने, रूस के कृषि बैंक रोसेल खोज को अंतरराष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क स्विफ्ट से फिर से जोड़ने की मांग शामिल हैं। रूस का कहना है कि अभी तक उसकी मांगें पूरी नहीं हुई है, जिसके चलते ही यूक्रेन के बंदरगाहों पर हमले हो रहे हैं। इसी मुद्दे पर चर्चा के लिए सोमवार को रूसी राष्ट्रपति पुतिन और तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोगन के बीच सोची के काला सागर रिजॉर्ट में बैठक होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कनाडा में शादी समारोह में गोलीबारी, दो की मौत, छह घायल



**टोरंटो।** कनाडा के ओटावा में एक शादी समारोह के दौरान गोलीबारी की घटना हुई है। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है और छह अन्य घायल हो गए हैं। गोलीबारी की वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है और पुलिस द्वारा इसकी जांच की जा रही है। वहीं घायलों में अमेरिकी नागरिक भी हैं। हालांकि अमेरिकी नागरिकों की हालत खतरे से बाहर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना शनिवार देर रात की है। जब ओटावा के साउथ एंड कन्वेंशन हॉल में दो शादियों के रिसेप्शन आयोजित किए जा रहे थे। इसी दौरान कन्वेंशन हॉल की पार्किंग में अचानक से गोलियां चलने की आवाजें आईं। गोलियों की आवाज सुनकर लोग घबरा गए और शादी समारोहों में भगदड़ मच गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां कई लोग घायल मिले। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से दो ने दम तोड़ दिया। वहीं छह अन्य लोगों का अस्पाल में इलाज चल रहा है। मरने वाले दोनों युवक करीब 26 और 29 साल के हैं। दोनों कनाडा के सबसे बड़े शहर टोरंटो को निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि वह घटना की जांच कर रही है और गोलीबारी की वजह पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने कहा कि घृणा अपराध या नस्ल या धर्म के आधार पर गोलीबारी होने के सबूत नहीं मिले हैं लेकिन पुलिस इन आशंकाओं से इनकार भी नहीं कर रही है। अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दें कि कनाडा में हाल के सालों में गोलीबारी की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। साल 2023 में ही ओटावा में गोलीबारी की 12 घटनाएं हुई हैं। साल 2009 के मुकाबले कनाडा में गोलीबारी की घटनाएं 81 प्रतिशत बढ़ गई हैं।

### पाक के केयरटेकर पीएम ने कहा- भारत महान लोकतंत्र बने, परंतु कश्मीर मुद्दे का हल निकाले बगैर व्यापार असंभव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के केयरटेकर प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने कहा कि भारत को सबसे बड़े लोकतंत्र से सबसे महान लोकतंत्र बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के साथ संबंधों को सुधारना चाहते हैं पर इसके लिए कश्मीर मुद्दे का शांतिपूर्वक हल निकलना जरूरी है। भारत के साथ व्यापार के सवाल पर उन्होंने कहा कि कश्मीर के मुद्दे का हल निकाले बिना भारत के साथ व्यापार संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हम युद्ध नहीं चाहते हैं, हम शांतिपूर्ण ढंग से इस मुद्दे का हल चाहते हैं, लेकिन अगर शांति स्थापित नहीं होती है तो यह भारत, पाकिस्तान और दुनिया के लिए चिंता का विषय होगा। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार बंद है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने दोनों देशों के बीच होने वाले व्यापार को यह कहकर रोक दिया था कि धारा 370 की बहाली तक दोनों देशों के बीच व्यापार नहीं होगा। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पार्टी के नेताओं के जेल में होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि उनको पॉलिटिकल सिस्टम की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो यह पाकिस्तान की डेमोक्रेसी पर सवाल खड़े करता है। 9 मई को पाकिस्तान में हुई हिंसा की घटना के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान में सिविल वॉर की कोशिश थी। इसके निशाने पर आर्मी चीफ और उनकी टीम थी। उन्होंने कहा कि सैन्य ठिकानों और जवानों पर हमले की कोशिश करने वालों के खिलाफ मिलिट्री ट्रायल किए जाएंगे। इमरान को सरकारी खजाने (तोशाखाना) के तोहफे बेचने का दोषी पाया गया था। 5 अगस्त से वो जेल में हैं।



### फ्लोरिडा में चक्रवात के बीच आराम से साइकिल चलाता दिखा युवक, यूजर ने कहा- जोखिम उठाना खतरनाक है

**फ्लोरिडा।** फ्लोरिडा में इडालिया चक्रवात के कारण आधा शहर बाढ़ की पानी में डूब गया है। अधिकारी सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन करने की कोशिश कर रहे हैं। फ्लोरिडा से टकराने के बाद इडालिया दक्षिण-पूर्व जॉर्जिया में मूसलाधार बारिश और अचानक बाढ़ का खतरा पैदा कर दिया। सोशल मीडिया पर फ्लोरिडा के थांपा बे का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जो कि तुफान के तबाही मचाने के तुरंत बाद लिया रिकॉर्ड किया गया था। एक्स पर वायरल हो रहे इस वीडियो में फ्लोरिडा के एक व्यक्ति को भारी बाढ़ के बीच साइकिल चलाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो की कैप्शन में लिखा था, आधिकारिक चेतावनी के बावजूद एक व्यक्ति चार फीट की बाढ़ के पानी में साइकिल चलाने की कोशिश कर रहा है। इस वीडियो को अब तक लाखों लोगों ने देखा है और करीब दो हजार से भी ज्यादा लोगों ने पसंद किया है। इस वीडियो पर कई यूजर्स ने कमेंट भी किया है। उनमें से एक ने कहा, तूफान के समय अनावश्यक जोखिम उठाना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है वहीं एक दूसरे यूजर ने कहा, कुछ लोगों को यह अंदाजा नहीं होता है कि वह खुद को किस मुसीबत में डाल रहे हैं।

## पाकिस्तान में नेवी का हेलिकॉप्टर क्रैश

# दो अफसरों समेत 3 की मौत ; बलोच आतंकियों के गढ़ में हुआ हादसा

**क्वेटा।**

**पाकिस्तान नेवी का एक हेलिकॉप्टर मंगलवार दोपहर बलूचिस्तान के ग्वादर इलाके में क्रैश हो गया। इसमे दो अफसरों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। ग्वादर में चीन के कई प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। इनकी हिफाजत का जिम्मा पाकिस्तानी फौज की एक स्पेशल यूनिट के जिम्मे है। यहां बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का तगड़ा होल्ड है। पिछले महीने इसी इलाके में चीनी इंजीनियरों पर हमला हुआ था। इसमें 15 लोगों की मौत हुई थी। इनमें चार चीनी इंजीनियर थे। नेवी का यह हेलिकॉप्टर समुद्र में क्रैश हुआ है।**



सोशल मीडिया पर कुछ फुटेज वायरल हैं। इनमें दावा किया जा रहा है कि ये फुटेज उसी हेलिकॉप्टर के हैं, जो क्रैश हुआ है। हालांकि, पाकिस्तान नेवी या सरकार की तरफ से इनकी पुष्टि नहीं की गई है।

### रूटीन फ्लाइट पर थे अफसर

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- यह हेलिकॉप्टर वेस्टलैंड था। इसे पाकिस्तान नेवी में सी-किंग या समंदर का राजा कहा जाता है। सोमवार को इसने ग्वादर के नेवल बेस से उड़ान भरी थी। करीब 20 मिनट बाद यह ग्वादर पोर्ट के करीब एक पहाड़ी के ऊपर मंडराता देखा गया। इस पहाड़ी के ठीक पीछे समंदर है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक- टेक ऑफ के कुछ देर बाद हेलिकॉप्टर में टेक्निकल फॉल्ट आ गया था। पायलट ने इसे बेस पर ले जाने की काफी कोशिश की, लेकिन वो इसमें नाकाम रहा। इसके बाद हेलिकॉप्टर को पहाड़ी के दूसरी तरफ मैदान में लैंड कराने की कोशिश की गई। इसमें भी नाकामी हाथ लगी। चंद मिनट बाद ये क्रैश होकर समंदर में जा गिरा।

हेलिकॉप्टर में दो अफसर लेफ्टिनेंट कमांडर जवाद हुसैन और लेफ्टिनेंट कमांडर हमजा अशरफ के अलावा एक सैनिक हसनैन मौजूद थे। इनके शव अब तक बरामद नहीं किए जा सके हैं। नेवी की एक टीम मामले की जांच कर रही है। यह हेलिकॉप्टर रूटीन फ्लाइट पर था। दिन में इस तरह की तीन उड़ानें नेवी के अफसर करते हैं।

केयरटेकर प्राइम मिनिस्टर अनवार उल हक काकड़ ने हादसे पर अफसोस जाहिर किया है।

### बलोच आतंकियों का गढ़ है ग्वादर

पिछले महीने इसी ग्वादर इलाके में चीनी इंजीनियरों पर आतंकी हमला हुआ था। पाकिस्तान में मौजूद 'न्यूयॉर्क ताहा सिद्दीकी के मुताबिक हमले में 4 चीनी इंजीनियर, 9 पाकिस्तानी सैनिक और दो आतंकी मारे गए थे।

चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के एक थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए यहां चीनी इंजीनियर मौजूद हैं। दो साल पहले भी यहां चीनी इंजीनियरों पर फिदायीन हमला हुआ था। उसमें 9 इंजीनियर मारे गए थे।

बलूचिस्तान में पहले भी फौज और चीन के टेक्निकल स्टाफ पर हमले होते रहे हैं। पिछले महीने हमले की जिम्मेदारी भी बलोच लिबरेशन आर्मी ने ली थी। उसने सोशल मीडिया पर बयान जारी किया। कहा- हमले में हमारे दो शहीद शामिल थे। इनके नाम नवीद बलोच और खुदाबख्श उर्फ असलम बलोच हैं। दोनों ही तुरबत इलाके के रहने वाले थे। दोनों ही मजीद ब्रिगेड से ताल्लुक रखते हैं।

2014 में पाकिस्तान सरकार ने चीन के नागरिकों की सिक्योरिटी के लिए स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट बनाई थी। इसमें 4 हजार से ज्यादा सिक्योरिटी ऑफिशियल्स शामिल हैं। ज्यादातर सिक्योरिटी अफसर फौज से ताल्लुक रखते हैं। ये यूनिट 7567 चीनी नागरिकों को स्पेशल सिक्योरिटी मुहैया कराती है। अकेले बलूचिस्तान में चीनी नागरिकों की 70 मल्टी स्टोरीज बिल्डिंग हैं। इसके अलावा 24 टेम्परेरी कैम्प भी हैं।

## दक्षिण अफ्रीका ने रूस को भेजा हथियार !

# राष्ट्रपति रामाफोसा ने आरोपों को नकारा



**जोहानिसबर्ग।**

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने अपने देश पर लगे आरोपों को नकार दिया है। इसके लिए उन्होंने एक स्वतंत्र जांच का हवाला भी दिया। दरअसल, रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान दक्षिण अफ्रीका पर आरोप लगे थे कि उन्होंने रूस के हथियारों की आपूर्ति की है। रामाफोसा ने बताया कि एक स्वतंत्र जांच की रिपोर्ट आई है, जिसमें इन आरोपों के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है। राष्ट्रपति का कहना है कि इन आरोपों के कारण दक्षिण अफ्रीका की अर्थव्यवस्था पर हानिकारक प्रभाव पड़ा है।

**सबसे पहले अमेरिकी राजदूत ने किया था दावा**–दरअसल, मई 2022 में दक्षिण अफ्रीका में अमेरिका के उच्चायुक्त रूबेन ब्रिगेटी ने प्रिटोरिया में अमेरिकी दूतावास में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे पहले यह आरोप लगाए थे। ब्रिगेटी ने दावा किया था कि अमेरिका को जानकारी मिली है कि रूसी जहाज लेडी आर पिछले साल दक्षिण अफ्रीकी तट पर खड़ा था, जो हथियार से भरा हुआ था। ब्रिगेटी के इस दावे के कारण वैश्विक पटल पर दक्षिण अफ्रीका को काफी नुकसान हुआ।

**राष्ट्रपति ने जांच के लिए बनाई समिति**–ब्रिगेटी द्वारा किए गए दावों की सत्यता के बारे में पता लगाने के लिए रामाफोसा ने एक जांच समिति तैयार की। सेवानिवृत्त न्यायाधीश फिनीश मोजापेलो ने इसकी अध्यक्षता की। रामाफोसा ने कहा था कि जांच समिति की रिपोर्ट में अगर ब्रिगेटी का दावा सच पाया जाता है तो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**राष्ट्रपति ने देश को किया संबोधित**–राष्ट्रपति रामाफोसा ने रविवार को देश को संबोधित किया। इस दौरान रामाफोसा ने कहा कि जांच समिति को इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि लेडी आर जहाज पर हथियार लदे हुए थे। इसके अलावा जांच समिति न इस बात के सबूत मिले की हथियारों से लदा कोई रूसी जहाज दक्षिण अफ्रीका से रूस की ओर जा रहा हो। रिपोर्ट के अनुसार, साइमनस्टाउन में खड़ा वह जहाज रूसी नहीं था।

2018 में अफ्रीकी राष्ट्रीय रक्षा बल के हथियारों के लिए आर्म्सकोर को ऑर्डर दिया गया था, जिसके वितरण के लिए जहाज वहां खड़ा था। ब्रिगेटी का नाम लिए बिना राष्ट्रपति ने बताया कि जिन संस्थाओं और व्यक्तियों ने यह दावा किया था, उन्हें भी जांच के दौरान साक्ष्य पेश करने के लिए बुलाया था लेकिन वह कोई भी साक्ष्य पेश नहीं कर सके।

# मैं राष्ट्रपति बना तो ट्रंप को माफ कर दूंगा, भारतीय मूल के उम्मीदवार ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को घेरा

**वॉशिंगटन।**

अमेरिका के अगले राष्ट्रपति बनने की रेस में शामिल रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी लगातार अपने बयानों से चर्चा में बने हुए हैं। पिछले महीने हुए पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट में भी विवेक रामास्वामी छाए रहे और उसके बाद से उनकी लोकप्रियता में भी उछाल आया है। अब अपने एक बयान में विवेक रामास्वामी ने फिर कुछ ऐसा कह दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। दरअसल विवेक रामास्वामी का कहना है कि अगर वह राष्ट्रपति बनते हैं तो वह डोनाल्ड ट्रंप को माफ कर देंगे।



**डोनाल्ड ट्रंप को माफ कर दूंगा**–भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने एक टीवी शो के दौरान कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनते हैं तो वह खुद उन्हें समर्थन देंगे। साथ ही अगर मैं राष्ट्रपति बनता हूं तो मैं उन्हें (ट्रंप) माफ कर दूंगा क्योंकि इससे देश को एकजुट रखने में मदद मिलेगी। बता दें कि ट्रंप कई मुकदमों का सामना कर रहे हैं। इनमें जॉर्जिया चुनाव में दखल देने, एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को पैसे देने, कैपिटल हिल में हिंसा के लिए उकसाने और गोपनीय दस्तावेज लीक करने जैसे मामले शामिल हैं। रामास्वामी ने कहा कि ट्रंप के खिलाफ चल रहे मामले राजनीति से प्रेरित हैं।

**कमला हैरिस को बताया कठपुतली**–बता दें कि विवेक रामास्वामी रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों में अकेले ऐसे उम्मीदवार हैं, जो खुलकर ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। रामास्वामी ने कहा कि मैं ऐसे व्यक्ति को वोट देना पसंद करूंगा, जो देश को आगे ले जाने में सक्षम हो। मुझे नहीं लगता कि जो बाइडन ऐसा कर सकते हैं और ना ही उनकी अन्य कठपुतलियां जैसे कमला हैरिस वगैरह। रामास्वामी ने ये भी कहा कि उनके रिपब्लिकन पार्टी के अन्य उम्मीदवारों से मतभेद हो सकते हैं लेकिन उनका ऐसा मानना है कि वो भी बाइडन और हैरिस से बेहतर तरीके से अमेरिका को तरक्की के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

**ताइवान पर अमेरिकी नीति की आलोचना की**–विवेक रामास्वामी ने ताइवान को लेकर अमेरिका की नीति की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका, ताइवान को लेकर जो नीति अपनाता है, वह ताइवान को देश के रूप में मान्यता देने में असफल रहा है। साथ ही अमेरिकी नीति में रणनीति अस्पष्टता है और यह साफ नहीं है कि अगर चीन, ताइवान पर हमला करता है तो क्या अमेरिका उसकी रक्षा करेगा या नहीं। रामास्वामी ने कहा कि यह अमेरिका के हित में है कि चीन वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन पर चीन का नियंत्रण ना होने दे। विवेक रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका वन चाइना नीति का समर्थन करता है, जिसके आधार पर वह ताइवान को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता।

# जी20 सम्मेलन को लेकर बोले अमेरिकी राष्ट्रपति-भारत यात्रा का है इंतजार

**वॉशिंगटन।**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह जी20 सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। जो बाइडन सात सितंबर को भारत दौरे पर आएंगे। जहां आठ सितंबर को वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद 9 और 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।



**जो बाइडन बोले- भारत यात्रा का इंतजार**–जो बाइडन के भारत दौरे को लेकर पत्रकारों ने उनसे सवाल किया था। इस सवाल के जवाब में जो बाइडन ने कहा कि वह भारत यात्रा का इंतजार कर रहा हूं, लेकिन मैं इस बात से निराश हूं कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नई दिल्ली में आयोजित हो रहे सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं। बता दें कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत नहीं आ रहे हैं।

**अभी लिखित पुष्टि का इंतजार**–जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी की सम्मेलन में सहभागिता को लेकर अभी तक लिखित पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है। बता दें कि कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि शी जिनपिंग दिल्ली नहीं आ रहे हैं और उनकी जगह चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग भारत आएंगे। इस पर मुक्तेश परदेशी ने कहा कि हमने अखबारों में ये रिपोर्ट्स देखी हैं लेकिन हम लिखित पुष्टि के आधार पर ही काम करते हैं। अभी तक हमें यह नहीं मिली है, जब तक पुष्टि नहीं हो जाती तो वह इस पर कुछ नहीं कह पाएंगे।

**ये बड़े नेता होंगे शामिल**–बता दें कि नई दिल्ली में होने वाले शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा समेत अन्य नेता शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन में 10 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी जी20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंपेंगे।

**क्यों अहम है जी20 समूह**–जी20 समूह कितना महत्वपूर्ण है, इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि जी20 देश दुनिया की कुल जीडीपी का 85 प्रतिशत हिस्सा हैं। वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत और दुनिया की कुल जनसंख्या की दो तिहाई जनता जी20 देशों में रहती है। जी20 में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय यूनियन शामिल हैं।

## अगले साल अमेरिका को मिलेगा नया राष्ट्रपति : लोग चुनाव जीतने के लिए बढ़-चढ़कर पेश कर रहे हैं अपनी उम्मीदवारी

# निक्की हेली ने ट्रंप पर किया वार-'अमेरिकी किसी अपराधी को नहीं देंगे वोट'

**वाशिंगटन।**

अगले साल अमेरिका का नया राष्ट्रपति चुनाव जाएगा। इसके लिए सब अपनी उम्मीदवारी बढ़-चढ़कर पेश कर रहे हैं। एक तरफ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता देखने को मिल रही है। वहीं, भारतीय मूल की अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली का मानना है कि राष्ट्रपति चुनावों के लिए ट्रंप पार्टी के उम्मीदवार नहीं होंगे।

### सर्वे से खुलासा

हाल ही में एक सर्वे किया गया, जिससे पता चला है कि डोनाल्ड ट्रंप और रॉन डेसेंटिस के बाद लोकप्रियता रेटिंग के मामले में तीसरे स्थान पर 51 वर्षीय हेली हैं। वहीं, उनके भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवार विवेक रामास्वामी चौथे स्थान पर हैं।

### रिपब्लिकन का कोई भी उम्मीदवार बेहतर

हेली ने रविवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप अगले साल होने वाले चुनाव के लिए उम्मीदवार होंगे। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें लगता है कि वह ही उम्मीदवार बनेंगी। हालांकि, हेली ने इस बात भी जोर दिया कि वर्तमान सत्ता में मौजूद लोगों से बेहतर रिपब्लिकन का कोई भी उम्मीदवार है।

### अन्य सर्वे के अनुसार

सभी प्रमुख राष्ट्रीय सर्वों पर नजर रखने वाले रियलक्लीयर पॉलिटिक्स के अनुसार, ऐसे सभी सर्वेक्षणों के औसत की सूची में ट्रंप 53.6 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। उसके बाद डेसेंटिस 13 प्रतिशत, रामास्वामी 7.1 प्रतिशत और हेली छह प्रतिशत के साथ हैं।

संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत हेली ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन को दिए गए वोट उपराष्ट्रपति हैरिस के लिए है।

### अमेरिकी लोगों पर भरोसा

हेली ने एक सवाल के जवाब में कहा कि दोषी साबित होने तक वह निर्दोष है, लेकिन आप यह कह रहे हैं कि अमेरिकी लोग स्मार्ट नहीं हैं। अमेरिकी लोग किसी सजायाफ्ता अपराधी को वोट नहीं देने जा रहे हैं। अमेरिकी लोग ऐसे व्यक्ति को वोट देने जा रहे हैं जो आम चुनाव जीत सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे अमेरिकी लोगों पर भरोसा है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करने की जरूरत है। निक्की ने आगे कहा कि मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि हम किसी ऐसे व्यक्ति को चुनें जो कमला हैरिस को हरा सके। उन्होंने कहा कि हम कमला हैरिस जैसी राष्ट्रपति नहीं चुन सकते। इसलिए मुझे लगता है कि मैं हमेशा रिपब्लिकन उम्मीदवार का ही समर्थन करूंगी।



### युवा पीढ़ी को आगे आने दें

हेली ने यह भी कहा कि वह अमेरिकी सांसदों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए कार्यकाल-सीमा के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा, 'मैं पूरी तरह से कार्यकाल सीमा के पक्ष में हूं। मैं 75 वर्ष से अधिक उम्र के किसी भी व्यक्ति के लिए मानसिक योग्यता परीक्षण के पूरी तरह से पक्ष में हूं और मैं इसे अपमानजनक नहीं कह रही हूं। उन्होंने कहा कि जो लोग लंबे समय से पदों पर काम कर रहे हैं, उन्हें युवा पीढ़ी को आगे आने देना चाहिए।

### डेमोक्रेट की समस्या नहीं

उन्होंने कहा कि हम जाना चाहते हैं और अपने बच्चों के लिए काम करना शुरू करना चाहते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे पास एक मजबूत राष्ट्रीय सुरक्षा और मजबूत आर्थिक नीति है। यदि ये व्यक्ति सत्ता छोड़ने से इनकार करते हैं तो हम ऐसा नहीं कर सकते। यह सिर्फ रिपब्लिकन या डेमोक्रेट की समस्या नहीं है।

हेली ने कहा कि यह संसदीय समस्या है। उन्हें पता होना चाहिए कि कब जाना है। अब समय आ गया है कि जिम्मेदारियां रुढ़िवादी नेताओं की नई पीढ़ी को सौंप दी जाएं, जो हमारे देश को एक बेहतर जगह पर ले जाना चाहते हैं।

## भावी पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परंपराओं से जोड़ना जरुरी : अनूप कुमार



**यमुनानगर ( हिंस )।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में सोमवार को आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के द्वारा वैदिक प्रचार सप्ताह मनाया गया। जिसमें आर्य समाज की शिक्षाओं एवं वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार के लिए प्रतिवर्ष वैदिक सप्ताह मनाया जाता है। जिसमें यज्ञ, प्रवचन, व्याखान, भाषण एवम अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने बताया कि डीएवी संस्था से जुड़े लगभग सभी विद्यालय भाग लेते हैं। सभी विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य आर्य समाज तथा वैदिक धर्म की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार करना व लोगों को इससे अवगत करवाना होता है। इसी श्रृंखला में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी में यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के अध्यापिका मोनिका शर्मा, संगीता शर्मा, सोनिया मखीजा तथा छात्रों ने भाग लिया। विश्व कल्याण की कामना करते हुए प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपडा ने यज्ञ में प्रथम आहुति के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए पूर्णाहुति भी दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा द्वारा आर्य रत्न डॉ. पूनम सूरी की इच्छा का सम्मान करते हुए वैदिक सप्ताह का आयोजन किया गया है जो कि बहुत ही सराहनीय कार्य है।

# सनातन नहीं, कांग्रेस सहित इंडियन अलायंस होगा नष्ट : दीया कुमारी



**जयपुर ( हिंस )।** राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के खिलाफ दिए गए विवादित बयान को निंदनीय बताते हुए कहा कि उदयनिधि वास्तविक सनातन धर्म व संस्कृति से अनभिज्ञ है। उन्होंने कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन द्वारा इस बयान की निंदा न करने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी चुनावों में जनता इन्हें करारा सबक सिखाएगी। दीया कुमारी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि विश्व में श्रेष्ठ सनातन धर्म और संस्कृति प्रेम और सौहार्द की संस्कृति है। विदेशी आक्रांता भी सैकड़ों वर्षों तक अनेक प्रयास के बावजूद इसे नष्ट नहीं कर पाये। सांसद दीया कुमारी ने गहलोत सरकार के कार्यों को भी सनातन विरोधी बताते हुए कहा कि आम जनता गहलोत सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों से त्रस्त आ चुकी है और चुनावों में सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि सनातन का अर्थ ही शाश्वत यानि सदा बना रहने वाला है। इसका न आदि है, न अंत। हमारा सनातन चिरकालिक है। अर्थात सनातन कल था, आज भी है और कल भी रहेगा। उन्हें आमजन से इसे नष्ट करने की बात करने वाले कांग्रेस सहित इंडी अलायंस का पूर्णतः बहिष्कार करने का आव्हान किया है।

## लेने आए थे फीडबैक, सुननी पड़ी कांग्रेस गुटबाजों की नारेबाजी

**जींद ( हिंस )।** स्थानीय पीडबल्यूडी विश्राम गृह में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के स्टेट ऑब्जर्वर द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिलास्तरीय बैठक ली गई। बैठक में रणदीप सिंह सुरजेवाला गुट के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गोबैक ऑब्जर्वर के नारे लगाते हुए कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा की नहीं चलने दी जाएगी की बात की। सुरजेवाला गुट के एडवोकेट मनदीप हैबतपुर ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र ने ही ऑब्जर्वर बनाए हैं। कांग्रेस के दूसरे नेताओं का इसमें कोई रोल नहीं है। उन्होंने कहा कि नारे लगाने वाले कार्यकर्ता कांग्रेस के खिलाफ नहीं हैं। वह राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ हैं। बैठक में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी से स्टेट कॉआर्डिनेटर मयंक पटेल, पीसीसी ऑब्जर्वर मेवा सिंह, अजय शर्मा और जिला प्रभारी आनंद दांगी विश्राम गृह में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर फीडबैक लेने के लिए पहुंचे। बैठक में भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट, कुमारी शैलजा गुट और दूसरे कांग्रेसी पहुंचे थे। तभी रणदीप सिंह सुरजेवाला गुट के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां पहुंचते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। रणदीप सुरजेवाला समर्थकों ने ऑब्जर्वर वापस जाओ के नारे लगाते हुए कहा कि उन्हें कांग्रेस की मीटिंग की जानकारी ही नहीं दी गई थी। उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि वह बाप.बेटों की नहीं चलने देंगे। वहीं हुड्डा ग्रुप के नेता और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जगबीर ढिगाना ने कहा कि सभी को सोशल मीडिया और अखबारों के माध्यम से पिछले कई दिनों से सूचित किया जा रहा है।

# हुड्डा के सीएम बनते ही पांच सौ रुपए में मिलेगा सिलेंडर : गिल्लाखेड़ा



**फतेहाबाद ( हिंस )।** पूर्व संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा ने कहा कि लोक लुभावने वायदे कर केंद्र व प्रदेश में सत्ता में आई भाजपा सरकार ने जनता से किए अपने एक भी वायदे को पूरा नहीं किया है। आज हरियाणा बेरोजगारी के मामले में जहां नंबर वन है वहीं बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। प्रदेश की जनता आज अपने आप को ठगा-सा महसूस कर रही है और आने वाले चुनावों में भाजपा का सुपड़ा साफ होने वाला है। वह सोमवार को गांव मोहम्मदपुर रोही में लीलूराम सिहाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा ने कहा कि 2014 में भाजपा ने सत्ता में आने से पहले जनता से महंगाई व बेरोजगारी कम करने सहित अनेक लोक लुभावने वायदे किए। हर साल देश में 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वायदा किया गया, लेकिन युवाओं को नौकरी देने की बजाय करीब चार करोड़ युवाओं की नौकरी छीनने का काम किया गया है। हरियाणा में तो जब से भाजपा सत्ता में आई है, बेरोजगारी के आंकड़े रोज रिकार्ड तोड़ रहे हैं। स्कूलों में बच्चे न होने की बात कहकर खट्टर सरकार अब तक 4 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों को बंद कर चुकी है। उन्होंने कहा कि जब स्कूलों में मास्टर ही नहीं होंगे तो बच्चे कहां से आएंगे। प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने के बाद से एक भी मास्टर को नहीं लगाया है। उन्होंने वायदा किया कि प्रदेश में हुड्डा सरकार के बनते ही पहला काम बहनों को राहत देने का काम किया जाएगा। गैस सिलैण्डर के दाम 500 रुपए किए जाएंगे। कांग्रेस ने ऐसा राजस्थान में करके भी दिखाया है। इसके अलावा प्रदेश में 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी, वहीं बुढ़ापा पेंशन को बढ़ाकर 6 हजार किया जाएगा।

## अराजक और तुष्टिकरण की सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया : शेखावत



**रामदेवरा ( हिंस )।** भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के तीसरे चरण का शुभारंभ सोमवार को लोकदेवता बाबा रामदेव की धरती से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जनता का आह्वान किया कि अब इस अराजक और तुष्टिकरण की सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। शेखावत ने कहा कि वर्तमान अजराजक और भ्रष्टाचारी सरकार के कारण राजस्थान पिछड़ रहा है। जो प्रदेश कभी विकास के सभी पैरामीटरर्स में देश के अग्रणी राज्यों में था। उसको आज भ्रष्टाचार, बलात्कार, पेपरलीक और माफियाराज में देश के पहले पायदान पर पहुंचाने का पाप अशोक गहलोत सरकार ने किया है। इस सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति के चलते प्रदेश को दंगों में झौंक दिया गया। उन्होंने कहा कि यह जो इंडी एलायंस बना है। इसके लोगों ने सनातन धर्म को समाप्त करने का संकल्प सामने रखा है। कांग्रेस पार्टी सनातन का विरोध करने वालों के साथ खड़ी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में कितने ही आक्रांता आए, लेकिन पश्चिम राजस्थान के रणबांकुरों ने इस धरती को अपने खून से सींच कर सनातन को जिंदा रखा। राजस्थान के वीर सपूतों ने इस संस्कृति के मानबिंदुओं की रक्षा के लिए पीढ़ियां कुर्बान की थीं, लेकिन आज यह कांग्रेस पार्टी जिन लोगों के साथ खड़ी है, वह सनातन संस्कृति को खत्म करने का आह्वान कर रही हैं। शेखावत ने कहा कि ये वही कांग्रेस है, जो जिसके लोग कभी भगवान राम को अस्तित्व के नकारते हैं। कभी रामसेतु को काल्पनिक बताते हैं तो कभी राम मंदिर के निर्माण में अवरोध करते हैं। शेखावत ने कहा कि यह कांग्रेस *भारत तेरे टुकड़े होंगे* का नारा लगाने वालों के साथ खड़े होने का पाप करती है। ये लोग ऐसा नारा देने वाले कन्हैया कुमार जैसों को अपनी पार्टी का प्रत्याशी बनाने का काम करते हैं। आज हमारा संघर्ष ऐसे लोगों के साथ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण की मानसिकता कांग्रेस में अंदर तक भरी हुई है। बहुसंख्यक हिंदू समाज को मानसिक रूप से कमजोर करने के लिए उन्होंने सांप्रदायिक ताकतों का समर्थन किया। नतीजा यह रहा कि करौली, जोधपुर में दंगा हुआ। राम दरबार को क्रेन से तोड़ा गया। अलवर में शिव दरबार को जेसीबी से हटाया गया। कार्रवाई से लेकर जांच तक में तुष्टिकरण किया गया। इससे अलगाववादी ताकतों के हौसले बुलंद हुए। इसका नतीजा यह हुआ कि इन अलगाववादी ताकतों ने उदयपुर में कन्हैयालाल का सिर धड़ से अलग कर दिया। शेखावत ने कहा कि देश इस समय संधि काल में है। मोदीजी के नेतृत्व में देश संपरिवर्तन की ओर जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व को सबसे शक्तिशाली देश बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं, दूसरी ओर कांग्रेस सहित विपक्षी दल देश के टुकड़े-टुकड़े करने का ख्वाब देखने वालों के साथ खड़ा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजस्थान में आठ लाख करोड़ रुपए केंद्रीय सहायता दी गई। जो यूपीए की सरकार की तुलना में पांच-छह गुना ज्यादा थी। रेलवे, रोड, बिजली और जल जीवन मिशन के लिए धनराशि दी गई, लेकिन उस पैसे में भ्रष्टाचार की लूट चल रही है। शेखावत ने कहा कि अब राजस्थान में भ्रष्टाचार की इस कांग्रेस सरकार को हमेशा के लिए उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह वही सरकार है, जिसने कर्जमाफी के नाम पर किसानों के साथ धोखा किया। बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर युवाओं को धोखे में रखा। अब मुफ्त बिजली के नाम पर बिजली गुल है। किसान की फसलें चौपट हो गईं। फसल बीमा में झूठे कागज बनाकर घोटाला किया जा रहा है।

## सिद्धू मूसेवाला को नहीं मिल रहा इंसाफ, नाराज वकील ने नहर में उतार दी थी अपनी थार

**जालंधर ( पंजाब )।** एक वकील ने अपनी थार जालंधर की बस्ती बावा खेल नहर में फेंक दी। वकील सिद्धू मूसेवाला के लिए इंसाफ मांग रहा था। वहीं इलाके के थानेदार राजेश ठाकुर का कहना है कि वह थार के मालिक का पता लगवा रहे हैं जबकि थार मालिक वकील हरप्रीत खुलेआम कह रहा है कि मूसेवाला को इंसाफ न मिलने उसने पर गुस्से में अपनी थार गाड़ी नहर में फेंक दी। वहीं इस घटना के वक्त नहर में नहा रहे बच्चे बाल-बाल बच गए। बच्चों ने थार गाड़ी को अपनी तरफ आते हुए देख लिया और वहां से भाग गए। एडीसीपी सिटी आदित्य को भी इसकी जानकारी नहीं है। बताने पर वे चौंक गए और कहा कि अच्छा ऐसी बात है तो वह चेक करेंगे। वहीं घटना के बाद मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया और वहां पर हंगामा भी हुआ। हादसे के बाद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर हालात देखने के बाद क्रेन बुलाई। क्रेन की मदद से थार गाड़ी को नहर से बाहर निकाला गया। बाद में थार गाड़ी को चला रहे युवक और उसमें सवार युवकों को भी पुलिस थाना बावा बस्ती खेल में ले गई है। नहर में थार फेंकने वाले एडवोकेट हरप्रीत सिंह ने कहा कि सिद्धू मूसेवाला को इंसाफ नहीं मिल रहा है। उसके माता-पिता हत्यारों के बारे में बता रहे हैं, उन्हें पकड़ा नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिद्धू मूसेवाला को इंसाफ के लिए उन्होंने नहर में थार गाड़ी फेंकी है।

### चार दिन से थमे हैं *जीवनदायिनी* के पहिए

# संविदा कैडर में शामिल करने की मांग को लेकर पहले दौर की वार्ता विफल



**जयपुर ( हिंस )।** जीवनदायिनी कही जाने वाली एंबुलेंस 104 और 108 के पहिए चार दिन से ठप पड़े हैं। इनमें सेवा देने वाले हजारों कर्मचारी हड़ताल पर हैं और सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के बाहर धरने पर बैठे हैं। ऐसे में हादसों में घायल मरीजों, गर्भवती महिलाओं और अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी आ रही है। हालांकि, हड़ताल के चार दिन बाद आज हड़ताली कर्मचारियों और सेवा प्रदाता कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की समझौता वार्ता हुई, लेकिन आधे घंटे चली इस बैठक में कोई सकारात्मक समाधान नहीं निकल पाया है। ऐसे में फिलहाल एंबुलेंस 104 और 108 के कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने की कोई राह नहीं निकल पाई है। दरअसल, प्रदेश की एंबुलेंस 104 और 108 में सेवा देने वाले नर्सिंग स्टाफ और चालक लंबे समय से कम मानदेय पर काम कर रहे हैं। अब उन्होंने संविदा कैडर में शामिल करने या नियमित करने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है। अपनी मांग को लेकर उन्होंने हर स्तर पर अपनी बात पहुंचाई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब एम्बुलेंसकर्मी चार दिन से गाड़ियों का चक्का जाम कर हड़ताल पर पर बैठे हैं। हड़ताल पर बैठे एंबुलेंस कर्मियों पर सेवा प्रदाता कंपनी ने शिकंजा कसते हुए थाने में उनके खिलाफ एस्मा कानून के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है। सेवा प्रदाता कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के मैनेजर विजय सिंह ने मालवीय नगर थाने में रेस्मा कानून के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है। हालांकि, हड़ताली एम्बुलेंसकर्मी धर्मेंद्र शर्मा का कहना है कि चाहे मुकदमा दर्ज करवाएं या उन्हें जेल में डाल दें लेकिन संविदा कैडर में शामिल करने की मांग पूरी होने तक वे आंदोलन खत्म नहीं करेंगे।

## हम चांद पर पहुंच गए, अब हॉलीवुड फिल्मों से भी कम बजट में सूर्य की तरफ बढ़ रहे : रक्षामंत्री



**जयपुर ( हिंस )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर कई तंज कसे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत जिस गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर बैठे हैं, उसका क्लच और एक्सीलेटर कोई और दबा रहा है। रक्षा मंत्री सोमवार को रामदेवरा में भाजपा की तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए 28 दल एक साथ आए हैं। इस गठबंधन के हालात ऐसे हैं कि नाम बड़े और दर्शन छोटे। इन्हीं के गठबंधन के लोग सनातन धर्म को चोट पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस चुप है। राहुल, प्रियंका और सोनिया गांधी इस पर क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं। सनातन धर्म का न कोई जन्म है, न अंत है। चंद्रयान की लांचिंग और लैंडिंग तो सफलतापूर्वक हो गई, लेकिन राहुलयान की 20 साल से न तो लांचिंग हो पाई है न ही लैंडिंग हो पाई है। यह यात्रा जोधपुर संभाग में 20 दिन में 51 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि 56 महीने में 10 लाख मुकदमे हुए हैं। 7650 निर्दोष लोगों की हत्या राजस्थान में हुई है। राजस्थान जैसे हालात कहीं नहीं हैं। दो लाख में से 31 हजार मामले दुष्कर्म के हैं। छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया गया है। जोधपुर में पूरे परिवार की हत्या हुई है। उदयपुर में जो हुआ, वो भी सभी को याद है। यह यात्रा परिवर्तन का शंखनाद है। कांग्रेस और भाजपा के शासन का लोग खुद आकलन करें कि पहले क्या माहौल था और अब क्या माहौल है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पांच परमाणु परीक्षण इसी भूमि पर हुए हैं। यह भूमि कई मायनों में गौरव बढ़ाने वाली है। 1998 में भारत ने जो छलांग परमाणु परीक्षण कर लगाई थी। उसी तरह की छलांग 23 अगस्त को चंद्रयान-3 ने चांद पर उतरकर लगाई है। भारत चांद पर तो पहुंच गया है। अब 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर हम आदित्य-एल1 से सूर्य की तरफ जा रहे हैं।

# नूंह हिंसा के वाट्सएप चैटिंग ने खोले कई नए राज



नूंह पुलिस के राडार पर 20 वाट्सएप ग्रुप हैं, जिनकी गहनता से पुलिस जांच कर रही है। ऐसे ग्रुपों को चलाने वाले और उनसे जुड़े लोगों की भूमिका नूंह दंगों में संदेह के घेरे में है। नूंह में जिस तरह से चंद

**गुरुग्राम ( हिंस )।** नूंह हिंसा के बाद राजनीतिक बयानबाजियों के बीच अब हिंसा को लेकर नया खुलासा हुआ है। जांच और गिरफ्तारियों के बीच नूंह हिंसा में गैंग 0011 का नाम उजागर हुआ है, जिसने हिंसा से एक दिन पहले 60 लोगों के वाट्सएप के माध्यम से 31 जुलाई को बृजमंडल यात्रा पर हमले की साजिश रची थी। बजरंग दल की यात्रा को किसी भी तरह से कामयाब नहीं होने देने के लिए 30 जुलाई को रची गई साजिश के तहत 31 जुलाई को हिंसा, आगजनी, खून-खराबा की घटना को अंजाम दे दिया गया। नूंह के आरोपियों की धरपकड़, गिरफ्तारियों के बीच पुलिस ने गैंग 0011 के नाम से वाट्सएप ग्रुप संचालित करने वाले इसके एडमिन को गिरफ्तार किया है। नूंह के ही फिरोजपुर नामक गांव से गिरफ्तार किए गए आरोपी वसीम उर्फ टीटा ने पुलिस पूछताछ में राज उजागर किए। मिनटों में ही उपद्रव फैला, उसी को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, शुरुआत जांच में तो पुलिस ने इस हिंसा के योजनाबद्ध तरीके से होना इंकार किया था। परत-दर-परत जांच के दौरान जो तथ्य, जानकारियां सामने आ रही हैं, उससे कहीं ना कहीं यह तस्वीर साफ हो रही है कि एक दिन पहले बृजमंडल यात्रा पर हमले की योजना बनाई ही गई थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने यह खुलासा किया है कि साइबर पुलिस थाना उनके निशाने पर था। पुलिस थाना को ध्वस्त करने के लिए एक बस तैयार की गई थी। नूंह में दंगे शुरू होने के बाद अफरा-तफरी मची। बस की व्यवस्था करने के बाद विभिन्न गांवों में गिरोह के सदस्यों को इकट्ठा किया गया। वह साइबर पुलिस थाना पर हमला करने के बाद अन्य स्थानों पर हिंसा करने पहुंच गए।

# गुजवि छात्रा का संयुक्त राज्य अमेरिका में शोध के लिए चयन

**हिसार ( हिंस )।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की छात्रा मोनिका का संयुक्त राज्य अमेरिका के मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय, बोस्टन में शोध कार्य के लिए चयन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार छोक्कर ने छात्रा मोनिका व उसके अभिभावकों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा मोनिका ने विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान से शैक्षणिक सत्र 2020-22 में एमएससी केमिस्ट्री से उर्तीण की है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि मोनिका की इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय पहचान और अधिक मजबूत हुई है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक विकास विश्व स्तर पर जा रहा है। छात्रा का चयन इस कड़ी में मील का पत्थर साबित होगा। शोध कार्यक्रम में विद्यार्थियों का चयन होना न केवल विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करता है बल्कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में लगातार विकसित की जा रही दक्षता को भी दर्शाता है। छात्रा मोनिका ने बताया की छात्रवृत्ति की राशि 58038 अमेरिकी डॉलर है और यह अगले पांच साल तक प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिए मिलेगी। शोध कार्य केमिस्ट्री एंड बायोलॉजी ऑफ कार्बोहाइड्रेट पर रहेगा एवं इस विषय पर उनके सुपरवाइजर डॉ. क्विंग जियांग ली होंगे। मोनिका ने बताया कि मेरे लिए बड़े गर्व की बात है कि मेरे पिता सुभाष चंद्र विश्वविद्यालय के बॉयज हॉस्टल में असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। कुछ समय पूर्व ही विभाग की छात्रा इरा व नीतिका का भी अमेरिका की यूनिवर्सिटी में शोध के लिए चयन हुआ है। इसके लिए विश्वविद्यालय एवं रसायन विज्ञान विभाग बधाई के पात्र है।

## आर्य महासम्मेलन में महर्षि दयानंद से जुड़े राजवंश 23-24 को होंगे सम्मानित



**जयपुर ( हिंस )।** जिन राजाओं ने महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद को अपने राज्य में बुलाकर उनका सम्मान किया और उनके सामाजिक कार्यों में सहायता की उनमें अजमेर के मसूदा एवं भिनाय के राजा भी प्रमुख हैं। आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान जयपुर में 23-24 सितंबर को आयोज्य प्रांतीय आर्य महासम्मेलन में उनके वंशजों एवं उत्तराधिकारियों को सम्मानित करेगी। महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्म की दूसरी शताब्दी मनाने के लिए जयपुर में आयोजित हो रहे प्रांतीय आर्य महासम्मेलन के मुख्य संयोजक एवं पूर्व राजनयिक डॉ. मोक्षराज ने इसके लिए मसूदा हाउस शास्त्रीनगर एवं भिनाय हाउस, आदर्श नगर में मसूदा नरेश राव बहादुर सिंह के उत्तराधिकारी वंशज दुष्यंत सिंह व दुर्जन सिंह तथा भिनाय हाउस आदर्शनगर में भिनाय के राजा शार्दूल सिंह की वंशज जयेश्वरी को आर्य महासम्मेलन में आमंत्रित किया है। डॉ. मोक्षराज ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर राजस्थान कॉलेज ग्राउंड में 23-24 सितंबर को आयोजित आर्य महासम्मेलन में उन सभी राजवंशों एवं उनके उत्तराधिकारियों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिन्होंने महर्षि दयानंद के धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय जागरण में सहायता की, उनमें धौलपुर, भरतपुर, करौली, मसूदा, भिनाय, बनेडा, शाहपुरा, जोधपुर, उदयपुर आदि के राजाओं के नाम प्रमुख हैं। अजमेर में प्रमुख तीन राजवंशों से भेंट के दौरान महर्षि दयानंद शोध पीठ के पूर्व निदेशक एवं पर्यावरण विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण कुमार माथुर भी साथ थे, जिन्होंने सभी से आर्य महासम्मेलन में आने का विशेष आग्रह किया। भेंट के दौरान डॉ. मोक्षराज से अपने पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास को जानकर अभिभूत हुए दुष्यंत सिंह, दुर्जय सिंह, दीपिका सिंह एवं जयेश्वरी ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की एवं सम्मेलन में आने की सहमति दी। डॉ. मोक्षराज ने बताया कि अजमेर महर्षि दयानंद सरस्वती की कर्मभूमि एवं निर्वाण स्थली है। सेठ बंसीधर का बाग (शारदा भवन), कर्नल ब्रुक्स का निवास (सर्किट हाउस), सेठ फतहमल की वाटिका (अग्रसेन नगर), सेठ गजमल की हवेली (नगर मोहल्ला), सेठ लक्ष्मीनारायण की हवेली (लाखन कोटड़ी), सेठ रामप्रसाद करणीदान का बाग (राम प्रसाद घाट) दौलत बाग (सुभाष उद्यान) मसूदा हवेली (पुरानी मंडी) भिनाय की कोठी (आगरा गेट) मलूसर श्मशान (पहाड़ गंज), ऋषि उद्यान (पुष्कर मार्ग) कोटा घाट-जोधपुर घाट, ब्रह्मा जी का मंदिर (पुष्कर) भूता खेड़ी (नसीराबाद) सोनमगरी पहाड़ी (मसूदा), सुखसागर नवग्रह मंदिर (किशनगढ़) आदि अजमेर के ऐसे स्थान हैं, जहाँ महर्षि दयानंद सरस्वती ने 3 दिन से लेकर 22 दिन तक प्रवास के दौरान अनेक शास्त्रार्थ किए तथा बाल विवाह, ब्रह्मचर्य, ईश्वर-जीव-प्रकृति, मृत्युभोज, अछूतोद्धार, जडपूजा, मजार पर चादर चढ़ाने आदि विषयों पर उपदेश दिए। मसूदा नरेश राव बहादुर सिंह की प्रेरणा से महर्षि दयानंद सरस्वती ने वहां के जैन मतावलंबियों को यज्ञोपवीत प्रदान कर वैदिक धर्म में दीक्षित किया। इन्हीं जैन परिवारों में राजस्थान के पूर्व लोकायुक्त न्यायमूर्ति सज्जन सिंह कोठारी का परिवार भी प्रमुख है।

## सनातन धर्म सभा की ओर से कल निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**उधमपुर ( हिंस )।** सनातन धर्म सभा उधमपुर की एक बैठक सनातन धर्म सभा कार्यालय उधमपुर में प्रधान एडवोकेट विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमें आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य पर सनातन धर्म सभा की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निकाली जाने वाली शोभा को लेकर चर्चा की गई। वहीं प्रैस वार्ता के जरिए इसकी जानकारी देते हुए प्रधान एडवोकेट विजय कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में एक शोभा यात्रा का कार्यक्रम बुधवार 6 सितंबर 2023 को होगा। जिसमें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक संस्थाओं की झांकिया सनातन धर्म सभा उधमपुर के कार्यालय के बाहर 3 बजे बुधवार 6 सितंबर 2023 को एकत्रित होंगी।



# अमेरिका के डाक कर्मचारी ने की निवासियों से धोखाधड़ी, चुराए 14 करोड़ से अधिक रुपये के चेक

**वाशिंगटन।**
अमेरिका में एक बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। बताया जा रहा है कि यहां के संयुक्त राज्य डाक सेवा (यूएसपीएस) के एक कर्मचारी ने अमेरिकी मेल से 14 करोड़ से अधिक रुपये के चेक चुराकर अपने बैंक खातों में जमा कर दिए। बता दें, हचिकोसेला खोस मुचिम्बा ने 16 फरवरी, 2020 को फ्रेंडशिप पोस्ट ऑफिस स्टेशन पर यूएसपीएस में एक मेल वाहक के रूप में काम करना शुरू किया था। 31 जनवरी, 2021 तक उसने यही काम किया। जब्त की गई राशि से दोगुनी सिविल अदालत के आदेशानुसार, एक बैंक खाते से चार लाख डॉलर से अधिक यानी 3,30,98,160 रुपये जब्त किए गए है। यह खाता मुचिम्बा का बताया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि शख्स ने धोखाधड़ी से 14 करोड़ से अधिक राशि जमा की, जो जब्त की गई राशि से दोगुनी से भी अधिक है। जांचकर्ताओं ने 13 दिसंबर, 2021 तक लोगों से चुराए गए चेक की सूची बनाई है। अदालत में दी गई याचिका के अनुसार, मुचिम्बा ने अमेरिकी ट्रेजरी से चेक में बदलाव किया और उन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से बैंक खातों में जमा करने से पहले अपना नाम और पता जोड़ा। बाद में अपने बैंक खातों में जमा करवा दिया। 29 मार्च को एक तलाशी वारंट जारी किए जाने के बाद, कानून प्रवर्तन ने ओल्नी, मैरीलैंड बैंक खाते में 3,30,98,160 रुपये से अधिक की जमा राशि की रसीदें भी बरामद कीं। वहीं, मेल और फंड के नुकसान में उसकी कथित संलिप्तता के कारण ऑफ-ड्यूटी (बिना वेतन) पर भेज दिया था। बता दें, मामला सामने तब आया, जब इस साल जनवरी में अमेरिका में एक डाक ग्राहक ने शिकायत दी की मेल पर किसी ने धोखाधड़ी से बात की और ट्रेजरी चेक चोरी कर लिया। उसी समय, पांच और चेकों को चुराया गया था। यह सभी चेक एक ही खाते में जमा कराए गए थे। अधिकारियों ने मामला सामने आने पर जांच शुरू की। तीन जनवरी को एक डाक ग्राहक ने जांचकर्ताओं को 11 लाख रुपये से अधिक के अमेरिकी ट्रेजरी चेक की एक प्रति दी। इस पर हचिकोसेला खोसे मुचिम्बा के आदेश पर भुगतान लिखा गया था। असल में यह चेक ग्राहक के खाते में जमा होने थे, लेकिन कभी नहीं डाले गए।

## न्यूज ब्रीफ

### मांग घटने से रूस से कच्चा तेल आयात सात महीने में सबसे कम, सौर क्षमता स्थापना की दर बढ़ी




**नई दिल्ली ।** मानूसन की बारिश के कारणमांग घटने से अगस्त में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटकर सात माह के निचले स्तर पर आ गया है। यह लगातार तीसरा महीना है, जब रूस से कच्चे तेल के आयात में गिरावट आई है। ऊर्जा की खेप पर निगाह रखने वाली कंपनी वॉर्टेक्सा के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में भारत ने रूस से 14.6 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चा तेल खरीदा। इससे पिछले महीने दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता देश ने रूस से प्रतिदिन 19.1 लाख बैरल तेल खरीदा था। मई में आयात 20 लाख बैरल प्रतिदिन के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। वहीं, भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने एक अन्य शीर्ष आपूर्तिकर्ता ने इराक से भी आयात घटाया है। इराक से आयात 8.91 लाख बीपीडी से घटकर 8.66 लाख बैरल रह गया है। इस अवधि में सऊदी अरब से आयात जुलाई के 4.84 लाख बैरल प्रतिदिन से बढ़कर 8.20 लाख बैरल प्रतिदिन पहुंच गया है। भारतीय ब्यूटी एवं पर्सनल केयर उद्योग 2027 तक 32 अरब डॉलर के पार पहुंच सकता है। रेडसीर के मुताबिक, भारत में यह उद्योग 2022-27 के दौरान 10प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से बढ़ेगा। इंडोनेशिया में यह 8प्रतिशत व चीन में 7 फीसदी दर से बढ़ेगा। रेडसीर स्ट्रेटेजी कंसल्टेंट के भागीदार रोहन अग्रवाल ने कहा, ब्यूटी-पर्सनल केयर पर प्रति व्यक्ति खर्च के मामले में अमेरिका 313 डॉलर के साथ सबसे आगे है। चीन में यह 38 डॉलर और भारत में 14 डॉलर है। ऐसे में भारत में इस उद्योग के लिए अपार संभावनाएं हैं। भारतीय शेयर बाजारों में पिछले तीन माह में जोरदार निवेश करने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के प्रवाह में सुस्ती आई है।

### अदाणी पोर्ट्स के बारे में आई सकारात्मक खबर, कंपनी के कार्गो वॉल्यूम में 17प्रतिशत का इजाफा



**नई दिल्ली ।** अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के लिए एक अच्छी खबर है। अगस्त में कंपनी के कार्गो वॉल्यूम में जरबदस्त इजाफा हुआ है। कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी गई अपनी फाइलिंग में बताया है कि कंपनी के कार्गो वॉल्यम में अगस्त महीने में 17प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक अगस्त, 2023 में अदाणी पोर्ट और एसईजेड का कार्गो वॉल्यूम बढ़कर 34.2 एमएमटी रहा, जिसकमें सालाना आधार पर 17 प्रतिशत का इजाफा हुआ। कार्गो वॉल्यूम ग्रोथ के पीछे कंटेनर ग्रोथ और लिक्विड-गैस ग्रोथ का बड़ा योगदान रहा। इस दौरान कंटेनर ग्रोथ 27.6प्रतिशत रही है, जबकि लिक्विड और गैस ग्रोथ 69प्रतिशत दर्ज की गई। कंपनी के मुंद्रा पोर्ट में कार्गो वॉल्यूम में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई। यह 15.32 एमएमटी रहा है। मुंद्रा पोर्ट से कुल 1776 ट्रेनों का परिचालन किया गया, ये भी अभी तक का सबसे अधिक आंकड़ा है, इनमें 1532 कंटेनर ट्रेनें शामिल रहीं। अदाणी पोर्ट ने एक्सचेंज फाइलिंग में जो जानकारी दी है उसके अनुसार वित्त वर्ष 2024 के शुरुआती पांच महीने (अप्रैल-अगस्त) के दौरान कंपनी ने कुल 169.6 एमएमटी कार्गो का परिचालन किया, इसमें सालाना आधार पर 12प्रतिशत की वृद्धि आई है।

### विजय शेखर शर्मा पेटीएम के सबसे बड़े शेयरधारक बने, चीन की निवेश कंपनी एंटफिन ने अपनी हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली ।** पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा की कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ गई है। चायनीज निवेश वाली कंपनी एंटफिन की ओर से हिस्सेदारी बेचने के बाद पेटीएम में विजय शेखर शर्मा की हिस्सेदारी में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही शर्मा पेटीएम में इकलौते एसबीओ, यानी सिग्निफिकेन्ट बेनिफिशियल ओनर बन गए हैं। पेटीएम की पैतृक कंपनी वन 97 कम्यूनिकेशन में एंटफिन की हिस्सेदारी 23.79प्रतिशत से घटकर अब महज 9.9प्रतिशत रह गई है। कुछ हफ्ते पहले तक चीन की निवेश कंपनी एंटफिन के पास पेटीएम में 23.79प्रतिशत हिस्सेदारी थी। बीते दिनों एंटफिन ने रेसिसीलिएंट असेट मैनेजमेंट बीवी को अपनी 10.3प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। वन 97 कम्यूनिकेशन में अब कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा की डायरेक्ट और इनडायरेक्ट शेयर हिस्सेदारी बढ़कर 19.42प्रतिशत पर पहुंच गई।

## रत्नवीर प्रिसिजन का आईपीओ ओपन हुआ

# जुपिटर लाइफ लाइन और ईएमएस लिमिटेड में भी इस हफ्ते निवेश का मौका, मिनिमम इन्वेस्टमेंट 14,700

**मुंबई।**
इस हफ्ते शेयर मार्केट में लिस्टिंग के लिए तीन इनिशियल पब्लिक ऑफर ओपन हो रहे हैं। इसमें रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड ओपन हो गया है। वहीं, जुपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड और ईएमएस लिमिटेड में भी इस हफ्ते निवेश का मौका मिलेगा। आइए इन तीनों कंपनियों के आईपीओ के बारे में एक-एक करके जानते हैं।




### रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड

रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए 165.03 करोड़ जुटाना चाहती है। अप्लाय कर सकते हैं। 14 सितंबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

कंपनी ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 93-98 तय किया है। रिटेल निवेशकों मिनिमम एक लॉट यानी 150 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड98 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,700 इन्वेस्ट करने होंगे।

### मैक्सिमम 1950 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं रिटेल निवेशक

रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड के आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट, यानी 1950 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,91,100 खर्च कर सकते हैं।

### फिनिशिंग शीट, वॉशर पाइप सहित अन्य प्रोडक्ट बनाती है कंपनी

रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड गुजरात के चार मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स के माध्यम से अपना बिजनेस ऑपरेट करती है। कंपनी फिनिशिंग शीट, वॉशर और सोलर माउंटिंग हुक, पाइप और ट्यूब बनाती है। इसके साथ ही कंपनी ऑटोमोटिव, सोलर पावर, विंड एनर्जी, पावर प्लांट सहित अन्य चीजों के लिए स्टेनलेस स्टील बेस्ड प्रोडक्ट बनाती है।

### जुपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड

जुपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए 869.08 करोड़ जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 6 सितंबर से 8 सितंबर तक अप्लाय कर सकते हैं। 18 सितंबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 695-735 प्रति शेयर तय किया है। रिटेल निवेशकों को मिनिमम एक लॉट, यानी 20 शेयर्स के लिए अप्लाय कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 735 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,700 लगाने होंगे। इसी तरह जुपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड के आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट यानी 260 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,91,100 खर्च करने होंगे।

### जुपिटर के ठाणे, पुणे और इंदौर में हास्पिटल

जुपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड मुंबई मेट्रो पॉलिटन एरिया और भारत के पश्चिमी क्षेत्र में मल्टी-स्पेशियलिटी टर्शियरी व क्वार्टनरी हेल्थकेयर प्रोवाइडर है। वर्तमान में ठाणे, पुणे और इंदौर में ज्यूपिटर ब्रांड के तहत तीन हास्पिटल ऑपरेट हो रहे हैं। तीनो हास्पिटल में टोटल 1,194 बेड कैपेसिटी है।

### ईएमएस लिमिटेड

ईएमएस लिमिटेड आईपीओ के जरिए 321.24 करोड़ जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 8 सितंबर से 12 सितंबर तक अप्लाय कर सकते हैं। 21 सितंबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। कंपनी ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 200-211 तय किया है। रिटेल निवेशकों मिनिमम एक लॉट यानी 70 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 211 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,700 इन्वेस्ट करने होंगे। मैक्सिमम 910 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं रिटेल निवेशक ईएमएस लिमिटेड के आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट, यानी 910 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 192,010 खर्च कर सकते हैं। तीनों आईपीओ में 35प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व तीनों कंपनियों ने अपने-अपने आईपीओ का 50प्रतिशत हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व रखा है। इसके अलावा 35प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी 15प्रतिशत हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व है।

## अगस्त में यूपीआई ट्रांजैक्शन 1 हजार करोड़ के पार

# टोटल लेनदेन की वैल्यू 15.18 लाख करोड़, जुलाई में 996 करोड़ थी यूपीआई पेमेंट की संख्या




**नई दिल्ली।**
अगस्त 2023 में यूपीआई ट्रांजैक्शन की संख्या बढ़कर 1,024 करोड़ हो गई है। वहीं अगस्त में टोटल ट्रांजैक्शंस की वैल्यू यानी लेनदेन की राशि 15.18 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रही है। यह ट्रांजैक्शन पिछले साल इसी महीने के मुकाबले करीब 400 करोड़ ज्यादा है और इसके जरिए ट्रांसफर की गई राशि करीब 5 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। अगस्त 2022 में यूपीआई से टोटल 658 करोड़ ट्रांजैक्शन किए गए थे। इस साल जुलाई में यूपीआई के जरिए टोटल ट्रांजैक्शन 996 करोड़ रहे थे। 1 हजार करोड़ ट्रांजैक्शन का आंकड़ा पार करने पर एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसके अभी और बढ़ने की उम्मीद है। वर्ल्डलाइन इंडिया में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुनील रोंगला ने कहा, पर्सन-टू- मर्चेंट यानी यूपीआई ट्रांजैक्शन सालान दर पर 100प्रतिशत से ज्यादा की गति से बढ़ रहा है। टोटल ट्रांजैक्शन में रूकी हिस्सेदारी पर्सन-टू-पर्सन ट्रांजैक्शन की तुलना में ज्यादा है। रोंगला ने कहा, आने वाले 18 से 24 महीनों में यूपीआई लेनदेन 20 लाख करोड़ के पार हो सकता है। इसमें पर्सन-टू-मर्चेंट की बड़ी हिस्सेदारी होगी। इसी साल मार्च में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीईओ दिलीप अस्बे ने कहा था कि अगर इस प्लेटफॉर्म में निवेश मिले तो ट्रांजैक्शन के आंकड़े 10 गुना बढ़कर रोज 300 करोड़ तक हो सकते हैं। सर्वत्र टेक्नोलॉजीज के फाउंडर और एमडी मंदार अगाशे ने कहा कि भारत रियल टाइम पेमेंट टेक्नोलॉजी के मामले में एक ग्लोबल लीडर के रूप में सामने आया है। भारत की इस इमेज के लिए यह एक ड्राइविंग फोर्स की तरह खड़ा है। भारत फिलहाल नेपाल, भूटान और श्रीलंका में यूपीआई के जरिए ट्रांजैक्शन की सुविधा दे रहा है। वहीं सिंगापुर, यूएई सहीत कई देशों के साथ इसको आगे बढ़ाने को लेकर बात कर रहा है।

# दिवाली तक 65000 पहुंच सकता है सोना, निवेश का मौका

**नई दिल्ली ।**
सोना निवेश का ऐसा विकल्प है, जो बाजार की अनिश्चितताओं, उच्च महंगाई और ब्याज दरें बढ़ने के दौर में हमेशा सुरक्षा देता है। वैश्विक स्तर पर बने हालात और देश में शुरू होने वाले त्योहारी सीजन को देखते हुए यह सोने में निवेश का अच्छा मौका है क्योंकि दिवाली तक घरेलू बाजार में सोना 65,000 के स्तर पर पहुंच सकता है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसके 2,150 डॉलर प्रति औंस पर पहुंचने का अनुमान है।

एक सितंबर, 2023 को घरेलू बाजार में पीली धातु 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुई थी। इस तरह, दिवाली तक इसमें करीब 3,500 रुपये तक की तेजी का अनुमान है। कमोडिटी बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि सोने में बीच-बीच में भले ही उतार-चढ़ाव देखने को मिलता हो, लेकिन, साल-दर-साल पीली धातु की कीमतों में इजाफा होता जा रहा है। यह निवेशकों के लिए बिना किसी जोखिम के स्थिर रिटर्न देने वाला विकल्प है। इस कारण बाजार का माहौल जैसा भी रहे, सोने में चमक बनी रहती है। केडिया एडवाइजरी के मुताबिक, चीन ने हाल ही ब्याज दरों में



कटौती की है, जिसके बाद अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व पर भी ब्याज दर बढ़ाने की रफ्तार में कमी करने का दबाव बढ़ेगा। फेड रिजर्व नवंबर, 2023 में आखिरी बार प्रमुख नीतिगत दर की बढ़ोतरी कर सकता है, जो इस साल आखिरी होगा। रुपया भी देगा सहारा : प्रमुख कारकों के अलावा रुपये में गिरावट से भी सोने को सहारा देगा। देश में अगले साल चुनाव होने हैं। पिछले 20 साल का आंकड़ा बताता है कि चुनाव से चार-छह महीने पहले रुपये में गिरावट जरूर आती है। घरेलू मुद्रा में गिरावट और शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव को देखें तो कुल मिलाकर सोने को लेकर परिदृश्य पूरी तरह सकारात्मक नजर आ रहा है।

# सेबी के दायरे में आ सकते हैं वित्तीय इन्फ्लूएंसर, अब इन नियमों का करना होगा पालन

**नई दिल्ली ।**
निवेशकों तक सटीक जानकारी पहुंचाने के लिए सेबी वित्तीय इन्फ्लूएंसर पर अंकुश लगाने की तैयारी कर रहा है। जल्द ही ये बाजार नियामक के दायरे में आ सकते हैं। वित्तीय इन्फ्लूएंसर डिजिटल मीडिया और चैनल आदि के जरिये लोगों को निवेश सलाह देते हैं। ये सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के लिए 7.5 लाख रुपये तक लेते हैं और अपनी राय से लोगों के वित्तीय फैसलों को प्रभावित करते हैं। हालांकि, अब इन्हें भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) के दायरे में आना होगा, क्योंकि नियामक इनकी तेजी से बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने की तैयारी कर रहा है। आनंद राठी वेल्थ के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज ने बताया कि सेबी के प्रस्तावित कदम से निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने में मदद मिलेगी। -प्रस्ताव के तहत वित्तीय इन्फ्लूएंसर को सेबी के पास पंजीकरण कराना होगा। विशिष्ट निर्देशों का पालन करना होगा। -गैर-पंजीकृत वित्तीय इन्फ्लूएंसरों को



म्यूचुअल फंड और शेयर ब्रोकरों के साथ साझेदारी करने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। -सेबी या स्टॉक एक्सचेंज या एम्फी से पंजीकृत वित्तीय इन्फ्लूएंसरों को अपना पंजीकरण नंबर और संपर्क विवरण दिखाना होगा। -साथ ही, इन्हें निवेशक शिकायत निवारण हेल्पलाइन बनानी होगी। इसके अलावा, पोस्ट पर डिस्क्लेमर लगाना होगा। भरोसा व भ्रम में धुंधली हो सकती है लकीर राइट रिसर्च, पीएमएस के संस्थापक एवं फंड मैनेजर सोन श्रीवास्तव ने कहा, ऐसे दौर में जहां वित्तीय सलाह सोशल मीडिया के जरिये तेजी से प्रसारित हो रही है, विश्वसनीय सलाह और भ्रामक जानकारी के बीच की रेखा धुंधली हो सकती है। इस बात की आशंका बढ़ रही है कि अनियंत्रित इन्फ्लूएंसर जोखिम बढ़ा सकते हैं। इसलिए, वित्तीय इन्फ्लूएंसर पर सख्ती जरूरी है। निवेशकों को इस तरह के जोखिमों से बचाने के लिए सेबी पिछले महीने एक प्रस्ताव लेकर आया है।

## जियो फाइनेंशियल की सर्किट लिमिट 20प्रतिशत हुई

# अब बीएसई में 20प्रतिशत पर लगेगा अपर-लोअर सर्किट, पिछले महीने मार्केट में लिस्ट हुई थी कंपनी

**मुंबई।**
बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयर की सर्किट लिमिट फिल्टर को 5प्रतिशत से बढ़ाकर 20प्रतिशत कर दी है। बीएसई ने नोटिफिकेशन जारी कर इस बात की जानकारी दी थी। यह बदलाव लागू हो गया है। अब एक कारोबारी दिन में कंपनी के शेयर में 20प्रतिशत तक की तेजी और 20प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा सकेगी। दरअसल, शेयर की वोलैटिलिटी को नियंत्रित करने के लिए सर्किट लिमिट फिल्टर का यूज किया जाता है। सर्किट लिमिट फिल्टर से एक दिन में किसी भी स्टॉक की अधिकतम उतार-चढ़ाव की लिमिट तय होती है।

**20 जुलाई को आरआईएल से अलग हुई थी कंपनी** - रिलायंस का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस 20 जुलाई को अपनी मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से अलग हुआ था। डीमर्जर के बाद प्राइस डिस्कवरी मैकेनिज्म के तहत जियो फाइनेंशियल के शेयर का भाव 261.85 रुपए तय हुआ था। इसके




बाद 21 अगस्त को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर शेयर 265 रुपए पर लिस्ट हुआ था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर शेयर 262 रुपए पर लिस्ट हुआ था। बीएसई पर कंपनी का शेयर +3.67प्रतिशत की तेजी के साथ 254.30 पर और 3.85प्रतिशत की तेजी के साथ 254.60 पर कारोबार कर रहा है।

### इंश्योरेंस सेक्टर में एंटर करेगी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज

रिलायंस की 46वीं एनुअल जनरल मीटिंग में चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज इंश्योरेंस सेक्टर में एंटर करेगी। कंपनी लाइफ, जनरल और हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स लेकर आएगी। वहीं कंपनी ने दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक के साथ पार्टनरशिप की है।

### कंज्यूमर और मर्चेंट लैंडिंग बिजनेस शुरू करने का प्लान

जियो फाइनेंशियल का प्लान कंज्यूमर और मर्चेंट लैंडिंग बिजनेस शुरू करने का है। ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की दिग्गज कंपनी मैक्वेरी ने पिछले साल अपनी रिपोर्ट में रिलायंस के फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस को मार्केट ग्रोथ के मामले में पेटीएम और अन्य फिनटेक कंपनियों के लिए एक बड़ा खतरा बताया था।

### रिलायंस के फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस में 6 कंपनियां शामिल हैं...

- रिलायंस इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स एंड होल्डिंग्स लिमिटेड
- रिलायंस पेमेंट सॉल्यूशंस लिमिटेड
- जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड
- रिलांयस रिटेल फाइनेंस लिमिटेड
- जियो इंफॉर्मेशन एग्रीगेटर सर्विसेज लिमिटेड
- रिलायंस रिटेल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड का इन्वेस्टमेंट

### रियल एस्टेट पर रिकॉर्ड 28 लाख करोड़ बकाया वाणिज्यिक कार्यालयों की मांग अधिक

**मुंबई ।** आवासीय व वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र पर बैंकों का कुल कर्ज जुलाई में सालाना आधार पर 38 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 28 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। कर्ज, मकानों की कुल बिक्री और प्रमुख शहरों में नई परियोजनाओं के आंकड़ों से स्पष्ट है कि रियल एस्टेट क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, रियल एस्टेट उद्योग पर कुल बैंक कर्ज में आवासीय क्षेत्र (प्राथमिकता श्रेणी सहित) की हिस्सेदारी 24.28 लाख करोड़ रुपये है। यह आंकड़ा जुलाई, 2022 की तुलना में 37.4 फीसदी अधिक है।वहीं, वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र में बकाया कर्ज सालाना आधार पर 38.1 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 4.07 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। केंद्रीय बैंक के ताजा आंकड़ों पर एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, वाणिज्यिक कार्यालय श्रेणी पिछले साल महामारी के दबाव से जूझ रहा था क्योंकि कंपनियां पूर्ण रूप से कार्यालय से काम, घर से काम या हाइब्रिड मॉडल के आसपास रणनीतियों पर विचार कर रहे थीं। स्थिति सामान्य होने के साथ कर्मचारी ऑफिस लौट आए और इस वर्ष अच्छी गुणवत्ता वाले वाणिज्यिक कार्यालयों की मांग अधिक है। पुरी ने बताया, इस साल मकानों की बिक्री नई ऊंचाई पर पहुंच जाएगी। 2022 में देश के सात प्रमुख शहरों में मकानों की बिक्री 2021 से 54 फीसदी अधिक रही थी। पिछले साल के मुकाबले जनवरी-जून, 2023 में 63 फीसदी अधिक मकान बिक चुके हैं।

# स्ट्रीमिंग सीरीज काला का ट्रेलर जारी

## -रिवर्स हवाला की दुनिया का करता है खुलासा




**मुंबई (ईएमएस)।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज काला काले धन की समानांतर अर्थव्यवस्था की कार्यप्रणाली को दशार्ता है। सीरीज काला का ट्रेलर जारी कर दिया गया। रिवर्स हवाला की प्रक्रिया से सफेद धन को काले धन में बदल दिया जाता है। सीरीज आईबी अधिकारी ऋत्विक की रिवर्स हवाला ऑपरेशन को उसके मूल से खत्म करने की गहन खोज को दशार्ती है। शो में रोहन विनोद मेहरा, निवेथा पेथुराज, ताहेर शब्बीर, जितिन गुलाटी, एलीशा मेयर और हितेन तेजवानी भी हैं। इस सीरीज का निर्माण और निर्देशन बेजॉय नांबियार ने किया है, जो अपनी फिल्म शैतान के लिए जाने जाते हैं। सीरीज के बारे में बात करते हुए, बेजॉय नांबियार ने कहा, काला रिवर्स हवाला के दायरे में अपराध और विश्वासघात की परतों को खोलता है। काला हमारी वास्तविकता का एक अनफि ल्टर्ड रिफ्लेक्शन है।

हम काले धन और मनी लॉन्ड्रिंग की धुंधली दुनिया पर एक ऐसी कहानी के साथ प्रकाश डाल रहे हैं, जो आपको शुरू से अंत तक बांधे रखेगी। अभिनेता अविनाश तिवारी ने कहा, एक्टर के रूप में, हम अक्सर भावनाओं और कहानियों के मिश्रण में डूब जाते हैं, लेकिन काला ने मुझे शक्ति और भ्रष्टाचार के एक बिल्कुल नए स्तर से परिचित कराया, जिसने मुझे सचमुच हिलाकर रख दिया। बेजॉय नांबियार ने काला में अपराध की एक ऐसी दुनिया गढ़ी है, जो सॉलिड रिसर्च पर आधारित है।

# मेरी गिनती टॉप 10 में कभी नहीं हुई : शिल्पा शेट्टी

## -एक्ट्रेस ने फिल्म इंडस्ट्री से जताई नाराजगी



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी का कहना है कि इतनी मेहनत करने के बाद भी उनका नाम फिल्म इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में नहीं लिया गया। मीडिया से बात करते हुए, शिल्पा ने यह भी कहा कि वे काम बहुत ज्यादा करती हैं लेकिन उन्हे पैसे कम दिए जाते हैं। एक इंटरव्यू में, एक्ट्रेस ने बॉलीवुड में अपने सफर को याद किया और कहा कि उन्हें सभी का प्यार मिला। एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि अब वह अपने ब्रांड पर अच्छा काम कर रहीं हैं और उनका टीवी शो भी अच्छा चल रहा है। शिल्पा 1993 से फिल्मों में काम कर रहीं हैं। शिल्पा ने इंटरव्यू में बताया, मैं कभी भी टॉप 10 एक्ट्रेसेस की लिस्ट में नहीं थी। मुझे बहुत प्यार और प्रशंसा मिली, लेकिन कभी भी टॉप 10 में नहीं गिना गया। शायद कमी है अवसर, या क्या मैं नहीं जानती। आज मुझे देखो मैं सबसे बड़ी सीरीज कर रही हूं। मैंने अभी एक फिल्म की शूटिंग पूरी की है। मैं एक फिल्म कर रही हूं। मेरे पास आज शिकायत करने के लिए कुछ भी नहीं है। हम सभी की अपना सफर है, मैंने टीवी पर अपनी पहचान बनाई है और मेरा ब्रांड अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। शिल्पा ने यह भी शेयर किया कि वह दिनभर बहुत सी चीजों में फिट होने की पूरी कोशिश करती हैं। बच्चों के स्कूल शुरू करने के साथ, उनकी जिम्मेदारियां अब बढ़ गई हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी सभी ज़िम्मेदारियों को निभाने में बहुत काम लगता है। शिल्पा इस साल नवंबर में बॉलीवुड में अपने 30 साल पूरे कर लेंगी। 1993 में शाहरुख खान और काजोल अभिनीत फिल्म बाजीगर से बॉलीवुड में शानदार शुरूआत करने के बाद, शिल्पा ने 90 के दशक में कई पॉपुलर फिल्मों में काम किया। इनमें मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी, जानवर द गैम्बलर और हथकड़ी शामिल हैं। 2000 में, उन्होंने धड़कन में एक्ट किया, जिससे शिल्पा को खूब पॉपुलैरिटी मिली। हाल ही में, उन्हें सब्बीर खान की निकम्मा में देखा गया था जो तेलुगु फिल्म मिडिल क्लास अब्बाई की रीमेक थी। फिल्म में शिल्पा अभिमन्यु दसानी, शर्ली सेतिया और समीर सोनी के साथ नजर आई थीं। इसके बाद, उनकी लिस्ट में एक कन्नड़ फिल्म, हिंदी फिल्म सुखी और रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स है। बता दें कि एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में से एक हैं। एक्ट्रेस की फिल्में सुपर-हट रहीं हैं। शिल्पा आज भी इंडस्ट्री की न्यू एक्ट्रेसेस को कंपटीशन देती हैं।

# जेलर मेरे लिए बेहद खास : दिलीप कुमार

## -शाहरुख की जवान से टकराएगी फिल्म



**मुंबई (ईएमएस) ।** लेखक और निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार ने कहा जेलर मेरे लिए बेहद खास है, मेरे पास अपनी विशिष्ट अभिनय शैली के साथ कहानी को ऊंचा उठाने के लिए रजनीकांत सर थे, और इस सामूहिक मनोरंजन में अपना जादुई स्पर्श जोड़ने के लिए भारतीय फिल्म उद्योग के सुपरस्टार मोहनलाल सर, शिव राजकुमार सर और जैकी श्रॉफ सर थे। दिलीप कुमार ने आगे कहा, जेलर के साथ हम एक मनोरंजक फिल्म बनाना चाहते थे जो थलाइवर को एक जबरदस्त एक्शन भूमिका में दिखाए। हम दर्शकों के अद्भुत प्यार और मीडिया के अनुकरणीय शब्दों से अभिभूत हैं। हम दुनिया भर के दर्शकों के लिए उत्साहित हैं कि वे अब अपने घरों से, किसी भी समय और कहीं भी इस एक्शन ड्रामा का आनंद ले सकते हैं। प्राइम वीडियो ने शनिवार को 7 सितंबर को रजनीकांत अभिनीत जेलर के वैश्विक स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की। यह तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में प्राइम मेंबरशिप का लेटेस्ट एडिशन है। यह ब्लॉकबस्टर एक सेवानिवृत्त जेलर टाइगर मुथुवेल पांडियन (रजनीकांत) के बारे में है, जो अपने बेटे के हत्यारों से बदला लेता है। सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित, फिल्म में रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही राम्या कृष्णन, योगी बाबू, विनायकन, तमन्ना भाटिया और मास्टर ऋत्विक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं और मोहनलाल, शिव राजकुमार और जैकी श्रॉफ ने विशेष भूमिका निभाई है। सन पिक्चर्स के सीओओ सी. सेम्बियन शिवकुमार ने कहा, जेलर सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं है बल्कि एक पिता और बेटे के बीच गहरे भावनात्मक रिश्ते को भी दशार्ती है। यह एक ऐसी कहानी है जो हर दर्शक के दिल को छू जाएगी। सिनेमाघरों में फिल्म की जबरदस्त सफलता नेल्सन की दूर-दर्शिता और पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। बता दें कि सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर 7 सितंबर को शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म जवान के साथ डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है। जवान 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# फोटोग्राफरों के सवाल पर भड़के एक्टर विजय वर्मा



एक्टर विजय वर्मा ने हाल ही में मालदीव्स से छुट्टियां मनाकर वापस लौटे हैं। एक्टर वर्मा मुंबई एयरपोर्ट के अराइवल सेक्शन से अपनी कार की ओर मुस्कुराते हुए बढ़े इस दौरान फोटोग्राफरों में से एक ने उनसे पूछा, मालदीव से समंदर के मजे लेकर आए हो? सवाल सुनते ही विजय को गुस्सा आ गया और उन्होंने जवाब में कहा- आप ऐसे सवाल नहीं कर सकते। इससे पहले तमन्ना को भी एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए देखा गया था। एयरपोर्ट से एक्टर्स की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। 26 अगस्त को, तमन्ना और विजय को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया जब वे एक साथ छुट्टियां मनाने के लिए निकले थे। हालांकि, यह जोड़ी अलग-अलग पहुंची। तमन्ना ने अपने एक इंटरव्यू के दौरान विजय के साथ अपने रिश्ते की पुष्टि की और उन्हें अपना हैप्पी प्लेस बताया। दूसरी तरफ, विजय ने बाद में यह भी कहा कि हालांकि वह जनता से कुछ भी छिपाना नहीं चाहते हैं, लेकिन वह चाहते हैं कि दर्शक उनके काम के बारे में नोटिस करें और चर्चा करें, न कि उनके निजी जीवन के बारे में।

# नई फिल्म कुशी ने पहले दिन कमाए 52 करोड़

## -विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु की है फिल्म



**मुंबई (ईएमएस)।** नई फिल्म कुशी ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है। शुक्रवार को इस फिल्म ने प्रदर्शन के पहले दर्शकों को एक बार फिर से सिनेमाघरों की ओर खींचा। विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म ने पहले दिन 16 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं वैश्विक स्तर पर फिल्म ने 52 करोड़ की कमाई की है। सितारों की प्रशंसकों में सामंथा-विजय की जोड़ी को बड़े पर्दे पर देखने का जबरदस्त क्रेज था और पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से यह बात साफ हो रही है। विजय और सामांथा की केमिस्ट्री ने आग लगा डाली और फैंस इस नई जोड़ी पर दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक कुशी ने भारत में 16 करोड़ रुपए की ओपनिंग की है। फिल्म ड्रामा और रोमांस पर बेस्ड है। फिल्म को क्रिटिक और दर्शक दोनों की ओर से सकारात्मक रिव्यू मिले हैं। इसे तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया गया है। खास बात ये है कि विजय और सामंथा दोनों की पिछली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। ऐसे में उन्हें कुशी से काफी उम्मीदें हैं। कुशी के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो कहा जा रहा है कि फिल्म ने दुनियाभर में 52.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। कुशी का निर्देशन शिवा निरवाना ने किया है।

# सिद्धार्थ शुक्ला को गुजरे हो गए दो साल



छोटे परदे का रियलिटी शो बिग बॉस 13 के विनर सिद्धार्थ शुक्ला को गुजरे पूरे 2 साल हो गए हैं। आज दिवंगत एक्टर की डेथ एनिवर्सरी है और इस मौके पर फैंस और करीबी उन्हें याद कर इमोशनल हो रहे हैं। इसी बीच सिद्धार्थ के बिग बॉस 13 के को-कंटेस्टेंट आसिम रियाज भी उन्हें याद कर भावुक हो गए और एक इवेंट में उन्हें लेकर दिल छू लेने वाली बात कही। एक कॉन्सर्ट में आसिम रियाज ने दिवंगत एक्टर को याद करते हुए कहा कि ऐसा कोई भी नहीं है, जो मेरी जगह ले सके या फिर सिद्धार्थ शुक्ला की जगह ले सके। बिग बॉस के सभी सीजन में से बिग बॉस 13 को सबसे हिट सीजन माना जाता है। अभी तक इस सीजन की टक्कर का कोई सीजन देखने को नहीं मिला। बता दें कि 2 सितंबर, 2021 में एक्टर के अचानक निधन की खबर ने हर किसी को शॉक्ड कर दिया था। आज भी जब सिद्धार्थ शुक्ला का नाम आता है तो फैंस उन्हें याद कर भावुक हो जाते हैं।

# काइली ने टॉपलेस होकर करवाया फोटोशूट



हाल ही में एक्ट्रेस काइली जेनर ने टॉपलेस होकर और बदन पर कालख लपेटकर फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। काईली की ये तस्वीरें इंटरनेट पर आते ही सनसनी फैल गई है। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि काइली जेनर टॉपलेस होकर अपनी बैक फ्लॉन्ट किए कैमरे के सामने पोज दे रही हैं। बाकी तस्वीरों में एक्ट्रेस डेनिम पैंट के साथ मैचिंग जैकेट पहने नजर आ रही है। जैकेट को काइली ने ओपन कर रखा है और उनके क्लीवेज साफ नजर आ रहे है। तस्वीरों में काइली के बदन पर कालख लिपटी दिखाई दे रही है। कैमरे के सामने बोल्ड अंदाज दिखाते हुए वह कॉन्फिडेंस के साथ पोज दे रही हैं। बता दें, काइली जेनर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। उनकी इंस्टाग्राम पर 398 मिलियन फैन फॉलोइंग है, जो एक्ट्रेस की तस्वीरों पर खूब लाइक बरसाती है। एक्ट्रेस काइली जेनर अपने लुक्स से लोगों को इम्प्रेस करना अच्छे से जानती हैं।

# अपने 'फ्लॉप करियर' पर अमीषा पटेल ने कहा- बॉलीवुड में मेरा कोई गॉडफादर नहीं



बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल इन दिनों गदर-2 को लेकर सुर्खियों में हैं। इससे पहले उनकी कई फिल्में फ्लॉप रहीं और उन्हें फ्लॉप करियर की आलोचना झेलनी पड़ी। एक्ट्रेस ने हालिया इंटरव्यू में इस पर कमेंट किया है। मीडिया को दिए इंटरव्यू में अमीषा पटेल ने कहा, बॉलीवुड में बिना पारिवारिक पृष्ठभूमि वाली अभिनेत्रियों को काफी निशाना बनाया जाता है। मेरे जैसी बाहरी अभिनेत्रियों को कोई सपोर्ट नहीं है। अगर मैं फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े परिवार से आती या इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर होता, तो फ्लॉप करियर के लिए मेरी आलोचना नहीं की जाती, मुझे निशाना नहीं बनाया जाता। इसके विपरीत मुझे बेहतर फिल्में मिलतीं। अमीषा ने कहा, जब कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है, तो निमार्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। मैंने ऐसे कई निमार्ताओं से पारिश्रमिक नहीं लिया है। दूसरे व्यक्ति की स्थिति को समझना बहुत जरूरी है। किसी ने मुझसे पारिश्रमिक न लेने के लिए नहीं कहा, निमार्ताओं की स्थिति देखकर मैंने स्वयं यह निर्णय लिया। उन्होंने कहा, एक फ्लॉप फिल्म देने के बाद कई लोगों ने मेरी आलोचना की, लेकिन मैंने इन बातों का असर अपने दिमाग पर नहीं होने दिया। मैंने सिर्फ अच्छा काम करने पर ध्यान केंद्रित किया।

# सम्राट हमेशा अपने साथ रखते हैं सेनेट्री पैड



एक्ट्रेस कृति खरबंदा ने बताया है कि उनके बॉयफ्रेंड पुलकित सम्राट हमेशा अपने साथ सेनेट्री पैड रखते हैं। कृति ने बताया कि वो जब पुलकित की दोस्त नहीं थी और सिर्फ उनके साथ फिल्म में शूटिंग कर रही थीं। तब ऐसा मौका आया कि उनके पीरियड्स शुरू हो गए तो पुलकित ने अपने पास से पैड दिए थे। वो इस बात से बहुत इंप्रेस हुई थीं। कृति ने कहा, पुलकित सिर्फ मेरी वजह से ही नहीं बल्कि परिवार की दूसरी लड़कियों की वजह से भी पैड रखता है। ये बात मुझे बहुत अच्छी लगती है कि वो इस विषय पर इतना संवेदनशील है। काम की बात करें तो कृति खरबंदा ने कई हिंदी और साउथ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। कीर्ति ने साल 2009 में तेलुगु फिल्म से अपने करियर की शुरूआत की थी और इसके बाद कई फिल्मों में नजर आईं।

# अपकमिंग फिल्म 'फुकरे-3' का कैरेक्टर पोस्टर रिलीज




हाल में एक्सेल एंटरटेनमेंट की अपकमिंग फिल्म फुकरे-3 28 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के बाद से ही फुकरे फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अब फिल्म से हनी, चूचा, लाली, भोली पंजाबन और पंडित जी के कैरेक्टर पोस्टर की झलक ने उनके उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। इन पोस्टरों ने उन लोगों की उम्मीद को बढ़ा दिया है, जो 5 सितंबर को ट्रेलर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खासकर, जब इसे शाहरुख खान की जवान के साथ जोड़ा गया है, जो साल की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट अपने आइकोनिक दोस्त और दोस्ती वाली फिल्मों के लिए फेमस है। उनके पास फैंस के लिए फुकरे-3 में कुछ खास है।

## सूडोकु नवताल- 6543

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6542 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्दजाल - 7290

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | कु | र | सु | ह | म | तु | म | ला | नी | ओ |
| न | छ | क | ज | इं | डो | ने | ह | क | म | म |
| बं | ना | आ | ट | म | न | इ | क | भी | प | ज |
| टी | क | ल | मा | ज | ल | स | रा | अ | इ | य |
| औ | हो | स | र | का | र | क | र | ल | त्ते | ज |
| र | जे | कि | र | क | द | का | म | वी | रि | ग |
| ब | मा | दे | श | व | था | स | त | दा | क | दी |
| ब | दे | श | रा | न | प | य | र | न | व | श |
| ली | दि | ल | र | ले | दा | र | जा | क | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | र |
| ते | रा | जा | दु | च | ल | ग | या | ना | र | म |

शब्दजाल में अभिषेक बच्चन की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

सरकार, बंटी और बबली, ओम जय जगदीश, शरारत, दस, कभी अलवीदा न कहना, रन, हम तुम, कुछ ना कहो, तेरा जादु चल गया.

### शब्दजाल - 7289 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | श | मु | कि | स्म | त | हो | प | न | र | द |
| क्त | क्रि | ल | ना | द | म | जा | ऐ | त | रा | ज |
| य | के | ब | हे | नि | ही | ना | न | व | टि | रु |
| इं | ट | र | न | शा | वा | रो | क | ले | ज | व |
| प | दा | सा | अं | ने | तो | हो | थ | गो | भ | त |
| ब | स | त | प | दा | स | ए | व | सं | वॉ | व |
| द | ल्फ | न | न | जी | ज | ह | अ | गो | प्ला | द |
| क | र | मा | प | क्श | प | क | र | चो | न | ख |
| र | व | त | स्ट | रा | भी | त | श्मी | अ | शा | अ |
| क | र | ल | प | र | ज | ता | रे | र | ह | द |
| क | ह | रि | म | आ | प | की | खा | ति | र | जा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6243

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | 5 | | 1 | |
| | 32 | 3 | 40 | 1 | 28 | 7 |
| 1 | | 6 | | | 2 | |
| 3 | 26 | 2 | 40 | 7 | 34 | 6 |
| | | 4 | | 2 | | 3 |
| | 30 | 1 | 28 | | 29 | 5 |
| 7 | | | 2 | 3 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6242 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 38 | 6 | 32 | 1 | 30 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 1 | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | 6 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# जोकोविक 13वीं बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे : रोजर फेडरर और आंद्रे अगासी के रिकॉर्ड की बराबरी की; डिफेंडिंग चैम्पियन स्वितेक बाहर

**नई दिल्ली।**

स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच साल के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। वो 13वीं बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इसी के साथ जोकोविच ने टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर और आंद्रे अगासी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। वहीं विमेंस सिगल्स की डिफेंडिंग चैम्पियन इगा स्वितेक हारकर बाहर हो गई हैं।

### क्वार्टर फाइनल में जोकोविच का सामना फ्रिट्ज से होगा

23 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच ने चौथे राउंड में 105वीं रैंकिंग वाले क्रोएशियाई क्वालिफायर बोर्ना गोजो को सीधे सेटों में 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। तीन बार के यूएस ओपन विजेता जोकोविच का अंतिम-8 में सामना अमेरिक के नंबर-1 खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। फ्रिट्ज पहली बार यूएस ओपन के अंतिम-8 में पहुंचे हैं।

### ओस्टापेंको ने स्वितेक को हराया

चार ग्रैंडस्लैम जीत चुकी स्वितेक विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 16 में दुनिया की 21वें नंबर की जेलेना ओस्टापेंको से 6-3, 3-6, 1-6 से हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गईं। 1 घंटे 48 मिनट तक चले मैच में पहला सेट हारने के बाद ओस्टापेंको ने शानदार वापसी की। अब मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला अमेरिका की छठी सीड कोको गॉफ से होगा।

### जोकोविच ने फेडरर और अगासी के रिकॉर्ड की बराबरी की

फेडरर और अगासी भी अपने करियर में 13-13 बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। फिलहाल ये दोनों खिलाड़ी टेनिस को अलविदा कह चुके हैं। फेडरर ने सितंबर 2022 और अगासी ने सितंबर 2006 में टेनिस से संन्यास लिया था। जोकोविच का यूएस ओपन में यह 17वां अपियरेंस है, जिसमें वो 13वीं बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। यह कुल ग्रैंडस्लैम में उनका 57वां क्वार्टर फाइनल भी है। 17 बार यूएस ओपन खेलने वाले जोकोविच पिछले 16 बार में 11 बार सेमीफाइनल में पहुंचे। नौ बार फाइनल खेले, छह बार फाइनल में हारे, और तीन बार (2011, 2015 और 2018 में) खिताब अपने नाम किया। फेडररर अपने 13 यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल मैचों में 10 बार सेमीफाइनल में पहुंचे, दो बार रनर-अप रहे और पांच बार (2004, 2005, 2006, 2007 और 2008) टाइटल जीता। अगासी 13 क्वार्टर फाइनल में से आठ बार सेमीफाइनल में पहुंचे और चार बार रनर-अप रहे। वो दो बार चैम्पियन (1994 और 1999 में) बने।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मोदी के साथ मुलाकात पर खुलकर बोले प्रगनाननंदा; कहा- उन्होंने ट्रेनिंग के बारे में पूछा, सलाह भी दी



**कोलकाता।** भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रगनाननंदा ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात के बारे में खुलकर बात की है। वह अपने परिवार के साथ 31 अगस्त को भारतीय प्रधानमंत्री से मिले थे। प्रगनाननंदा और पीएम मोदी दोनों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस मुलाकात की फोटो शेयर की थी और इसके बारे में जानकारी दी थी। प्रगनाननंदा ने उनके और उनके परिवार के उत्साहवर्धन के लिए प्रधानमंत्री मोदी को शुक्रिया अदा किया था। वहीं, पीएम मोदी ने प्रगनाननंदा के शानदार प्रदर्शन और मेहनत के लिए उनकी तारीफ की थी। अब प्रगनाननंदा ने इस मुलाकात के बारे में बात की है। उन्होंने कहा उन्होंने मुझसे मेरी ट्रेनिंग के बारे में पूछा। मैं पीएम से मिलकर बहुत खुश हूं और उनके साथ बातचीत करके बहुत मजा आया। उन्होंने मुझे कुछ सुझाव दिए। मैं उनकी शुभकामनाओं और समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। अपने खेल को लेकर प्रगनाननंदा ने कहा यह बहुत प्रेरणादायक है कि हमने हाल ही में ग्लोबल शतरंज लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया है... हमारे पास भारत में बहुत सारे मजबूत खिलाड़ी हैं... मेरे लिए, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि मैं कड़ी मेहनत करूं और प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करूं। मेरे लिए यही मुख्य लक्ष्य है। पीएम मोदी के बाद खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी प्रगनाननंदा से मिले थे। अनुराग ठाकुर ने शॉल, हिमाचली टोपी और मां दुर्गा की फोटो वाली थाली देकर उनका सम्मान किया था और उनकी जमकर तारीफ की थी।

### ग्लेन मैक्सवेल हो सकते हैं भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने स्वीकार किया है कि इस साल के विश्व कप से पहले अपनी तैयारी को मजबूत करने के लिए वह भारत के खिलाफ वनडे सीरीज को मिस कर सकते हैं। इस स्टार ऑलराउंडर को दक्षिण अफ्रीका में हाल ही में टी20 सीरीज से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि वह अभी भी पैर की चोट के कारण टखने की तकलीफ से जूझ रहे हैं और इस समय ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। 34 वर्षीय खिलाड़ी का कहना है कि विश्व कप के लिए फिट रहना उनका प्राथमिक ध्यान है। मैक्सवेल ने कहा, मैं अब भी भारत सीरीज का कुछ हिस्सा खेलना चाहता हूं। लेकिन मुझे इस पर कोई दबाव महसूस नहीं हो रहा है। चयनकर्ताओं और कर्मचारियों ने भी मेरे साथ शानदार व्यवहार किया है। वे उस तारीख को निर्धारित करने के लिए मुझ पर बहुत अधिक दबाव नहीं डालना चाहते क्योंकि वे जानते हैं कि विश्व कप से पहले उनके पास थोड़ा अतिरिक्त समय है। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप से पहले 22 सितंबर को मोहाली में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सरीजी के लिए भारत का दौरा करना है। उन्होंने कहा, इसलिए जल्दबाजी करने और शायद खुद को एक या दो सप्ताह पीछे रखने के बजाय, मैं खुद को अतिरिक्त समय दे पाऊंगा और सुनिश्चित करूंगा कि हम पूरे टूर्नामेंट में सफल हो जाएं। उन्होंने कहा, इसलिए जल्दबाजी करने और शायद खुद को एक या दो सप्ताह पीछे रखने के बजाय, मैं खुद को अतिरिक्त समय दे पाऊंगा और सुनिश्चित करूंगा कि हम पूरे टूर्नामेंट में सफल हो जाएं। मैक्सवेल ने मार्च में वानखेड़े में भारत के खिलाफ वनडे मैच में भाग लेने के बाद से अपने देश के लिए नहीं खेला है और जुलाई की शुरुआत में वार्विकशायर के लिए इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप मैच में एकमात्र मैच खेलने के बाद से किसी भी स्तर पर मैदान में नहीं उतरे हैं।

### भारतीय टीम में वापसी को बेताब हैं ऋषभ पंत, एनसीए में कर रहे जी-तोड़ मेहनत, सामने आया वीडियो

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सोमवार को अपनी फिटनेस पर बड़ी अपडेट दी है। पंत इस समय बेंगलुरु में एनसीए में ट्रेनिंग कर रहे हैं। वो काफी जोश के साथ ट्रेनिंग करते हुए नजर आए। ऋषभ पंत ने बेंगलुरु में अपने रिहैब के दौरान गजब की प्रगति दिखाई है जबकि उनकी चोट बेहद गंभीर थी। याद दिला दें कि 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से उत्तराखंड के रुड़की जाते समय पंत का गंभीर रूप से कार एक्सीडेंट हुआ था। पंत की झपकी लगी थी जब उनकी कार जाकर हाईवे पर डिवाइडर से टकराई और पलट गई थी। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने हाथ से कांच तोड़ा और बाहर निकले। कुछ ही पल में उनकी कार जलकर खाक हो गई थी। इस दौरान पंत को कई चोटे लगी थी।

## गोरखपुर ने 8 विकेट से जीता मैच

# दूसरे मुकाबले में आराध्य की 50 रनों की नाबाद पारी की बदौलत दो विकेट से जीता लखनऊ

**कानपुर।**

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से ग्रीन पार्क में चल रही यूपी टी-20 लीग के पांचवें दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला मेरठ मेवरिक्स और गोरखपुर लायंस के बीच हुआ, जिसमें गोरखपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। मेरठ के स्वास्तिक चिकारा ने लगातार दूसरे मैच में शतक मारकर टीम को मजबूत स्कोर की तरफ ले गए। लेकिन उनका यह शतक भी टीम को नहीं जीता पाया। गोरखपुर ने दो मैच में हार का सामना करने के बाद आठ विकेट से जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मुकाबले में आराध्य यादव की नाबाद 50 रनों की पारी की बदौलत लखनऊ की टीम ने दो विकेट से कानपुर सुपर स्टार को हरा दिया। खेल के पांचवें ओवर में मेरठ को पहला बड़ा झटका मिला। शोएब सिद्दीकी (31) को अभिषेक गोस्वामी ने रन आउट कर दिया। उस समय टीम का स्कोर 38 रनों पर था। 7वें ओवर में वासु वत्स की गेंद पर मेरठ के कप्तान माधव कौशिक ने शिवम शर्मा को कैच देकर बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए।

### नहीं चला रिंकू का बल्ला

नौवें ओवर में ध्रुव प्रताप सिंह की गेंद पर रिंकू सिंह (2) ने दिव्यांश चतुर्वेदी को कैच थमा दिया। 13वें ओवर की आखिरी गेंद पर सुनील कुमार की गेंद पर ओवैस अहमद (38) ने अब्दुल रहमान को कैच लपका दिया। 16वें ओवर में अब्दुल रहमान की गेंद पर दिव्यांश जोशी (9) ने हवा में शॉट लगाया और वासु वत्स ने कैच लेकर उन्हें भी पेवेलियन की राह दिखा दी। 19 में ओवर में वासु वत्स की गेंद पर पूर्णाक त्यागी (12) ने स्टेट पर शॉट लगाने की सोची, मगर वासु ने उसे कैच पकड़ लिया। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर वासु वत्स की गेंद पर यश गर्ग (4) ने उठाकर शॉट खेलने की सोची लेकिन वहां मौजूद हर्षित सेठी ने कैच पकड़ लिया।

### स्वास्तिक ने फिर ठोका शतक

मेरठ का आठवां विकेट स्वास्तिक चिकारा (101) के रूप में गिरा। अब्दुल रहमान की गेंद पर स्वास्तिक ने



अभिषेक गोस्वामी को कैच दे दिया। स्वास्तिक ने 49 गेंद में सात चौके और आठ छक्कों की मदद से 101 रन बनाएं। विशाल चौधरी 10 और जमशेद आलम एक रन बनाकर नाबाद रहे। मेरठ ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 213 रनों का स्कोर खड़ा किया। गोरखपुर के वासु वत्स ने तीन, अब्दुल रहमान ने दो, सुनील कुमार और ध्रुव प्रताप ने एक-एक विकेट लिया।

### यशोवर्धन और सिद्धार्थ सरवन की जोड़ी ने जिताया गोरखपुर को

गोरखपुर लायंस के यशोवर्धन सिंह और सिद्धार्थ सरवन यादव ने 46 गेंद में 110 रनों की साझेदारी कर गोरखपुर को 8 विकेट से जीता दिया। यशोवर्धन ने 40 गेंद में 10 चौके और तीन छक्कों की मदद से 81 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं, सिद्धार्थ सरवन यादव ने 24 गेंद में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से 61 रनों की नाबाद पारी खेली। यशोवर्धन को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

### अर्ध शतक से चुके कप्तान अभिषेक गोस्वामी

गोरखपुर लायंस के कप्तान अभिषेक गोस्वामी और हर्षित सेठी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने उतरे। पांचवें ओवर में पूर्णांक त्यागी की गेंद पर हर्ष (19) ने स्टेट में शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन त्यागी ने कैच पकड़ लिया। 12वें ओवर पर कप्तानी पारी खेल रहे गोरखपुर लायंस के कप्तान अभिषेक गोस्वामी ने यश गर्ग की गेंद पर डीप मिड विकेट की तरफ शॉट खेल कर पूर्णाक त्यागी को कैच पकड़ा दिया। अभिषेक ने 36 गेंदों पर नौ चौके की मदद से 48 रन बनाए।

### कानपुर सुपरस्टार ने की शानदार शुरुआत

कानपुर सुपरस्टार का मुकाबला लखनऊ फाल्कंस के साथ शुरू हुआ। लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरे कानपुर सुपरस्टार के बल्लेबाज अंश यादव और सौरभ दुबे ने पहले विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी की। 8वें ओवर में यश दयाल की गेंद पर सौरभ दुबे ने हरदीप सिंह को कैच दे दिया। सौरभ ने 28 गेंद पर छह चौके और चार छक्कों की मदद से 56 रनों की पारी खेली।

17वें ओवर में कार्तिकेय जायसवाल की गेंद पर समीर रिजवी ने हरदीप सिंह को कैच दे दिया। समीर ने 29 बॉलों पर पांच चौके और छह छक्कों की मदद से 69 रन बनाए। 18वें ओवर में यश दयाल की गेंद पर अंश ने एक्स्ट्रा कवर पर शॉट खेला लेकिन वहां मौजूद खिलाड़ी ने कैच ले लिया। अंश ने 45 बॉलों पर छह चौके और दो छक्कों की मदद से 61 रन बनाएं। 19वें ओवर में कार्तिकेय जायसवाल की गेंद पर कानपुर के कप्तान अक्शदीप नाथ (2) क्लीन बोल्ड हो गए। अगली ही गेंद पर प्रांजल सैनी बिना खाता खोले एलबीडब्ल्यू हो गए। कानपुर ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 221 रनों बनाए।

### आराध्य की बल्लेबाजी से जीता लखनऊ

लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ फॉल्कंस की टीम का पहला विकेट अंजनेय सूर्यवंशी के रूप में गिरा। पांचवें ओवर में अंकित राजपूत की गेंद पर अंजनेय ने प्रशांत सैनी (39) को कैच थमा दिया। लखनऊ का दूसरा विकेट प्रियम गर्ग के रूप में गिरा। 12वें ओवर में विनीत पंवार ने प्रियम गर्ग को बोल्ड कर दिया। प्रियम ने 27 गेंद पर चार चौके और चार छक्कों की मदद से 54 रनों की पारी खेली। दूसरे विकेट के लिए हर्ष त्यागी और प्रियम गर्ग के बीच 75 रनों की साझेदारी हुई।

## पाकिस्तान रवाना हुए बीसीसीआई अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

# मुंबई आतंकी हमले के बाद क्रिकेट डेलीगेशन का पहला दौरा; शुक्ला बोले- सिर्फ क्रिकेट पर फोकस, राजनीति नहीं



**जालंधर।**

मुंबई में आतंकी हमले के बाद पहली बार बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला सोमवार को अमृतसर के अटारी-बाघा बॉर्डर से पाकिस्तान रवाना हुए। वे यहां एशिया कप का मैच देखेंगे। इसके अलावा लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के ऑफिशियल डिनर में भी शामिल होंगे। अमृतसर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए राजीव शुक्ला ने कहा कि वे 2 दिन पाकिस्तान में रहेंगे। पाकिस्तान एशिया कप का होस्ट है। यह क्रिकेट की विजिट है, इसलिए पूरा फोकस उसी पर होगा। इसमें राजनीति या कोई दूसरी चीजें नहीं हैं। पंजाब के गवर्नर ने हमारे लिए डिनर रखा है। वहां बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें भी होंगी। शुक्ला ने क्रिकेट अलग है। जहां तक गौरव की बात है, भारत सरकार हमें जो कहेगी, हम वही करेंगे। शुक्ला ने भारत-पाक मैच पर कहा कि उसमें इंडिया का टोटल अच्छा था। हालांकि पाकिस्तान को खेलने का मौका नहीं मिला। अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि मैं आखिरी बार 2006 में पाकिस्तान गया था। उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान का मैच ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड की एशेज सीरीज से भी बड़ा होता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा एशियाई क्रिकेट परिषद और अन्य क्रिकेट बोर्डों के सदस्यों को मेगा इवेंट में भाग लेने के लिए निमंत्रण दिया गया, जिसके बाद बिन्नी और शुक्ला पाकिस्तान की यात्रा पर रवाना हुए हैं।

### इसलिए पाकिस्तान भेजे गए

पाकिस्तान इस पर एशिया कप 2023 का मेजबान है। पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका में भी मैच खेले जा रहे हैं। बीसीसीआई के सचिव जय शाह एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं। इस वजह से प्रतिनिधि पाकिस्तान भेजे गए। वहां पर बोर्ड के मौजूदगी दिखानी जरूरी थी।

## मोहन बागान ने 23 साल बाद जीता डूरंड कप

# मैच के लास्ट 30 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेला; फाइनल में ईस्ट बंगाल को हराया

**कोलकाता।**

मोहन बागान सुपर जाइंट्स ने 23 साल बाद डूरंड कप का खिताब जीत लिया है। कोलकाता में खेले गए फाइनल में मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराया। 62वें मिनट में मोहन बागान के एक खिलाड़ी को रेड कार्ड दिए जाने के बाद टीम को आखिरी समय तक 10 खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। मोहन बागान का यह 17वां खिताब है। आखिरी बार साल 2000 में महिंद्रा यूनाईटेड को गोल्डन गोल के जरिए हराकर खिताब जीता था।

### मोहन बागान के लिए इकलौता गोल दिमित्री पेट्राटो ने की

हाफ तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं मैच के 62वें मिनट में मोहन बागान के अनिरुद्ध थापा को रेड कार्ड दिए जाने पर बाहर जाना पड़ा। जिसके बाद मोहन बागान को करीब 30 मिनट तक 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा। वहीं मैच के 71वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी दिमित्री पेट्राटोस ने गोल कर मोहन बागान को 1-0 से बढ़त दिला दी। ये बढ़त अंत तक बरकरार रहा। मोहन बागान ने 2004 के हार का बदला लिया मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल से 2004 के फाइनल में हार



का बदला ले लिया। इस मैच में उन्हें 1-2 से शिकस्त मिली थी। वहीं ईस्ट बंगाल 11 साल से राष्ट्रीय स्तर पर कोई खिताब नहीं जीत पाई हैं। ईस्ट बंगाल ने आखिरी खिताब 2012 में फेडरेशन कप में जीता था।

### मोहन बागान को मिले 60 लाख रुपए

वहीं डूरंड कप विजेता मोहन बागान को 60 लाख रुपए मिले। जबकि रनरअप रही ईस्ट बंगाल को 30 लाख रुपए मिले। वहीं मोहम्मदन स्पोर्टिंग क्लब के डेविड लालह्लानसांग गोल्ड बूट रहे। उन्हें लाख मिले। जबकि इमामी ईस्ट बंगाल के प्रभाशुकन गिल गोल्ड गलव्स रहे। उन्हें 3 लाख रुपए मिले।

# दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक उलटफेर का शिकार; पहला सेट जीतने के बाद गंवाया मैच

**न्यूयॉर्क।**

**यूएस ओपन में दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक को हार का सामना करना पड़ा है। महिला एकल के अंतिम-16 के मैच में वह उलटफेर का शिकार हुईं और हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। पूर्व फ्रेंच ओपन विजेता जेलेना ओस्टापेंको ने उन्हें 6-3, 3-6, 1-6 से हराया। यह लगातार आठवां साल है, जब डिफेंडिंग चैंपियन खिलाड़ी फाइनल में नहीं पहुंच पाई हैं। सेरेना विलियम्सन आखिरी महिला खिलाड़ी थीं, जिन्होंने अपने खिताब की रक्षा की थी। उन्होंने 2012 से 2014 के बीच लगातार तीन ट्रॉफी जीती थीं।**

अगर कोई था जो न्यूयॉर्क में स्वियातेक को हराने की क्षमता रखता था, तो वह जेलेना ही थीं, जिसने सोमवार को स्वियातेक के खिलाफ लगातार चौथी जीत हासिल की। जेलेना ने स्वियातेक के खिलाफ अपनी बादशाहत बरकरार रखी है।

मैच की शुरुआत में स्वियातेक ने 2017 फ्रेंच ओपन विजेता के खिलाफ पहला सेट जीता और लगा कि वह आसानी से अंतिम-8 में जगह बना लेंगी। हालांकि, इसके बाद जेलना ने दमदार वापसी की और




बाकी दो सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच से पहले स्वियातेक ने जेलेना के खिलाफ तीन मैच में सिर्फ एक सेट जीता था, लेकिन ये तीनों मैच स्वियातेक के दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी बनने से पहले हुए थे। ऐसे में स्वियातेक को पूरा भरोसा था कि वह यह मैच जीत सकती हैं।

दुनिया की शीर्ष खिलाड़ी ने शानदार शुरुआत की और बढ़त बना ली। 5-3 के स्कोर पर जेलेना ने वापसी करने की कोशिश की, लेकिन स्वियातेक ने आसानी से पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद जेलेना लय में लौटीं और दूसरा सेट 6-3 से अपने नाम किया। इसके बाद जेलेना का आत्मविश्वास लौटा और स्वियातेक को हार का डर सताने लगा। इसका फायदा उठाकर जेलेना ने आखिरी सेट 6-1 से जीता और मैच भी अपने नाम कर अंतिम-8 में जगह बना ली।

## कोलंबो से शिफ्ट हो सकते हैं एशिया कप मुकाबले

# शहर में बाढ़ जैसे हालात, सुपर-4 स्टेज के लिए कैंडी और दाम्बुला के ऑप्शन

**नई दिल्ली।**

एशिया कप 2023 में सुपर-4 स्टेज के मैच कोलंबो से किसी और शहर में शिफ्ट हो सकते हैं। कोलंबो में इस वक्त बाढ़ जैसे हालात हैं, जिसे देखते हुए श्रीलंका के कैंडी या दाम्बुला शहर में मैच कराए जा सकते हैं। कोलंबो में फाइनल और सुपर-4 स्टेज के 5 मैच होने हैं। एशिया कप में सुपर-4 स्टेज 6 सितंबर से शुरू होगा। पहला मुकाबला पाकिस्तान के लाहौर में खेला जाएगा, वहीं बाकी मुकाबले कोलंबो में होंगे।

### कोलंबो में लगातार बारिश हो रही

एशियन क्रिकेट काउंसिल के सूत्रों के अनुसार, कोलंबो में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। शहर में बाढ़ जैसे हालात हो रहे हैं और अगले कुछ दिन भी भारी बारिश का अनुमान लगाया गया है। जिसे देखते हुए कोलंबो में होने वाले सुपर-4 स्टेज के मैच कहीं और कराए जा सकते हैं।

कोलंबो में सुपर-4 स्टेज का पहला मैच 9 सितंबर को होगा, शहर में इसके बाद 15 सितंबर तक 4 और मैच होंगे। 17 सितंबर को एशिया कप का फाइनल मुकाबला भी कोलंबो में ही होने वाला है।

### 10 सितंबर तक बारिश की संभावना

कोलंबो में पूरे दिन बारिश हुई। शहर में बिजली गिरने के साथ तेज बारिश की संभावना है। इस दौरान टेम्प्रेचर 26 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जिस कारण किसी भी तरह की आउटडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटी पॉसिबल होने के चांस खत्म हो जाएंगे। एशियन क्रिकेट काउंसिल कोलंबो में बारिश को ध्यान में रखते हुए मैच वेन्यू शिफ्ट कराने की




प्लानिंग कर रही है। कैंडी और दाम्बुला में सुपर-4 के मैच कराए जा सकते हैं। कैंडी में अब तक ग्रुप स्टेज के 2 मैच खेले गए हैं। श्रीलंका-बांग्लादेश मैच का नतीजा निकला, जबकि भारत-पाकिस्तान मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा। अब इसी मैदान पर 4 सितंबर को भारत और नेपाल के बीच ग्रुप स्टेज का मैच होना है, जिस पर भी बारिश का खतरा मंडरा रहा है।

### सुपर-4 में भारत-पाकिस्तान मैच भी होने की उम्मीद

भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला बारिश के कारण कैंडी में बेनतीजा रहा था। दोनों टीमें अब सुपर-4 स्टेज में एक बार फिर आमने-सामने हो सकती हैं। पाकिस्तान ने 3 पॉइंट के साथ सुपर-4 में क्वालिफाई कर लिया है। टीम इंडिया अगर नेपाल के खिलाफ मैच जीतने में कामयाब हो जाती है तो टीम सुपर-4 में क्वालिफाई कर जाएगी। दोनों के बीच मैच अगर बारिश के कारण बेनतीजा रहा तो भी भारत 2 पॉइंट्स के साथ सुपर-4 में क्वालिफाई कर जाएगा, क्योंकि नेपाल इस वक्त जीरो पॉइंट के साथ ग्रुप-ए में आखिरी नंबर पर है।

तय शेड्यूल के अनुसार क्वालिफाई करने पर भारत का सुपर-4 में पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ ही होगा। ये मुकाबला फिलहाल 10 सितंबर को कोलंबो के मैदान पर कराया जाना है। सुपर-4 में भारतीय टीम के बाकी 2 मैच 12 और 15 सितंबर को होने हैं, लेकिन ये मुकाबले किन टीमों से होंगे, ये ग्रुप-बी के सभी मैच खत्म होने के बाद ही कन्फर्म हो पाएगा।

### बारिश के मौसम में श्रीलंका में मैच कराए ही क्यों

भारत की वजह से एशिया कप के मैच श्रीलंका में आयोजित कराए गए। एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है, पूरे मैच पाकिस्तान में ही होने थे, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने राजनीतिक कारणों से अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया। भारत की समस्या के कारण एशिया कप के 4 मैच पाकिस्तान और 9 मैच श्रीलंका को मिले। पाकिस्तान में इस वक्त गर्मी का मौसम है, वहां बारिश नहीं हो रही। पाकिस्तान और नेपाल के बीच टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में भी धूप छाई रही। वहीं अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच लाहौर में मुकाबला भी बगैर बारिश के ही खेला गया।

## लिवर में सूजन के उपचार का नया तरीका

शोधकर्ताओं ने खून और लिवर में मौजूद ट्राइग्लिसराइड्स (वसा का प्रकार) की खोज की है जो लिवर में स्वतंत्र रूप से इंसुलिन का प्रभाव पैदा करता है। इस खोज से टाइप 2 डायबिटीज (मधुमेह) के सबसे बड़े रहस्यों में से एक से पर्दा उठ गया है और लिवर में सूजन के उपचार का नया तरीका मिला है। टाइप 2 मधुमेह में लिवर द्वारा पैदा ब्लड शुगर को कम करने में इंसुलिन कामयाब नहीं होता है।



## स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद कैटरपिलर वॉक

कैटरपिलर वॉक बेहद लाभकारी व्यायाम है इसके लिए जमीन पर पुश-अप पोजीशन में आइए। दोनों हाथ जमीन पर और पैरों का वजन पंजों पर। पहले अपना दायां पैर आगे लेकर आएं, उसके बाद बायां पैर आगे लाएं। याद रहे हथेलियां जमीन पर टिक रहें। इसके बाद हथेलियों के सहारे धीरे-धीरे आगे चलें और बाद में पैरों को भी आगे ले जाएं। फिर पीछे की तरफ मुड़े और दोबारा इस प्रक्रिया को करें।



# बीमारी नहीं विकार है OCD




ओसीडी को मजबूरी या ऑब्सेशन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है क्योंकि कई लोग जब इससे ग्रसित होते हैं तो उनकी स्थिति को दूसरा व्यक्ति आसानी से समझने का प्रयास करता है।

**ओसीडी** से ग्रसित लोग, उनके जुनूनी आवेगों, विचारों और आग्रहों की अनदेखी करते रहते हैं और खुद को ही सही मानते हैं। उन्हें अंदरूनी भय होता है और वो उससे अकेले ही फाइट करने में जुटे रहते हैं। साधारण शब्दों में कहा जाएं, तो ओसीडी से ग्रसित लोग, साधारण बातों में भी बखेड़ा कर देते हैं और अपनी ही सोच को थोपने का प्रयास करते हैं।

सामान्य तौर पर, ओसीडी से ग्रसित लोग खुद को हर समय अकेला महसूस करते हैं, उन्हें लगता है कि वो असहाय हैं और किसी को भी उनकी परवाह नहीं है। ये व्यवहार उनके मन में दिन में कई बार आ सकता है या वो कुछ-कुछ समय पर इसके शिकार हो जाते हैं। ओसीडी से पीड़ित लोग, अपने मन में सबसे ज्यादा मनगंढत कहानियों को बनाते हैं, वो अलग ही पिक्चर को क्रिएट करते रहते हैं।



इस प्रकार के रोगियों के तर्क बेहद बेकार और बिना सिर पैर के होते हैं। लेकिन वे दूसरों का जीवन, अपने व्यवहार से खराब कर देते हैं। ओसीडी से बच्चे भी प्रभावित हो सकते हैं। टीनएज की लड़कियां या लड़के, अक्सर स्कूली दिनों में इससे ग्रसित हो जाते हैं। ऐसे में बच्चे के माता-पिता को खास ध्यान रखना चाहिए।

पिछले दशक में क्लीनिकल अध्ययन में यह स्पष्ट हो चुका है कि यह मानसिक विकार, दवाईयां और थेरेपी के माध्यम से सही किया जा सकता है। इसके उपचार में कुछ दवाईयों को नियमित रूप से निश्चित समय तक दिया जाता है ताकि व्यक्ति खुद को बैलेंस कर सके और अपने मूड स्वींग पर काबू पा सकें। थेरेपी से उसे सही और गलत के बारे में बताया जाता है। यह कोई शर्मनाक बीमारी नहीं है, जो कि लाइलाज हो। यह एक प्रकार का विकार है, जिसे आसानी से ठीक किया जा सकता है।



# बाला के औषधीय गुण



**सिडा** कोर्डिफोलिया और कंट्री मैलो को ही आयुर्वेद में बाला कहा जाता है। बाला का शाब्दिक अर्थ है ताकत। मतलब यह कि बाला के जरिए हम अपने शरीर को ऊर्जा और ताकत से भर सकते हैं। असल में बाला प्राचीन आयुर्वेदिक जड़ी बूटी है जो हड्डियों को, मसल्स को और जोड़ों को मजबूत, ताकतवर बनाने के काम आती है। बाला का वानस्पतिक नाम ही सिडा कोर्डिफोलिया है। यह माल्वाकी परिवार से ताल्लुक रखता है। कुछ लोग बाला को सिडा रेटुसा भी कहते हैं। हिंदी में बाला को बरियारा या खिरैंती नाम से जाना जाता है। बाला के असंख्य औषधीय गुण हैं। इस लेख में इन तमाम खूबियों पर चर्चा करेंगे।

### पित्त से सुरक्षा

पित्त और वात ये दोनों ऐसी समस्या है कब किसे हो जाए, कोई नहीं कह सकता। लेकिन बाला इन दोनों ही बीमारियों के लिए उपयोगी हल है। असल में जो भी बीमारी शारीरिक खराबी के चलते होती है, बाला उन तमाम समस्याओं से लड़ने में मदद करता है। पित्त और वात ऐसी ही दो बीमारियां है जो यकायक हो सकती हैं। आयुर्वेद के मुताबिक ऐसी स्थिति में बाला का उपयोग बेहतर रहता है।

### प्रज्वलनरोधी

बाला में प्रज्वलनरोधी गुण भी समाहित है। इसके अलावा बाला का बाहरी इस्तेमाल कर हम तमाम किस्म के घाव को भी भर सकते हैं। यही नहीं आंखों में सूजन या जलन होने पर भी बाला का पेस्ट लगाया जा सकता है जिससे सूजन और जलन में कमी आती है। इतना ही नहीं जिन लोगों अर्थराइटिस सम्बंधी समस्या है, उनके लिए भी बाला बेहतरीन विकल्प है और जो लोग जोड़ों के दर्द से परेशान हैं, वे भी बाला की मदद से जोड़ों के दर्द से पार पा सकते हैं। असल में बाला से बनने वाले तेल को जोड़ों में लगाया जाता है साथ ही जिस अंग विशेष में जलन हो रही है, वहां भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। दोनों ही स्थितियों में बाला कारगर है।

### नर्व्स के लिए उपयोगी

बाला से बने तेल से यदि आप रोजाना मसाज करते हैं तो यह आपके नर्व्स के लिए उपयोगी है। असल में यह तेल नर्व्स को एक्साइट यानी उत्तेजित करता है। मतलब यह कि जो लोग पैरेलाइज हैं या फिर इस तरह की समस्याओं से ग्रस्त हैं, उनके लिए यह तेल काफी कारगर है। इससे उनके शरीर में उत्तेजना आने की उम्मीद बढ़ जाती है। सवाल है ऐसे में तेल का इस्तेमाल किस प्रकार किया जाए? ऐसे में जरूरी है कि मरीज की अच्छे से मसाज करें। महज तेल लगाकर शरीर न छोड़ें। इसके अलावा सर्विकल स्पोंडिलोसिस, फेशियल पैरालिसिस के मरीजों पर भी यह तेल इस्तेमाल किया जा सकता है।

### बड़ी आंत के लिए लाभकरी

सिडा कोर्डिफोलिया बड़ी आंत की गतिशीलता को नियंत्रित करता है। असल में बाला आंत पौष्टिकता और पानी को सोखता है जो कि शरीर के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इसका मतलब यह है कि यदि आपका पेट खराब है कि बाला का इस्तेमाल अवश्य करें। इससे आपके पेट को राहत मिलेगी और शरीर को आराम।

### कार्डियक टानिक



बाला बेहतरीन कार्डियक टानिक है। मतलब यह है कि इसके सेवन से हृदय सम्बंधी बीमारियां हमसे कोसो दूर रहती हैं। यही नहीं आयुर्वेद के मुताबिक यदि इसका नियमित विशेषज्ञों के कहे अनुसार इस्तेमाल किया जाए तो हैमरेज जैसी घातक बीमारी से भी बचा जा सकता है। आयुर्वेदिक आचार्यो का कहना है कि हृदय सम्बंधी बीमारी होने पर या हैमरेज जैसी घातक बीमारी के चपेट में आए मरीजों के लिए बाला के पौधे उपयोगी है। उन्हें इसके पौधों का इस्तेमाल करना चाहिए। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि किसी विशेषज्ञ की सलाह लें।

### आंतरिक समस्याओं में फायदेमंद

जिन लोगों को मुत्राशय में जलन हो, वे भी बाला का इस्तेमाल आसानी से कर सकते हैं। असल में आयुर्वेद में बाला को बहुत खास महत्व मिला हुआ है। वास्तव में बाला न सिर्फ सामान्य बीमारियों को ठीक करता है बल्कि आंतरिक समस्याओं में भी इसका योगदान अभिन्न है। मुत्राशय में जलन पानी कम पीने से या अन्य समस्याओं के कारण हो सकता है।

# स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं ऑर्थोरेक्सिया



**यह** बात सही है कि हर कोई स्वस्थ खाद्य पदार्थों के चयन पर अधिक ध्यान देकर इसका फायदा उठाना चाहता है। लेकिन स्वस्थ आहार की जरूरत से ज्यादा खोज भी कई बार बीमारी का कारण बन जाती है। जी हां, ऑर्थोरेक्सिया एक ऐसी ही अवस्था है। इस अवस्था में व्यक्ति स्वस्थ आहार की खोज में जुनूनी व्यवहार करने लगता है। ऑर्थोरेक्सिया से पीड़ित व्यक्ति में तनावग्रस्त हो जाता है, वह अक्सर एनोरेक्सिया नर्वोसा या अन्य खाने संबंधित विकार हो जाते हैं। यह समस्या महिलाओं में ज्यादा देखने को मिलती है। ऑर्थोरेक्सिया से पीड़ित व्यक्ति वजन पर ध्यान न देकर खाने पर अधिक ध्यान देता है, उसका ध्यान सही और स्वस्थ आहार की खोज और उनका सेवन करने में अधिक रहता है न कि फिटनेस में। ऐसे लोग खुद को शुद्ध और स्वस्थ होने की भावना देने वाले खाद्य पदार्थों पर स्थिर कर लेते हैं। आर्थोरेक्सिया से ग्रस्त लोगों के व्यवहार और आदतों के बारे में अधिक जानिए इस लेख में।

**ऐसे आहार से बचते हैं:** कृत्रिम रंग होता है, कीटनाशक होते हैं, फैट, चीनी या नमक हो, डेयरी उत्पाद।

**ऑर्थोरेक्सिया के प्रभाव:** ऑर्थोरेक्सिया में स्वस्थ भोजन के प्रति जुनून के बढ़ने पर व्यक्ति समाज और परिवार से दूरी बनाने लगता है। इस समस्या के होने पर ऑर्थोरेक्सिया ईटिंग डिसऑर्डर जैसे एनोरेक्सिया के करीब ले जाता है। ऐसे लोग खुद को दूसरों से बेहतर समझने लगते हैं। ऐसा करना परिवार और दोस्तों के साथ संबंधों पर दबाव डालता है और रिश्ते आहार पैटर्न की तुलना में कम महत्वपूर्ण हो जाते हैं। इस समस्या से लोगों को भरपूर मात्रा में कैलोरी नहीं मिलती है जिसके कारण वे कुपोषण के साथ दिल के मरीज भी हो सकते हैं, इसलिए खुद से अपना डायट चार्ट बनाने की बजाय चिकित्सक की सलाह से बने डायट चार्ट का पालन करें।

### ऑर्थोरेक्सिया के लक्षण

- अस्थमा, पाचन समस्याओं, मूड में कमी, चिंता और एलर्जी जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं।
- चिकित्सक की सलाह के बिना, खाद्य एलर्जी से बचने के लिए खाद्य-पदार्थों से बचाव के तरीकों को खोजना।
- हर्बल उपचार या प्रोबायोटिक्स/माइक्रोबायोटिक्स जैसे उत्पाद के इस्तेमाल में वृद्धि करना।
- ऑर्थोरेक्सिया से पीड़ित लोग 10 खाद्य पदार्थों से अधिक का उपभोग नहीं कर सकते।
- भोजन तैयार करने की तकनीक के अलावा अधिक तर्कहीन चिंता, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों को धोना या बर्तन को स्टेरलाइज करना।
- स्वस्थ आहार के दिशा निर्देशों से हटने पर अपराध की भावना महसूस करना।
- खाने को लेकर अधिक देर तक सोचना।
- नियमित रूप से अगले दिन के भोजन की योजना बनना।
- स्वस्थ आहार खाने के बाद संतुष्टि, सम्मान या आध्यात्मिक पूर्ति जैसी भावनाओं को महसूस करना।
- स्वस्थ आहार का पालन न करने वालों के प्रति अपेक्षा की भावना रखना।
- घर से दूर होने पर स्वस्थ आहार योजना पालन न रख पाने का डर।
- खाने के बारे इसी तरह के विचार ना रखने वाले दोस्तों या परिवार के सदस्यों से दूरी।
- बाहर के खाने और दूसरों द्वारा पकाए गए खाने से दूरी।
- अवसाद, मिजाज या चिंता का बिगड़ना।

### गुलाबी मौसम में रंगों के नए ट्रेंडस से बदलिए अपनी स्टाइल

# ब्लैक एंड व्हाइट कलर सर्दियों में रखेगा यंग

ठंड का मौसम सेहत के साथ कपड़ों की नई-नई स्टाइल के लिए भी बेहतरीन माना जाता है। इस गुलाबी मौसम में रंगों का भी अपना महत्व है। सर्दियों में सबसे ज्यादा ब्लैक एंड व्हाइट कलर बॉडी को हॉट, यंग और स्टाइलिश लुक देता है।



रंग हमारे तनावग्रस्त जीवन में राहत पहुंचाते हैं और हमें खुश रखते हैं। विंटर्स में बोल्ड, वाइब्रेंट और ब्राइट कलर्स के आउटफिट्स वार्म लुक देते हैं, लेकिन ब्लैक एंड व्हाइट कलर कॉम्बीनेशन इस हॉट सीज़न में आपका चार्म बढ़ा देगा। यंग दिखने का यह सबसे आसान तरीका है। इस कॉम्बीनेशन से चेहरे पर ग्लो बढ़ जाता है और यह फेमिनिटी और सेंसुएलिटी को भी उभारता है।

अगर आप फ्लावर पैटर्न कॉस्च्यूम्स और कलर-ब्लॉक के ट्रेंड से बोर हो चुके हैं तो ब्लैक-व्हाइट स्टाइल ट्राई करें, यह आपको खूबसूरत अहसास देगा। यह कॉम्बीनेशन आपको रेगुलर ड्रेस से अलग लुक देगा। ब्लैक एंड व्हाइट को पॉप ऑफ कलर भी कहते हैं। यह कभी भी फैशन से बाहर नहीं होता। वूमेन ऑफिसर्स में तो यह ब्लैक एंड व्हाइट सबसे ज्यादा फैमिलियर है, लेकिन इस कॉम्बीनेशन के क्रिएटव डिज़ाइंस की बदौलत अब यंग गर्ल्स भी इसे सबसे ज्यादा चूज़ कर रहे हैं। आप ड्रेसिंग से लेकर एसेसरीज, शूज, ज्वेलरी आदि भी ब्लैक एंड व्हाइट में ट्राई कर सकती हैं। फिर चाहे ब्ल्ैक एंड



व्हाइट स्ट्राइप्स हों, चेक्स या प्रिंट। ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटिड टॉप फार्मल और कैजुअल, दोनों लुक के लिए परफेक्ट है। एक कॉमन कलर कॉम्बीनेशन में होने की वजह से इसके किसी भी सॉलिड कलर के लोअर के साथ पहना जा सकता है। जींस हो या ट्राउज़र या कोई पैंट्स..ये टॉप किसी के भी साथ अच्छा लगेगा। इसके साथ कुछ गोल्ड या सिल्वर एसेसरीज एड करके डे टाइम हाई टी लुक को नाईट आउट लुक में बदल सकती हैं।

# मेडिकल लैब टेक्नीशियन में बेहतरीन कॅरियर

*मेडिकल लैब टेक्नीशियन, डॉक्टरों के निर्देश पर काम करते हैं। उपकरणों के रख-रखाव और कई तरह के काम इनके जिम्मे होता है। लैबोरेटरी में नमूनों की जांच और विश्लेषण में काम आने वाला घोल भी लैब टेक्नीशियन ही बनाते हैं। इन्हें मेडिकल साइंस के साथ-साथ लैब सुरक्षा नियमों और जरूरतों के बारे में पूरा ज्ञान होता है। लैब टेक्नीशियन के रूप में आप अपने कॅरियर का चुनाव कर सकते हैं। इसकी विदेशों में भी काफी मांग है।*

### नेचर ऑफ वर्क

नमूनों के परिणामों का विश्लेषण पैथोलॉजिस्ट या लैब टेक्नोलॉजिस्ट ही कर सकता है। जांच के दौरान एमएलटी कुछ सैम्पलों को आगे की जांच या फिर जरूरत के अनुसार उन्हें सुरक्षित भी रख लेता है। एमएलटी का काम बहुत ही जिम्मेदारी और चुनौती भरा होता है। इसमें धैर्य और निपुणता की बड़ी आवश्यकता होती है। जमा किए गए डाटा की सुरक्षा और गोपनीयता की भी जिम्मेदारी उसकी होती है। मेडीकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट में सर्टिफिकेट डिप्लोमा, डिग्री एवं मास्टर्स के दौरान बेसिक फिजियोलॉजी, बेसिक बायोकैमिस्ट्री एंड ब्लड बैंकिंग, एनाटोमी एंड फिजियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी, एनवायरनमेंट एंड बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी एवं अस्पताल प्रशिक्षण दिया जाता है।

### अपॉर्चुनिटीज

सामान्य तौर पर एक एमएलटी का वेतन 10 हजार से शुरू होता है जबकि पैथोलॉजिस्ट को 30 हजार रुपए से 40 हजार रुपए तक सैलरी मिल जाती है। साथ ही योग्यता और तजुर्बे के आधार पर उनके वेतन में इजाफा होता चला जाता है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी इनकी खासी मांग है। आप किसी भी मेडिकल लैबोरेटरी में काम कर सकते हैं। ब्लड बैंक में इनकी खासी मांग रहती है।

### स्टडी सेंटर्स...

- डेल्ही पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली
- शिवालिक इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़
- पैरामेडिकल कॉलेज, दुर्गापुर, बंगाल
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, लखनऊ
- डिपार्टमेंट ऑफ पैथालॉजी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी

## रेसिपी

### चॉकलेट इडली केक



**सामग्री**

एक चौथाई कप मैदा, एक चौथाई कप सूजी, 2 टेबल स्पून कोको पाउडर, आधा कप दही, 4 चम्मच चीनी, एक चौथाई कप दूध, एक चौथाई टी स्पून बेकिंग सोडा, 1 टी स्पून वनीला एसेंस, 2 चम्म्च रिफाइंड तेल। **सजाने के लिए:** चॉकलेट सॉस, कैडबरी जेम्स

**विधि**

एक बाउल में दही, चीनी डालकर अच्छी तरह फेंट लें। अब इसमें तेल और वनीला एसेंस भी डाल दें। सूजी और कोको पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला लें और 5 मिनट के लिए रख दें। अब इसमें पानी मिलाकर गाढ़ा घोल बना लें। बेकिंग सोडा भी डाल दें। मैदा डालकर हल्के हाथ से मिलाएं। एक इडली स्टैंड में तेल लगा कर चम्मच से सांचों में घोल भर दें। इडली की तरह 5-7 मिनट भाप में पकाएं। सर्विंग प्लेट में निकालकर चॉकलेट सॉस और जेम्स से सजाकर सर्व करें।

### ग्रीन पीस् आम्बटी



**सामग्री**

3 1/4 कप उबाले और आधे कुचले हुए हरे मटर, 2 स्पून तेल, 1/2 कप कटा हुआ प्याज, 2 स्पून कसा हुआ नारीयल, 1 स्पून खड़ा धनिया, 50mm.(2) दालचीनी का टुकड़ा, 1 स्पून ज़ीरा, 3 लौंग, 3 कालीमिर्च, 6 कश्मीरी लाल मिर्च, 6 लहसुन की कलियां, 2 कप कटे हुए टमाटर, नमक स्वादअनुसार, **सजाने के लिए:** 2 स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया

**विधि**

एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन मे 1 टेबल-स्पून तेल गरम करें, प्याज़, नारियल, खड़ा धनिया, दालचीनी, ज़ीरा, लौंग, कालीमिर्च और सूखी कश्मीरी लाल मिर्च डालकर मध्यम आंच पर कम से कम 3-4 मिनट भूनें। आंच से हठाकर हल्का ठंडा कर लें। ठंडा करने के बाद, मिक्सर मे पीसकर थोड़े पानी के साथ मुलायम पेस्ट बना लें। एक तरफ रख दें। टमाटर को मिक्सर मे पीसकर मुलायम पल्प बनाकर एक तरफ रख दें। एक गहरी कढ़ाई मे बचा हुआ 1 टेबल-स्पून तेल गरम करें, तैयार किया हुआ पेस्ट डालकर मध्यम आंच पर 2 मिनट भूनें। हरे मटर, टमाटर का पल्प, नमक और 1 कप पानी डालकर अच्छी तरह मिलाएं और मध्यम आंच पर लगातार हिलाते हुए 4-5 मिनट तक पकाएं। धनिया से सजाकर गरमा गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**